ಶುಭ್ ಲಾಭ್
खबरें जो सोच बदल दे
शुभ लाभ
DAILY




कर्नाटक की सभी 28 लोकसभा सीटों पर पीएम मोदी की लहर: बीवाई विजयेंद्र @ नम्मा बेंगलूरु

Postal Regd.No. HQ/SD/523/2023-25 । रविवार, 24 मार्च, 2024 । हैदराबाद और नई दिल्ली से प्रकाशित । epaper.shubhlabhdaily.com । संपादक : गोपाल अग्रवाल । पृष्ठ : 14 । मूल्य-6 रु.। वर्ष-6 । अंक-83

### चीन और पाकिस्तान को भारत ने दी स्पष्ट चेतावनी

# पाक पोषित आतंकवाद अब बर्दाश्त नहीं



- भारतीय इलाके पर चीन का दावा मजाकिया
- अब आतंकवाद को नजरअंदाज नहीं जाएगा
- अरुणाचल भारतवर्ष का अभिन्न हिस्सा है
- अपनी बचकानी हरकतों से बाज आए चीन

**सिंगापुर, 23 मार्च (एजेंसियां)।** विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर सिंगापुर दौरे पर हैं। इस दौरान भारत के पड़ोसी देशों से रिश्तों पर जुड़े सवालों पर उन्होंने बेबाकी से जवाब दिए। डॉ जयशंकर ने साफ कहा कि पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद को भारत अब बिल्कुल सहन नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान उद्योग स्तर पर आतंकवाद को प्रायोजित कर रहा है। भारत इस समस्या को नजरअंदाज नहीं करेगा। विदेश मंत्री ने एक अन्य पड़ोसी चीन के बारे में भी जवाब दिया। पूर्वोत्तर भारत में अरुणाचल प्रदेश से लगी चीन की सीमा और भारतीय भूभाग पर चीन के दावों को लेकर एक सवाल के जवाब में डॉ. जयशंकर ने कहा कि चीन के दावे हास्यास्पद हैं। चीन को अपनी बचकानी हरकतों से बाज आना चाहिए।

डॉ. जयशंकर ने रेखांकित किया कि पाकिस्तान लगभग उद्योग स्तर पर आतंकवाद को प्रायोजित कर रहा है। उन्होंने शनिवार को कहा कि भारत का मूड अब आतंकवादियों को नजरअंदाज करने का नहीं है। सिंगापुर की तीन दिवसीय यात्रा पर आए विदेश मंत्री ने नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ सिंगापुर (एनयूएस) के इंस्टीट्यूट ऑफ साउथ एशियन स्टडीज (आईएसएएस) में यह बात कही। पाकिस्तान के साथ भारत के संबंधों पर एक सवाल के जवाब में विदेश मंत्री ने कहा, हर देश एक स्थिर पड़ोस चाहता है और कुछ नहीं तो आप कम से कम एक शांत पड़ोस तो चाहते हैं। बकौल जयशंकर, दुर्भाग्य से, भारत के साथ ऐसा नहीं है।

अपनी किताब व्हाई भारत मैटर्स से जुड़े व्याख्यान के बाद सवाल-जवाब के दौरान विदेश मंत्री ने कहा, पाकिस्तान भारत के खिलाफ आतंकवाद को प्रायोजित कर रहा है। जयशंकर ने सवाल किया कि आप ऐसे पड़ोसी से कैसे निपटेंगे जो इस तथ्य को नहीं छिपाता है कि वे आतंकवाद को शासन के साधन के रूप में इस्तेमाल करता है?

उन्होंने मामले की गंभीरता को रेखांकित करते हुए कहा, यह एक बार होने वाली घटना नहीं निरंतर ऐसा हो रहा है, लगभग उद्योग स्तर पर, इसलिए भारत इस निष्कर्ष पर पहुंचा है कि हमें (खतरे) को संबोधित करने का एक तरीका ढूंढना होगा। समस्या से बचने का यही तरीका है। यह केवल और अधिक परेशानी ही आमंत्रित करता है। विदेश मंत्री के मुताबिक उनके पास इन मुद्दों का कोई तात्कालिक समाधान नहीं, लेकिन इतना स्पष्ट है कि भारत अब इस समस्या को नजरअंदाज नहीं करेगा। हम यह नहीं कहने जा रहे कि ठीक है, ऐसा हुआ और आइए दोनों देश अपनी बातचीत जारी रखें। हमें उस समस्या का सामना करने के लिए पर्याप्त ईमानदार होना चाहिए, चाहे वह कितनी ही कठिन क्यों न हो, हमें दूसरे देश को यह कहकर खुली छूट नहीं देनी चाहिए कि वे बेबस-लाचार हैं और बहुत बड़ी समस्या से घिरे है। समस्या भले ही कठिन है, बहुत कुछ दांव पर भी लगा है, लेकिन दूसरी चीजों को हमें नजरअंदाज कर समस्या को दूर करने पर ध्यान देना चाहिए।

चीन की विस्तारवादी नीति और अरुणाचल प्रदेश में भारतीय भूभाग पर उसके दावों पर विदेश मंत्री ने कहा, सीमांत राज्य अरुणाचल भारत का स्वाभाविक हिस्सा है। उन्होंने राजनेताओं के अरुणाचल दौरे का चीनी खेमे से विरोध किए जाने पर कहा, यह कोई नया मुद्दा नहीं है। चीन ने दावा किया है, उसने अपने दावे का विस्तार किया है। ये दावे शुरू में हास्यास्पद थे और आज भी हास्यास्पद बने हुए हैं। बकौल डॉ जयशंकर, मुझे लगता है कि हम इस पर बहुत स्पष्ट और सुसंगत राय रखते हैं। आप जानते हैं कि यह कुछ ऐसा है जो सीमा विवाद से जुड़ी चर्चा का हिस्सा भी बनेगा। बता दें कि चीनी विदेश मंत्रालय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हालिया अरुणाचल प्रदेश यात्रा पर आपत्ति जताई थी।

जयशंकर की टिप्पणी विदेश मंत्रालय द्वारा चीनी रक्षा मंत्रालय के दावों को खारिज करने के कुछ दिनों बाद आई है। उन्होंने कहा, हमने चीनी रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता की तरफ से भारतीय राज्य अरुणाचल प्रदेश के क्षेत्र पर बेतुके दावों से जुड़ी बयानबाजी देखी है। इस संबंध में आधारहीन तर्क दोहराने से ऐसे दावों को कोई वैधता नहीं मिल जाती। अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा था, है और हमेशा रहेगा। इसके लोग हमारे विकास कार्यक्रमों और बुनियादी ढांचा परियोजनाओं से लाभान्वित होते रहेंगे।

### कश्मीर के महाराजा के पोते ने बजाया संयुक्त राष्ट्र में डंका

# अनुच्छेद 370 हटाना मोदी का साहसिक फैसला

- जम्मू कश्मीर के विकास में हुई है उल्लेखनीय क्रांति
- महाराजा हरि सिंह के पोते अजातशत्रु सिंह का बयान



**जिनेवा, 23 मार्च (एजेंसियां)।** जम्मू कश्मीर के महाराजा हरि सिंह के पोते और एमके अजातशत्रु सिंह ने संयुक्त राष्ट्र में अपने संबोधन में जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के भारत सरकार के साहसिक फैसले की सराहना की। महाराजा हरि सिंह के पोते अजातशत्रु सिंह ने 1947 में भारत के साथ क्षेत्र के विलय की संधि पर हस्ताक्षर किए थे। उन्होंने पाकिस्तान के कब्जे में रहने वाले लोगों की दुर्दशा के लिए अपनी गहरी चिंता व्यक्त की और संयुक्त राष्ट्र के हस्तक्षेप की मांग की।

शुक्रवार को संयुक्त राष्ट्र में दिए अपने संबोधन में एमके अजातशत्रु ने कहा कि 2019 में संवैधानिक सुधारों के बाद से क्षेत्र में आतंकवादी घटनाओं में गिरावट दर्ज की गई है। 2004 से 2014 तक जम्मू-कश्मीर में कुल 7,217 आतंकवादी घटनाएं हुईं हालांकि, सुधारों के कारण आतंकवादी घटनाओं में 70 प्रतिशत से अधिक की कमी आई है।

यह सुधार क्षेत्र में शांति और स्थिरता बहाल करने में सरकार के कार्यों की प्रभावशीलता को रेखांकित करता है। अजातशत्रु ने कहा कि पिछले नौ वर्षों में जम्मू और कश्मीर ने बुनियादी ढांचे के विकास में उल्लेखनीय क्रांति दर्ज की गई है, जिसमें नए मेडिकल कॉलेजों, सुरंगों, रेलवे लाइनों और नागरिक बुनियादी ढांचे शामिल है। अविभाजित जम्मू-कश्मीर के राजा करण सिंह के बेटे ने कहा कि ये प्रगति क्षेत्र की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करते हुए हासिल की गई है।

पूर्व मंत्री ने संयुक्त राष्ट्र से पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर के लोगों की स्थिति को सुधारने के लिए सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों के मुताबिक ठोस कदम उठाने की अपील की। उन्होंने कहा कि यह जरूरी है कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय उनकी शिकायतों का समाधान करें और यह सुनिश्चित करे कि उनके मौलिक अधिकारों को बरकरार रखा जाए।

हालांकि, यह स्वीकार करना आवश्यक है कि जम्मू-कश्मीर के सभी हिस्सों को समान रूप से लाभ नहीं हुआ है।

## राजनीतिक दल बिना पैसे के नहीं चलते कुछ देशों में सरकार देती है फंड

*गडकरी बोले- भारत में ये व्यवस्था नहीं इसलिए लाए इलेक्टोरल बॉन्ड*



**मुंबई, 23 मार्च (एजेंसियां)।** केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि कोई भी पार्टी बिना पैसे के नहीं चलती। कुछ देशों में सरकारें राजनीतिक दलों को फंडिंग करती हैं। हमारे देश में ऐसी कोई व्यवस्था नहीं है। इसलिए हम 2017 में अच्छे इरादे के साथ इलेक्टोरल बॉन्ड योजना लाए थे।

बीते कुछ दिनों से देश में इलेक्टोरल बॉन्ड का मुद्दा चर्चा में है। सुप्रीम कोर्ट ने एसबीआई से इलेक्टोरल बॉन्ड का पूरा डेटा मांगा था। 16 मार्च को चुनाव आयोग ने नया डेटा अपनी वेबसाइट पर अपलोड कर दिया था।

गडकरी ने पूर्व वित्त मंत्री अरुण जेटली का जिक्र करते हुए कहा कि जब वे केंद्र में वित्त मंत्री थे, मैं उस चर्चा (इलेक्टोरल बॉन्ड के संबंध में) का हिस्सा था। संसाधनों के बिना किसी भी पार्टी का काम चलना मुश्किल है। इलेक्टोरल बॉन्ड शुरू करने के पीछे मुख्य उद्देश्य यह था कि राजनीतिक दलों को सीधे धन मिले, लेकिन (दानदाताओं के) नाम का खुलासा नहीं किया जाएगा।

इसकी वजह थी कि अगर सत्ता में पार्टी बदलती है तो समस्याएं पैदा होतीं। गडकरी ने कहा कि हम पारदर्शिता लाने के लिए चुनावी बॉन्ड की यह व्यवस्था लाए। हमारा इरादा अच्छा था। अगर सुप्रीम कोर्ट को इसमें कोई कमी नजर आती है और हमें इसमें सुधार करने के लिए कहा जाता है तो सभी दल साथ बैठकर सर्वसम्मति से इस पर विचार करेंगे।

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने बताया कि वह हर संभव गरीब लोगों की मदद करना चाहते हैं। उन्होंने आगे बताया कि वह गरीबों के जीवन में बदलाव लाने के लिए हमेशा काम करते रहेंगे।

# के कविता की रिमांड बढ़ी, 26 तक ईडी की हिरासत में रहेंगी



**हैदराबाद/नई दिल्ली, 23 मार्च (एजेंसियां)।** राष्ट्रीय राजधानी की एक अदालत ने शनिवार को दिल्ली आबकारी नीति घोटाला मामले में आरोपी भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता के कविता की हिरासत 26 मार्च तक बढ़ा दी। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कविता की हिरासत पांच दिन बढ़ाने का अनुरोध किया था। ईडी ने आरोप लगाया है कि तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव की बेटी कविता साउथ ग्रुप का हिस्सा थी, जिसने 2021-22 के लिए अब समाप्त हो चुकी आबकारी नीति के तहत लाभ के बदले में दिल्ली की सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी (आप) को 100 करोड़ रुपये की रिश्वत दी थी। मामले की सुनवाई के दौरान ईडी ने कहा कि कविता का सामना चार लोगों के बयानों और उनके (कविता) फोन से निकाले गए डेटा की फोरेंसिक रिपोर्ट से कराया गया। जांच एजेंसी ने अदालत को बताया कि हैदराबाद में कविता के करीबी रिश्तेदार के घर पर छापेमारी की जा रही है।

### कविता के करीबी रिश्तेदारों के परिसरों पर की ईडी की छापेमारी

हैदराबाद/नई दिल्ली, 23 मार्च (एजेंसियां)। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शनिवार को दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) नेता के. कविता के करीबी रिश्तेदारों के परिसरों पर छापेमारी की। ईडी अधिकारियों ने हैदराबाद के माधापुर इलाके में एक अपार्टमेंट में कविता के. एक रिश्तेदार के फ्लैट पर सुबह-सुबह तलाशी शुरू की। खबर है कि ईडी हिरासत में पूछताछ के दौरान कविता की ओर से दी गई जानकारी के आधार पर कुछ करीबी रिश्तेदारों के परिसरों की तलाशी ली गई। माना जा रहा है कि एजेंसी मामले में उनकी भूमिका की जांच कर रही है।ईडी अधिकारियों ने पहले बीआरएस नेता के दो निजी सहायकों से पूछताछ की और उनके मोबाइल फोन जब्त कर लिए थे। एजेंसी मोबाइल फोन से डेटा डिलीट करने में उनकी कथित भूमिका की जांच कर रही है।

## राहुल गांधी ने ही कहा था केजरीवाल भ्रष्ट हैं आज दिखा रहे एकजुटता : स्मृति ईरानी

*कांग्रेस ने ही दिल्ली पुलिस को पत्र लिखकर शराब घोटाले की दी थी जानकारी*



**नई दिल्ली, 23 मार्च (एजेंसियां)।** केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने दिल्ली शराब नीति घोटाले पर दोहरे रवैये को लेकर कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी की आलोचना की है। स्मृति ने कहा कि केजरीवाल की गिरफ्तारी पर राहुल आज उनके परिवार के साथ एकजुटता दिखा रहे हैं, जबकि पिछले साल उन्होंने तेलंगाना में कहा था कि दिल्ली के मुख्यमंत्री भ्रष्ट हैं। स्मृति ने ये दावा दिल्ली स्थित भाजपा हेडक्वार्टर में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान किया। उन्होंने कहा- राहुल एक ही विषय पर अलग-अलग तरीकों से पासा पलटते हैं। मेरे पास इसका प्रमाण है। स्मृति के मुताबिक, राहुल ने 2 जुलाई 2023 को तेलंगाना में कहा था कि पूर्व सीएम के.चंद्रशेखर राव भी भ्रष्ट हैं। शराब घोटाला हुआ है। सभी एजेंसियों को इसके बारे में पता है। उन्होंने दावा किया था कि भाजपा को शराब घोटाले में केसीआर की बेटी के. कविता की संलिप्तता की जानकारी है।




## अरविंद केजरीवाल को एक और झटका हाईकोर्ट ने तत्काल सुनवाई से किया इनकार

### ठग सुकेश ने केजरीवाल से कहा, तिहाड़ क्लब में स्वागत है



**नई दिल्ली, 23 मार्च (एजेंसियां)।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कथित शराब नीति घोटाला मामले से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा उनकी गिरफ्तारी और छह दिन की रिमांड को हाई कोर्ट में चुनौती दी है। केजरीवाल को ईडी ने 21 मार्च को रात करीब 9 बजे गिरफ्तार किया था। कल, ट्रायल कोर्ट ने उन्हें 28 मार्च तक ईडी की हिरासत में भेज दिया था। याचिका में कहा गया है कि गिरफ्तारी और रिमांड अवैध है और इसलिए केजरीवाल तुरंत रिहा होने के हकदार हैं। केजरीवाल ने मामले को तत्काल सूचीबद्ध करने की मांग की थी। इस पर कोर्ट ने उनकी याचिका को तत्काल सूचीबद्ध और सुनवाई के इनकार कर दिया है। वहीं शनिवार दोपहर केजरीवाल की पत्नी सुनीता ने वीडियो मैसेज में केजरीवाल का संदेश पढ़कर सुनाया। 3 मिनट 21 सेकेंड के इस संदेश में कहा गया कि अब तक मैंने बहुत संघर्ष किया है, आगे भी मेरी जिंदगी में बड़े संघर्ष लिखे हैं। आपा कार्यकर्ताओं से अपील है कि मेरी गिरफ्तारी की वजह से भाजपा वालों से नफरत न करें।

दिल्ली की डिप्टी सीएम आतिशी ने शनिवार को बताया कि हमने चुनाव आयोग से मिलने के वक्त मांगा है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव नजदीक होने के बाद भी दिल्ली में आपा का कार्यालय सील कर दिया गया है। आतिशी ने कहा कि ये कदम संविधान के खिलाफ है। एक विधायक के घर पर रेड मारी गई है। उन्होंने चुनाव आयोग को लिखे पत्र में कहा कि आचार संहिता लगने के बाद भी एजेंसियों के एक्शन को रोकने के लिए फौरन कदम उठाया जाना चाहिए।


## पूर्व सांसद महुआ मोइत्रा के घर सीबीआई का छापा

### लोकपाल के आदेश के बाद एक्शन मोड में जांच एजेंसी




**कोलकाता, 23 मार्च (एजेंसियां)।** टीएमसी नेता महुआ मोइत्रा के कोलकाता स्थित घर पर सीबीआई ने शनिवार को छापा मारा। संसद में पैसे लेकर सवाल पूछने (कैश फॉर क्वेरी केस) के आरोपों को लेकर सीबीआई की टीम उनके घर पर सर्चिंग कर रही है। इतना ही नहीं, टीम कोलकाता तथा अन्य स्थानों पर भी कैश फॉर क्वेरी मामले में छापे मार रही है। इसी केस में महुआ की 8 दिसंबर 2023 को सांसदी गई थी। दरअसल, लोकपाल ने 19 मार्च को केश फॉर क्वेरी केस को लेकर सीबीआई को जांच करने के आदेश दिए थे। साथ ही कहा था कि 6 महीने में केस की रिपोर्ट फाइल कीजिए और हर महीने स्टेटस रिपोर्ट भी पहुंचाइए। लोकपाल के आदेश के बाद सीबीआई ने 21 मार्च को महुआ के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी। महुआ ने 2016 में पहला चुनाव पश्चिम बंगाल के करीम नगर विधानसभा से जीता था। 2019 में वे टीएमसी के टिकट पर कृष्णानगर से लोकसभा चुनाव लड़ी और जीती थीं। टीएमसी सांसद अक्सर अपने बयानों की वजह से चर्चा में रहती हैं। भाजपा नेता निशिकांत दुबे ने महुआ मोइत्रा पर व्यवसायी दर्शन हीरानंदानी से रिश्वत लेने का आरोप लगाया था। इसके साथ उन्होंने टीएमसी सांसद और व्यापारी के बीच नकद और उपहारों के आदान प्रदान होने का भी दावा किया। उन्होंने बताया कि संसद में सवाल पूछने के लिए टीएमसी सांसद और व्यवसायी के बीच पैसों और उपहार का आदान प्रदान होता है। निशिकांत दुबे ने लोकसभा स्पीकर ओम बिरला को पत्र लिखकर टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा के खिलाफ जांच समिति गठित करने और उन्हें सदन से तत्काल निलंबित करने की मांग की थी।

### कार्टून कॉर्नर



### सर्राफ़ा बाज़ार



(24 कैरेट गोल्ड)

सोना : 68,370/- (प्रति 10 ग्राम)

चाँदी : 76,315/- (प्रति किलोग्राम)

### मौसम बेंगलूरु

अधिकतम : $35^0$
न्यूनतम : $24^0$

# वर्षीतप करने वाली तपस्वियों का सम्मान





**बेंगलूरु (शुभ लाभ ब्यूरो)।** तेरापंथ महिला मंडल विजयनगर द्वारा वर्षीतप करने वाली तपस्वियों के लिए तप अभिनंदन एवं अनुमोदना का कार्यक्रम आयोजित किया गया। ₹

कार्यक्रम का शुभारंभ नमस्कार महामंत्र के साथ हुआ। तत्पश्चात तपस्वियों द्वारा मंगलाचरण की प्रस्तुति दी गई। अध्यक्ष मंजू गादिया ने सभी का स्वागत करते हुए तपस्वियों की अनुमोदना की। वर्षीतप करने वाली तपस्वी सुनीता पींचा चंचलबाई मांडोत, मीना बाई मांडोत, किरण बाई पारख, कांता बाई सियाल, सरला देवी पारख का सम्मान मंडल द्वारा पट्ट एवं तप अभिनंदन पत्र के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में बहुत ही सुंदर लघु नाटिका की प्रस्तुति दी गई।

नाटिका में भगवान ऋषभदेव का अपने प्रपोत्र श्रेयांश कुमार के हाथों पारणा हुआ उसकी झांकी प्रस्तुत की गई।

कार्यक्रम में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर भेजे गए वीडियो में एबीटीएमएम द्वारा चयनित वीडियो के लिए प्रियंका गादिया एवं विपुला गोखरू का सम्मान किया गया।

आराधना आराध्या की स्वरचित काव्य रचना - अभिनंदन के स्वर प्रतियोगिता में चयनित काव्य पाठ के लिए उषा सेठिया एवं मोनिका बांठिया का सम्मान मंडल द्वारा किया गया।

सभी तपस्वियों के पारिवारिक जनों ने अनुमोदना करते हुए अपने-अपने विचार व्यक्त किये। मंत्री दीपिका गोखरू ने तपस्वियों का अभिनंदन करते हुए सुमधुर गीतिका का संगान किया। कार्यक्रम का कुशल संचालन उपाध्यक्ष सुमित्रा बरडिया एवं आभार ज्ञापन अंजू सेठिया ने किया। कार्यक्रम में सभी पदाधिकारी, कार्यकारिणी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में भंवरी बाई मिश्रीमल गांधी का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ।

# मासिक तेरस पर भिक्षु धम्म जागरण का आयोजन



**बेंगलूरु (शुभ लाभ ब्यूरो)।** अभातेयुप निर्देशित संस्कार के क्षेत्र में भिक्षू तेरस के अवसर पर शुक्रवार को स्थानीय तेरापंथ भवन में भिक्षु धम्म जागरण का आयोजन हुआ। धम्म जागरण का शुभारम्भ नमस्कार महामंत्र से हुआ।

तेयूप परामर्शक प्रवीण बोहरा, तेयूप संस्थापक अध्यक्ष कन्हैयालालगांधी एवं श्रावक श्राविकाओ ने अपनी सुमधुर आवाज़ से भिक्षु भजनों का संगान कर वातावरण को भिक्षु भक्तीमय बनाकर महामना भिक्षू को भावांजलि अर्पित की।

तेयूप अध्यक्ष देवीलाल गांधी ने पधारे हुए सभी का स्वागत किया। इस अवसर पर टी दासरहल्ली सभा अध्यक्ष नवरतनमल गांधी, तेयूप परामर्शक लादूलाल बाबेल, प्रकाश गांधी, उपाध्यक्ष देवेंद्र बाबेल, अशोक बोहरा, सहमंत्री कैलाश गिलुंडिया,कोषाध्यक्ष लक्ष्मीलाल गांधी, संगठन मंत्री सुनील दक, सदस्य राजेश गांधी एवं ज्ञानशाला के बच्चों की उपस्थिति रही। आभार मंत्री दिलीप पितलिया ने दिया।

## 'नाजुक सा रिश्ता ननद-भाभी का' पर कार्यशाला



**बेंगलूरु (शुभ लाभ ब्यूरो)।** अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल द्वारा निर्देशित नाजुक सा रिश्ता ननद -भाभी का कार्यशाला का आयोजन तेरापंथ महिला मंडल आरआर नगर द्वारा किया गया। अध्यक्ष सुमन पटावरी ने नमस्कार महामंत्र से कार्यशाला प्रारंभ किया। मंडल की बहनों द्वारा प्रेरणा गीत से मंगलाचरण हुआ । अध्यक्ष ने अपने स्वागत वक्तव्य में इस नाजुक से रिश्ते को किस तरह निभाया जाना चाहिए पर अपने विचार रखें। संयोजिका वंदना भंसाली सहसंयोजिका पूनम दुगड ने बहुत ही रोचक एवं सामंजस्य पर आधारित गेम्स खिलाए।

ननद-भाभी की जोड़ी ने कविता-शायरी के माध्यम से एक दूसरे का परिचय दिया। उपस्थित बहनों के बीच इस रिश्ते पर चर्चा भी हुई। संभागीय सभी जोड़ियां को प्रोत्साहित किया गया। प्रथम रही प्रेम बैद- सुमन मालू, द्वितीय कविता बैद- गरिमा मालू एवं तृतीय स्थान पर रजनी बैद- पूजा नाहटा। इन सबको पुरस्कृत किया गया। कुल नौ जोड़ियां ने भाग लिया। निर्णायक की भूमिका में सहयोग रहा पूर्व अध्यक्ष लता बाफना एवं प्रचार प्रसार मंत्री पूनम दक। अपने विचार रखते हुए लता बाफना ने कहा कि इस रिश्ते में पारदर्शिता ,सहनशीलता और मर्यादित रहते हुए और मजबूत बनाया जा सकता है। कार्यक्रम का संचालन वंदना भंसाली एवं पूनम दूगड़ ने किया । मंत्री पदमा महेर ने आभार व्यक्त किया ।

## धनवानों को सहजता से निद्रा नहीं आती : विनय मुनि खींजन

**बेंगलूरु (शुभ लाभ ब्यूरो)।** चेतना अध्यात्म केन्द्र, स्वामी विवेकानंद योग अनुसंधान संस्थान, जीगणी, बेंगलुरु में विराजित विनय मुनि जी ''खींचन ने सत्संग की सुरभि कार्यक्रम में कहा कि मनुष्य की विचित्र सोच है, कभी रिश्तो को महत्व देता है तो कभी रिश्तो से ज्यादा पैसे को अधिक महत्व देता है। जब भी मानव- ने धन को अधिक महत्व दिया है, वह भीतर से कमजोर ही हुआ है।

उन्होंने कहा कहा, सुनते हैं प्रायः धनवानों को सहजता से निद्रा भी नहीं आती जबकि मजदूरों को प्रायः निद्रा शीघ्र आ जाती है।

# भिक्षु भक्ति धम्म जागरण का आयोजन



**बेंगलूरु (शुभ लाभ ब्यूरो)।** फाल्गुन सुदी तेरस शुक्रवार को भिक्षु भक्ति संध्या का आयोजन महाश्रमण सुर संगम द्वारा कटारिया निवास स्थान हनुमंतनगर पर किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मंगल-ाचरण से हुआ।महाश्रमण सुर संगम प्रभारी सन्नी रांका , सह प्रभारी सुरेश कोठारी तेयुप अध्यक्ष अंकुश बैद, परमार्शक विक्रम पुगलिया , सह मंत्री देवेंद्र आँचलिया , राहुल मेहता ने अपनी प्रस्तुतियो से पूरे माहौल को भिक्षुमय बना दिया। तेरस की इस रात को भिक्षु स्वामी को याद कर हम सब उनके अनुयायी उनके त्याग , मनोबल व तेरापंथ धर्म को दि हुवी सौगात के गुणगान कर गौरान्वित अनुभव करते है।

तेयुप एचबीएसटी अध्यक्ष अंकुश बैद ने कटारिया परिवार को इस आयोजन करवाने के लिए साधुवाद देते हुवे परिषद् के इस उपक्रम हर घर भिक्षु स्वर के बारे में जानकारी दी और ज्ञात कराया कि इस का लाभ परिषद परिवार के हर घर तक पहुँचाना है इसके लिए तेयुप प्रतिबद्ध है । परिवार से सज्जन राज कटारिया ने प्रस्तुतियों की प्रशंसा करते हुए तेयुप हनुमंतनगर व परिषद् संचालित महाश्रमण सुर संगम टीम का धन्यवाद ज्ञापन कर इस कार्यक्रम के रूप रेखा हर तेरस हर घर भिक्षु स्वर को सराहा।

इस उपलक्ष्य में तेयुप परमार्शक धर्मेश कोठारी, निवर्तमान अध्यक्ष महावीर चावत, उपाध्यक्ष महावीर कटारिया, मंत्री राजीव हिरावत, सह मंत्री द्वितीय सुमित चिंडालिया, कोषाध्यक्ष गौतम चावत, संघठन मंत्री दीक्षित सोलंकी कार्यकारणी सदस्य में ललित बाफ़ना, सवरूप चोपड़ा, संदीप चौधरी, संजय कटारिया व परिषद् साथियों सहित परिवारिक जनों की उपस्थिति रही।

### कोर्ट ने कैफे विस्फोट संबंधी टिप्पणी पर

# केंद्रीय मंत्री शोभा करंदलाजे के खिलाफ जांच पर लगाई रोक




**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** कर्नाटक उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को बेंगलूरु में एक विरोधप्रदर्शन के दौरान दिए गए अपने बयान पर भाजपा सांसद और केंद्रीय मंत्री शोभाकरंदलाजे के खिलाफ दायर एक आपराधिक मामले में आगे की जांच पर रोक लगा दी,जहां उन्होंने यहां रामेश्वरम कैफे विस्फोट में एक संदिग्ध को तमिलनाडुसे जोड़ा था। चुनाव आयोग के फ्लाइंग स्क्वाड ने मामला शुरू किया,जो कॉटनपेट पुलिस स्टेशन में लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा123(3), 123(3ए) और 125 के तहत दर्ज किया गया था। ये धाराएँ भारत केनागरिकों के विभिन्न वर्गों के बीच धर्म, नस्ल, जाति, समुदाय या भाषा के आधार परशत्रुता या घृणा की भावनाओं को बढ़ावा देने का उल्लेख करती हैं।

एकल न्यायाधीश पीठ की अध्यक्षता कर रहे न्यायमूर्ति कृष्ण एस दीक्षित ने संबंधित पक्षोंको नोटिस जारी किया और चल रही जांच को रोक दिया। न्यायाधीश नेकरंदलाजे को अपने सार्वजनिक बयानों में सावधानी बरतने की सलाह दी और इस बातपर जोर दिया कि सभ्य समाज को बनाए रखने के लिए सभी दलों के नेत-ाओं को संयमदिखाना चाहिए। उन्होंने इस तरह की मर्यादा बरकरार नहीं रखने पर भारत के भविष्यको लेकर चिंता व्यक्त की। मंगलवार को बेंगलूरु में एक विरोध प्रदर्शन केदौरान करंदलाजे ने दावा किया था कि कर्नाटक में कानून-व्यवस्था खराब होगई है। उन्होंने दावा किया कि तमिलनाडु से आने वाले लोग यहां बम लगातेहैं, दिल्ली से आने वाले लोग 'पाकिस्तान जिंदाबाद' के नारे लगाते हैं और केरल सेआने वाले कुछ लोग 'एसिड हमलों' में शामिल होते हैं। बाद में उन्होंनेअपनी टिप्पणियों के लिए माफी मांगी और कहा कि वह उन्हें वापस ले रही हैं।करंदलाजे का प्रतिनिधित्व कर रहे वकील वेंकटेश दलवई ने तर्क दिया कि कथितअपराध वास्तव में चुनावी अपराध नहीं थे।

अदालत ने आरोपों की गंभीरता पर सवालउठाते हुए और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का आह्वान करते हुए कहा कि भारत जैसेलोकतांत्रिक समाज को नाजी जर्मनी जैसे अधिनायकवादी शासन की तरह भाषण कोप्रतिबंधित नहीं करना चाहिए। अदालत ने आरोपों की गंभीरता पर सवाल उठातेहुए और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का आह्वान करते हुए कहा कि भारत जैसेलोकतांत्रिक समाज को नाजी जर्मनी जैसे अधिनायकवादी शासन की तरह भाषण कोप्रतिबंधित नहीं करना चाहिए। सरकार के वकील ने मामला दर्ज करने में फ्लाइंगस्क्वाड अधिकारी की संलिप्तता का उल्लेख किया, और भारतीय दंड संहिता(आईपीसी) की एक अलग धारा के तहत संभावित आरोपों का सुझाव दिया। नतीजतन,अदालत ने आरोपी के अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अधिकार को बरकरार रखा औरआरोपों और कानूनी ढांचे की विस्तृत जांच होने तक मामले में आगे कीकार्यवाही पर रोक लगा दी।

### स्वास्थ्य विभाग ने डीएचओ के खिलाफ

## बेंगलूरु ग्रामीण जिला परिवार कल्याण अधिकारी द्वारा उत्पीड़न के आरोपों की जांच के दिए आदेश

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** दो अस्पतालों में कन्या भ्रूण हत्या मामले की जांच के संबंध मेंक्षेत्राधिकार जिला स्वास्थ्य अधिकारी (डीएचओ) के खिलाफ बेंगलूरु ग्रामीण जिलापरिवार कल्याण अधिकारी द्वारा उत्पीड़न के आरोपों के बाद, राज्य स्वास्थ्य विभागने इस मुद्दे की जांच के आदेश दिए हैं। बेंगलूरु ग्रामीण जिला परिवार कल्याणअधिकारी एसआर मंजूनाथ ने आरोप लगाया है कि डीएचओ सुनील कुमारहोसकोटे और नेलमंगला तालुकों में दो निजी अस्पतालों के खिलाफ जांच जारीरखने और मामले दर्ज करने के लिए उन्हें परेशान कर रहे हैं, जिन पर लिंग निर्धारणरैकेट चलाने का आरोप लगाया गया है।दिसंबरमें, बेंगलूरु पुलिस ने बेंगलूरु, मांड्या और मैसूरु जिलों में प्रसव पूर्व लिंग निर्धारणरैकेट का खुलासा किया। उन्होंने एक डॉक्टर और उसके लैबतकनीशियन को गिरफ्तार किया, जिन्होंने कथित तौर पर पिछले तीन वर्षों में लगभग900 अवैध गर्भपात किए थे। राज्य सरकार ने जनवरी के पहले सप्ताह में स्वास्थ्यआयुक्त की अध्यक्षता में पीसीपीएनडीटी अधिनियम कार्यान्वयन के लिए एकटास्क फोर्स का गठन किया था। उत्पीड़न के बारे में शिकायत करतेहुए, डॉ. मंजूनाथ (जो जिले में गर्भधारण-पूर्व और प्रसव-पूर्व निदान तकनीक केनोडल अधिकारी भी हैं) ने 20 मार्च को राज्य स्वास्थ्य आयुक्त रणदीप डी. कोपत्र लिखा। जिला पीसीपीएनडीटी नोडल अधिकारी के रूप में उनकी क्षमतामें, डॉ. मंजूनाथ ने होसकोटे के एसपीजी अस्पताल और नेलमंगला केअसारे अस्पताल के खिलाफ प्रसव पूर्व लिंग निर्धारण रैकेट चलाने का आरोप लगाते-हुए एफआईआर दर्ज कराई थी। पत्र में डॉ. मंजूनाथ ने छुट्टी परजाने की अनुमति मांगी थी क्योंकि डॉ. कुमार उन्हें लिंग निर्धारण रैकेटकी जांच के संबंध में अपने कर्तव्यों का पालन करने की अनुमति नहीं दे रहेथे। उन्होंने कमिश्नर को यह भी बताया कि वह बेहद तनाव में काम कर रहेहैं। इससे पहले, डॉ. कुमार ने 19 मार्च को कमिश्नर को पत्र लिखकरडॉ. मंजूनाथ को इस आधार पर स्थानांतरित करने की अपील की थी कि दोनोंअस्पतालों के संबंध में उनकी रिपोर्ट तथ्यात्मक रूप से सही नहीं थी और वह अपनेकर्तव्यों का ठीक से निर्वहन नहीं कर रहे थे।



*बेंगलूरु/शुभलाभ ब्यूरो। लगेरी स्थित अंगला परमेश्वरी देवस्थान में आयोजित देवी मां पूजामहोत्सव कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में महेंद्र मुणोत शामिल हुए।*

## तीन दिवसीय महाराजा कप-2024 क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ



**मैसूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** विश्व विद्यालय महाराजा कॉलेज के तत्वावधान में तीन दिवसीय महाराजाकप-2024 क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। सर्व प्रथम डॉ.भीमरावअंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्वलित किया गया। इसक्रिकेट प्रतियोगिता में 20 टीमों ने भाग लिया। उद्घाटन मैच महाराजाकॉलेज टीम तथा पीजीएसई टीम के बीच खेला गया। महाराजा कॉलेजटीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में 48 रन बनाएं। बाद में पीजीएसईटीम ने 5 ओवर में 50 रन बनाकर मैच जीत लिया। मुख्य अतिथि मैसूरु विश्वविद्यालयके वाइस चांसलर प्रो. एनके लोकनाथ, समाजसेवी महेंद्र सिंह राजपुरोहित तथा प्रो.षणमुगम रहे। समाजसेवी महेंद्र सिंह राजपुरोहित ने कहा कि खेल अति आवश्यक है।खेल से खिलाड़ी दिमागी, मानसिक तथा शारीरिक तौर पर मजबूत रहता है। इसमौके पर डॉ. बीके ज्ञान प्रकाश, डॉ.बसवराज, डॉ. नंदीश,डॉ.रामचंद्र सहित बड़ी संख्या में खिलाड़ी व दर्शक उप-स्थित रहे।

# रेल पहिया कारखाना को रेल मंत्री राजभाषा शील्ड पुरस्कार



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** रेल पहिया कारखाना को हिंदी में उत्कृष्ट कार्य करने के लिएवर्ष 2022 के लिए शुक्रवार को प्रथम पुरस्कार के रूप में रेल मंत्री राजभाषाशील्ड से सम्मानित किया गया।

सुवर्णा देशपांडे दाश, प्रधान मुख्य कार्मिकअधिकारी, रेल पहिया कारखाना ने नई दिल्ली में रेल भवन में आयोजित राजभाषाकार्यान्वयन समिति की बैठक के अवसर पर जया वर्मा सिन्हा, अध्यक्ष, रेलवेबोर्ड से यह पुरस्कार प्राप्त किया।

रेल पहिया कारखाना ने राजभाषा विभाग,गृह मंत्रालय द्वारा निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त कर लिया है और हिंदी के प्रचार-प्रसार मेंमहत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। इस उपलब्धि के लिए आर. राजगोपाल महाप्रबंधक, रेलपहिया कारखाना और विपिन कुमार प्रधान मुख्य इंजीनियर व मुख्य राजभाषा अधिकारी नेसभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई दी।

# हिंदी में तकनीकी संगोष्ठी का आयोजन




**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** रेल पहिया कारखाना में शुक्रवार को हिंदी में तकनीकी संगोष्ठीका आयोजन किया गया। डॉ. संजना सिन्हा, अपर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक,रेलवे अस्पताल, रेल पहिया कारखाना द्वारा कर्मचारियों में जागरूकता पैदा करने केलिए सर्वाइकल कैंसर विषय पर प्रस्तुती दी गई। 75 कर्मचारियों ने भाग लेकरकार्यक्रम को सफल बनाया। कार्यक्रम का संचालन राजभाषा अधिकारी एस. सविता नेकिया।

# कर्नाटक की सभी 28 लोकसभा सीटों पर पीएम मोदी की लहर: बीवाई विजयेंद्र





## पीएम मोदी को वापस लाना लोगों की आकांक्षा बन गई

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** कर्नाटक भाजपा अध्यक्ष बीवाई विजयेंद्र ने कहा कि राज्य की सभी 28 संसदीय सीटों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पक्ष में लहर है। उन्होंने टिकट वितरण को लेकर भाजपा के भीतर विद्रोह का जिक्र करते हुए कहा, सब कुछ ठीक हो जाएगा। यहां शनिवार को पत्रकारों से बात करते हुए, राज्य भाजपा प्रमुख विजयेंद्र ने कहा कि कांग्रेस नेता जानते हैं कि हार निश्चित है और जीतने की हताशा में वे अपने मंत्रियों को लोकसभा चुनाव में उतारने का व्यर्थ प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को इस बात का एहसास हो गया है कि पूरे प्रदेश में भाजपा की लहर है। उन्होंने कहा भाजपा और जद(एस) कैडर मिलकर हमारे उम्मीदवारों की जीत सुनिश्चित करने के लिए काम कर रहे हैं। जेडीएस के साथ सीट बंटवारे पर भ्रम के संबंध में उन्होंने कहा सब कुछ शांत होने जा रहा है। सभी बाधाएं दूर हो जाएंगी। विजयेंद्र ने कहा, इस समय हमारे सामने दो लक्ष्य हैं। लोकसभा चुनाव में भाजपा की जीत सुनिश्चित करनी है और उसके बाद कर्नाटक विधानसभा चुनाव में बहुमत हासिल करना है। उन्होंने कहा कि भाजपा आलाकमान ने राज्य में आगामी विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए उम्मीदवारों का चयन किया है। उन्होंने कहा कि पार्टी ने सभी सुविधाओं से युक्त एक मीडिया सेंटर खोला है और राष्ट्रीय नेता वहां से प्रेस कॉन्फ्रेंस करेंगे। विजयेंद्र ने कहा पीएम मोदी को वापस लाना सिर्फ भाजपा कार्यकर्ताओं का आदर्श वाक्य नहीं है, बल्कि यह लोगों की आकांक्षा बन गई है। उन्होंने कहा कि 10 साल के शासन के बाद पीएम की लोकप्रियता बढ़ी है। देश के लोगों ने पीएम मोदी के नेतृत्व को स्वीकार कर लिया है। इससे पता चलता है कि केंद्र द्वारा शुरू की गई योजनाएं हर घर तक पहुंच गई हैं। पारिवारिक राजनीति को बढ़ावा देने के आरोपों पर प्रतिक्रिया देते हुए, विजयेंद्र ने कहा, वह विधानसभा चुनाव के लिए वरुणा सीट से लड़ने के लिए तैयार थे लेकिन भाजपा आलाकमान सहमत नहीं था। जब बसवराज बोम्मई मुख्यमंत्री थे, तब मुझे एमएलसी बनाने का निर्णय लिया गया था, लेकिन तब भी आलाकमान ने सहमति नहीं दी थी। मैं फैसले से सहमत था। अब, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने बताया है कि मुझे राज्य प्रमुख का पद क्यों दिया गया है। उन्होंने कहा कि भाजपा में कोई परिवारवाद की राजनीति नहीं है।

### राज्य स्तरीय कार्यशाला का उद्घाटन

यह बयान देने में कोई झिझक नहीं है। चाहे कुछ भी हो, कांग्रेस पीएम मोदी की लोकप्रियता के कारण सत्ता में नहीं आएगी। उन्होंने यह भी मांग की कि कांग्रेस मेकेदातु परियोजना पर अपना रुख स्पष्ट करे। वे सत्ता में हैं। हमारा रुख स्पष्ट है। राज्य के हित से समझौता न होने दें। इससे पहले उन्होंने पैलेस मैदान के वृक्षा हॉल में आयोजित राज्य चुनाव प्रबंधन समिति की राज्य स्तरीय कार्यशाला का उद्घाटन किया। इस मौके पर लोकसभा चुनाव प्रदेश प्रभारी राधा मोहन दास अग्रवाल, नेता प्रतिपक्ष आर. अशोक, भाजपा के प्रदेश महासचिव एवं चुनाव प्रबंधन समिति के प्रदेश संयोजक वी. सुनील कुमार, प्रदेश महासचिव प्रीतम गौड़ा, पी. राजीव, विधान परिषद सदस्य भारती शेट्टी, केशव प्रसाद, पार्टी पदाधिकारी, नेता और चुनाव प्रबंधन समिति के सदस्य उपस्थित थे।

# सरकार को मेकेदातु परियोजना पर सफाई देनी चाहिए: आर. अशोक



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** कर्नाटक में विपक्ष के नेता (एलओपी) आर. अशोक नेशनिवार को कहा कि राज्य सरकार को पानी के उपयोग पर लोगों को मुफ्त सलाहदेना बंद कर देना चाहिए और इसके बजाय मेकेदातु परियोजना पर सफाई देनीचाहिए। बेंगलूरु में पानी की कमी है।

पानी उपलब्ध कराने के बजाय वे पानीका कम से कम उपयोग करने की सलाह देने में लगे हुए हैं। बेंगलूरु जल आपूर्तिऔर सीवरेज बोर्ड (बीडब्ल्यूएसएसबी) लोगों को नहाने के लिए पानी काउपयोग न करने के लिए कहने की हद तक चला गया है। उन्होंने कहा किबीडब्ल्यूएसएसबी पानी की आपूर्ति कैसे सुनिश्चित की जाए इसकी जानकारी भी साझानहीं कर रहा है। उन्होंने कहा कि डीएमके ने अपने घोषणापत्र में कहा हैकि अगर इंडिया गठबंधन सत्ता में आया तो वह कर्नाटक में मेकेदातुपरियोजना को लागू नहीं होने देगी। कर्नाटक कांग्रेस उन्हें जवाब नहीं देरही है। जब केरल में एक आदमी को जंगली हाथी ने मार डाला, तो राज्यसरकार ने दावा किया कि हाथी कर्नाटक का था और 15 लाख रुपये का मुआवजाजारी किया। उन्हें मेकेदातु परियोजना पर अपना रुख स्पष्ट करना चाहिए जो शहरऔर आसपास के क्षेत्रों में पीने का पानी उपलब्ध कराने के लिए महत्वपूर्ण है।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के पास लोगों के लिए पीने का पानी सुनिश्चित करने के लिएपैसे नहीं हैं और उन्होंने मतदाताओं से पीएम मोदी को वोट देने की अपीलकी। हाल ही में हुए राज्य चुनावों में, कांग्रेस को अपमानजनक हार का सामनाकरना पड़ा और भाजपा ने तीन राज्यों में जीत हासिल की। भाजपा तैयारियोंके अंतिम चरण में पहुंच गई है और कांग्रेस बिल्कुल अकेली है क्योंकिइंडिया ब्लॉक के साझेदारों ने उनका साथ छोड़ दिया है।इंडिया ब्लॉक में कोई नेतृत्व नहीं है।

# कर्नाटक सरकार ने सूखा राहत पर केंद्र के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में रिट याचिका दायर की



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** राज्य के मुख्यमंत्री सिद्धरामैया ने शनिवार को कहा कि राज्य सरकारने दक्षिणी राज्य को सूखा राहत जारी नहीं करने के लिए केंद्र सरकार के खिलाफ एकरिट याचिका दायर की है। संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत सुप्रीमकोर्ट में रिट याचिका दायर की गई है। सीएम सिद्धरामैया ने कहा, शीर्षअदालत ने याचिका स्वीकार करने के बाद अपना समर्थन दिया है। उन्होंने मांग कीकि पांच महीने के इंतजार के बाद हम कानूनी लड़ाई लड़ने के लिए मजबूरहैं। याचिका में शीर्ष अदालत से केंद्र सरकार को राष्ट्रीय आपदा राहत कोष(एनडीआरएफ) के तहत मुआवजा तुरंत जारी करने के निर्देश जारी करने काअनुरोध किया गया है। उन्होंने कहा हम इंतजार नहीं कर सकते। किसानइंतजार नहीं कर सकते और वे सब्सिडी की मांग कर रहे हैं। सरकार को4,600 करोड़ रुपये की इनपुट सब्सिडी जारी करनी है। हमनेएनडीआरएफ के तहत 18,171 करोड़ रुपये का मुआवजा पैकेज मांगा है।केंद्र ने नियमों का उल्लंघन किया है। उसे एक माह के अंदर पैसा जारी कर देनाचाहिए था। उन्होंने कहा हमने इस संबंध में भारत सरकार को निर्देश देने के लिएसुप्रीम कोर्ट से प्रार्थना की है। हम कानूनी संघर्ष नहीं चाहते हैं। हमारेकिसान तनाव में हैं। हम संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत रिट याचिकादायर करके लड़ने के लिए मजबूर हैं। कानून के अनुसार, मुआवजा दियाजाना चाहिए। हमारा राज्य केंद्र सरकार को करों के तहत 4.30 लाख करोड़रुपये का भुगतान करता है। हम अपने कर के पैसे से मांग रहे हैं। हम भीखनहीं मांग रहे हैं। हम यहां केवल करों का भुगतान करने के लिए नहीं हैं।संविधान केंद्र सरकार, राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लिए बाध्यकारी है।कर्नाटक के साथ अन्याय हुआ है। दिसंबर 2023 में, हमने पीएम मोदी औरकेंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की थी। उन्होंने वादा किया था कि वे23 दिसंबर, 2023 को एक बैठक करेंगे और धन जारी करेंगे।

## यदुवीर पर टिप्पणी के लिए भाजपा ने कांग्रेस पर जमकर साधा निशाना

# कांग्रेस उम्मीदवार के लिए सार्वजनिक रूप से मर्यादा बनाए रखना उचित होगा: भाजपा प्रवक्ता



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** भाजपा ने मैसूरु लोकसभा क्षेत्र में चुनावी लड़ाई को सामान्यऔर पूर्व शाही के बीच की लड़ाई बताने के लिए कांग्रेस की तीखी आलोचना की है।

एक संवाददाता सम्मेलन में, कांग्रेस उम्मीदवार एम. लक्ष्मण ने मतदाताओं से कहा था कि क्या उन्हें उनके जैसे सामान्य व्यक्ति के बीच चयन करना है जो जनता केसाथ घुलमिल जाता है और उनके कल्याण की रक्षा करेगा या कोई महल की सीमा मेंरहता है। इसके जवाब में, भाजपा प्रवक्ता एम.ए. मोहन ने शनिवार को कहा कि लक्ष्मणके शब्दों के चयन में असभ्यता की बू आती है और कांग्रेस उम्मीदवार के लिएसार्वजनिक रूप से मर्यादा बनाए रखना उचित होगा। मोहन ने कहा कि आजादी सेकई साल पहले, मैसूरु के वाडियार ने यह सुनिश्चित करने के लिए सिटीइम्प्रूवमेंट ट्रस्ट बोर्ड की स्थापना की थी कि सभी के लिए आवास होऔर यह उनकी दूरदर्शिता के लिए एक श्रद्धांजलि थी। मोहन ने टिप्पणी कीऔर कांग्रेस उम्मीदवार की साख पर सवाल उठाया। वे लक्ष्मण के विपरीत जनताके कल्याण की रक्षा कर रहे थे, जिन्होंने केवल प्रेस वार्ता के माध्यम से अपनेकृत्यों का बचाव करके मुख्यमंत्री सिद्धरामैया के कल्याण की रक्षा की थी। मोहनने कहा मैसूरु में सभी विकास वाडियार के शासनकाल के दौरान हुए, जिनमेंरेलवे का विस्तार, उड़ानों की शुरुआत, बेंगलूरु में एचएएल की स्थापना, कावेरीनदी पर बांध का निर्माण या स्कूल, कॉलेज खोलकर शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र काविस्तार शामिल था। उन्होंने कहा यहां तक कि मैसूरु को मॉडल राज्य केरूप में वर्णित किया गया था और वाडियार के योगदान को न केवल मैसूरु केलोग बल्कि पूरे भारत के लोग जानते हैं और इसलिए कांग्रेस को वाडियारको निशाना बनाने से बचना चाहिए।

मानो आजादी के बाद इस क्षेत्र के लिएकांग्रेस ने जो किया, उसके विपरीत, मोहन ने कहा कि मैसूरु और बेंगलूरु केबीच ट्रैक दोहरीकरण का काम पूरा करने में उन्हें 20 साल से अधिक का समयलगा और टीपू के शस्त्रागार के रास्ते में एक छोटी सी बाधा आई। मोहनने कहा कि उस परियोजना को भाजपा के कार्यकाल के दौरान मंजूरी दी गईथी। उन्होंने लक्ष्मण की इस टिप्पणी का भी जिक्र किया कि वह चार चुनाव हारचुके हैं और कहा कि वोट मांगने में इस तरह का नकारात्मक दृष्टिकोणअनसुना था।

इसका मतलब केवल यह है कि कांग्रेस ने मानसिक रूप से हारस्वीकार कर ली है जो वास्तविक हार का पूर्व संकेत थी। लक्ष्मण की इसटिप्पणी पर कि 47 वर्षों के बाद एक वोक्कालिगा उम्मीदवार को मैदान में उताराजा रहा है, मोहन ने कहा कि इसका जवाब कांग्रेस को देना है क्योंकि भाजपा ने2014 और 2019 में प्रताप सिम्हा को मैदान में उतारा था, जो वोक्कालिगा हैं, और उन्होंने जीत हासिल की।

# मैसूरु लोकसभा क्षेत्र में कांग्रेस विकास के मुद्दे पर मांगेगी वोट



**मैसूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** जिले के कांग्रेस नेताओं ने शनिवार को कहा कि पार्टी लोगों से संपर्क करेगी और विकास के मुद्दे पर स्पष्ट जनादेश मिलेगा। मीडियाकर्मियों से बातचीत करते हुए, तनवीर सैत, हरीश गौड़ा, विधायक, पदाधिकारी आर. मूर्ति, मैसूरु लोकसभा क्षेत्र के उम्मीदवार एम. लक्ष्मण और अन्य सहित पार्टी नेताओं ने कहा कि कांग्रेस द्वारा किए गए विकास कार्य और विजन योजना अभियान के दौरान इस क्षेत्र पर प्रकाश डाला जाएगा। लक्ष्मण ने कहा कि टिकट आवंटन को लेकर पार्टी और कार्यकर्ताओं में कोई मतभेद नहीं है और वे सभी कांग्रेस की जीत सुनिश्चित करने के लिए एकजुट होकर काम करेंगे। लक्ष्मण ने दावा किया कि उनकी ईमानदारी पर कोई दाग नहीं है और उनकी पृष्ठभूमि साफ-सुथरी है और राज्य में कांग्रेस द्वारा लागू की गई गारंटी योजनाओं को उजागर किया जाएगा। चामराजा विधायक हरीश गौड़ा ने दावा किया कि भाजपा के भीतर असंतोष पनप रहा है और चुनाव से पहले कई कार्यकर्ता और नेता कांग्रेस में शामिल होंगे। उन्होंने कहा यह 27 मार्च को होने की संभावना है और यह संदेश देने के लिए शक्ति प्रदर्शन किया जाएगा कि हम चुनाव के लिए तैयार हैं। नेताओं ने इस आधार पर जीत का भरोसा जताया कि पिछले साल चुनाव में निर्वाचन क्षेत्र के आठ विधानसभा क्षेत्रों में से पांच पर कांग्रेस ने जीत हासिल की थी और तब से मतदाताओं की प्राथमिकता केवल उनकी ओर बढ़ी है। गौड़ा ने कहा कि चूंकि भाजपा जद(एस) के साथ गठबंधन में है, इसलिए यह कांग्रेस और भाजपा के बीच सीधी लड़ाई होने जा रही है। हरीश गौड़ा ने कहा हम मुख्यमंत्री सिद्धरामैया के तहत राज्य में शुरू की गई विभिन्न कल्याणकारी परियोजनाओं के अलावा भाजपा के तहत कुशासन को उजागर करने के लिए रोड शो और घर-घर अभियान चलाएंगे। कांग्रेस नेताओं ने भाजपा पर वोक्कालिगाओं को दरकिनार करने का भी आरोप लगाया और कहा वह समुदाय के सदस्यों और नेताओं के भीतर दरारें लाना चाहती है। वोक्कालिगाओं को उचित महत्व दिया था, इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि हमारे कई नेता उस समुदाय से हैं। विधायक तनवीर सैत ने कहा कि आने वाला चुनाव महत्व-पूर्ण होगा और कांग्रेस मतदाताओं को यह संदेश देगी कि उनका उम्मीदवार उनकी शिकायतों को हल करने में मदद के लिए आसानी से उपलब्ध होगा। सैत ने कहा, मैसूरु का विकास, रोजगार सृजन, बुनियादी ढांचे का विकास कांग्रेस के कुछ फोकस क्षेत्र हैं और उन पर प्रकाश डाला जाएगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नफरत की राजनीति से दूर रहेगी और सांप्रदायिक सद्भाव और सौहार्द को बढ़ावा देगी।

# कर्नाटक में कांग्रेस नेतृत्व संकट फिर सामने आया



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** लोकसभा चुनाव से पहले कर्नाटक में कांग्रेस नेतृत्व पर संकट एक बार फिर सामने आ गया है। पूर्व मंत्री एवं कांग्रेस विधायक एस.आर. श्रीनिवास ने कहा कि लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को अधिक सीटें मिलनी चाहिए। विधायक श्रीनिवास ने तुमकुरु में एक चुनाव प्रचार रैली के दौरान कहा, हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि कांग्रेस को अधिक सीटें मिलें ताकि मुख्यमंत्री सिद्धरामैया मुख्यमंत्री के रूप में हमारी सेवा करते रहें।

इस घटनाक्रम पर प्रतिक्रिया देते हुए नेता प्रतिपक्ष आर. अशोक ने कहा कि कांग्रेस में अंदरूनी कलह है। उन्होंने कहा, कांग्रेस पार्टी के भीतर एक गिरोह है, जो मुख्यमंत्री सिद्धरामैया को गिराने की साजिश रच रहा है। उन्होंने कहा कि गुब्बी कांग्रेस विधायक श्रीनिवास ने सच कहा है।सूत्रों ने बताया कि उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति के मामले में ईडी का मामला रद्द होने के बाद वह 2.5 साल के लिए मुख्यमंत्री की कुर्सी पर दावा करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

# समुद्री क्षेत्र को सुरक्षित रखने के लिए नौसेना पूरी तरह से तैयार : एडमिरल कुमार

## ऑपरेशन संकल्प के सौ दिन पूरे, विभिन्न अभियानों में समुद्री डकैतों से 110 लोगों की जान बचाई गई

## हिंद महासागर में प्रथम प्रत्युत्तरकर्ता और पसंदीदा सुरक्षा भागीदार के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई

**नई दिल्ली, 23 मार्च (एजेंसियां)।** नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरिकुमार ने कहा है कि नौसेना समुद्री क्षेत्र विशेष रूप से हिन्द महासागर को सभी तरह से सुरक्षित बनाने के लिए प्रतिबद्ध है और उसने पिछले सौ दिनों में ऑपरेशन संकल्प के तहत विभिन्न अभियानों में समुद्री डकैतों से 110 लोगों की जान बचाई है तथा 15 लाख टन से अधिक सामान को समुद्र के रास्ते उसके गंतव्य पर सुरक्षित पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।



एडमिरल कुमार ने समुद्री क्षेत्र में सुरक्षा के लिए चलाये जा रहे ऑपरेशन संकल्प के सौ दिन पूरे होने के मौके पर शनिवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, समुद्री क्षेत्र को सुरक्षित रखना हमारा प्रमुख दायित्व है और नौसेना इसके लिए हर तरह से तैयार है।

उन्होंने कहा कि नौसेना के 35 युद्धपोत और पांच टोही विमान तथा हेलिकॉप्टर हिन्द महासागर से लेकर अदन की खाड़ी, उसके आस पास के क्षेत्रों, अरब सागर और सोमालिया के पूर्वी तट तक समुद्र में होने वाली गतिविधियों पर नजर रख रहे हैं। इसके अलावा नौसेना की 11 पनडुब्बी भी अपने मिशन पर रहती हैं। इन अभियानों में पांच हजार से अधिक नौसैनिकों की भूमिका रही है। उन्होंने कहा कि वैसे तो नौसेना का ऑपरेशन संकल्प 2019 से चलाया जा रहा है लेकिन पिछले वर्ष इजरायल और हमास के बीच संघर्ष के बाद से समुद्री डकैती, जहाजों के अपहरण , मिसाइल तथा ड्रोन हमलों की घटनाएं बढी हैं।

उन्होंने कहा कि इसे देखते हुए नौसेना ने गत 14 दिसम्बर को ऑपरेशन संकल्प का दायरा और शक्ति बढाते हुए इस चुनौती का डटकर मुकाबला करते हुए समुद्र की सुरक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रकट की है। उन्होंने कहा, आज 23 मार्च को इस आपॅरेशन के 100 दिन पूरे हो गये हैं। नौसेना प्रमुख ने कहा कि इसका मूल उद्देश्य हिन्द महासागर को पूरी तरह सुरक्षित बनाना है और यह हमारी जिम्मेदारी है क्योंकि यह क्षेत्र हमारे देश के नाम से जुड़ा है और इसे सुरक्षित रखना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि इस दौरान नौसेना ने 18 घटनाओं में कार्रवाई की और हिंद महासागर क्षेत्र में प्रथम प्रत्युत्तरकर्ता और पसंदीदा सुरक्षा भागीदार के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि नौसेना ने एमवी रुएन के अपहरण के मामले में कार्रवाई करके सबसे बड़े ऑपरेशन को अंजाम दिया है। नौसेना ने 450 व्यापारिक जहाजों को सुरक्षा प्रदान की है।

नौसेना प्रमुख ने कहा कि इस ऑपरेशन का एक महत्वपूर्ण उद्देश्य भारत में आने वाली आयात की वस्तुओं और निर्यात की जाने वाली वस्तुओं के लिए सुरक्षित समुद्र मार्ग उपलब्ध कराना भी है। समुद्र के रास्ते मुख्य रूप से उर्वरक , कच्चे तेल तथा अन्य जरूरी वस्तुओं का आवागमन होता है। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि व्यापारिक जहाजों की सुरक्षा के लिए विभिन्न क्षेत्रों में हर समय विभिन्न देशों तथा एजेन्सियों के 50 से अधिक पोत तैनात रहते हैं लेकिन भारत सबसे पहले कार्रवाई कर मदद करने की कोशिश करता है और इस मामले में उसकी अलग पहचान बनी है।

उन्होंने कहा कि इस ऑपरेशन में समय-समय पर जरूरत पड़ने पर वायु सेना की भी मदद ली जा रही है। ऑपरेशन के दौरान नौसेना के 21 से अधिक युद्धपोतों पर सवार नौसैनिकों ने 450 से अधिक दिन समुद्र में बिताये हैं और विमान द्वारा निगरानी के लिए 900 घंटे की उडान भरी है। नौसेना ने विभिन्न अभियानों में 45 भारतीयों सहित 110 से अधिक लोगों की जान बचाई है। एडमिरल कुमार ने कहा कि ऑपरेशन संकल्प के दौरान नौसेना की नपी-तुली प्रतिक्रिया, सरलता और दृढ़ संकल्प की अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रशंसा की गयी है।

### मुंबई लाए गए सोमालिया के 35 समुद्री लुटेरों को नेवी ने मुंबई पुलिस को सौंपा

**मुंबई, 23 मार्च (एजेंसियां)।** भारतीय नौसेना ने हाल ही में हिंद महासागर और अरब सागर में अपने दबदबे की मिसाल पेश की थी। उसने 16 मार्च को व्यापारिक जहाज एमवी रुएन को समुद्री लुटेरों के चंगुल से छुड़ा लिया था और साथ ही 35 सोमालियाई समुद्री लुटेरों को हिरासत में लिया था। अब सीमा शुल्क और अप्रवासन की औपचारिकताओं के बाद इन लूटेरों को मुंबई पुलिस को सौंप दिया गया है। गौरतलब है, एंटी पाइरेसी ऑपरेशन के तहत नौसेना ने भारतीय तटों से 2600 किलोमीटर दूर समुद्री डाकुओं के खिलाफ कार्रवाई की और उन्हें आत्मसमर्पण करने को मजबूर कर दिया था। करीब 40 घंटे चले ऑपरेशन में नौसेना के आईएनएस कोलकाता और आईएनएस सुभद्रा युद्धपोत, ड्रोन्स और मरीन कमांडो शामिल हुए थे। नौसेना ने बताया था कि ऑपरेशन के तहत वायुसेना के सी-17 ग्लोबमास्टर ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट की मदद से मार्कोस कमांडो को भारतीय तट से 2600 किलोमीटर दूर अरब सागर में एयरड्रॉप किया गया था। साथ ही मार्कोस कमांडो के लिए कई विशेष नौकाएं भी अरब सागर में गिराई गई थीं। इन नौकाओं की मदद से भारतीय मार्कोस कमांडो अगवा किए गए व्यापारिक जहाज एमवी रुएन पर सवार हुए और वहां ऑपरेशन चलाकर समुद्री लुटेरों को आत्मसमर्पण के लिए मजबूर कर दिया। नौसेना का यह ऑपरेशन करीब 40 घंटे चला था। इस दौरान समुद्री लुटेरों ने भी भारतीय जवानों पर कई बार फायरिंग की थी। नौसेना के अनुसार, इस अहम रेस्क्यू ऑपरेशन के तहत भारतीय युद्धपोत आईएनएस कोलकाता पर 35 समुद्री लुटेरों को हिरासत में लिया गया था। साथ ही व्यापारिक जहाज एमवी रुएन के 17 क्रू सदस्यों को भी सुरक्षित बचा लिया गया था।

# राष्ट्रपति से नहीं मिली विधेयकों को मंजूरी तो सुप्रीम कोर्ट पहुंची केरल सरकार



### चार बिल पेंडिंग, केंद्र, राष्ट्रपति के सचिव समेत 4 को पक्षकार बनाया

**तिरुवनंतपुरम, 23 मार्च (एजेंसियां)।** केरल विधानसभा द्वारा पारित चार विधेयकों को जारी करने के लिए केरल सरकार ने सुप्रीम कोर्ट का रूख किया, जो राष्ट्रपति कार्यालय में लंबित हैं। केरल सरकार ने मामले में एक याचिका दायर की है। आरोप लगाया कि केरल के राज्यपाल ने इन विधेयकों को बिना हस्ताक्षर किए ही राष्ट्रपति के पास विचार के लिए भेज दिया था। याचिका में यह भी कहा गया कि विधेयकों को लंबे और अनिश्चित काल तक लंबित रखने और उसके बाद संविधान से संबंधित किसी भी कारण के बिना राष्ट्रपति के विचार के लिए विधेयकों को आरक्षित करने का राज्यपाल का आचरण स्पष्ट रूप से मनमाना है और संविधान के अनुच्छेद 14 (कानून के समक्ष समानता) का उल्लंघन करता है।

इसमें कहा गया है, केंद्र द्वारा राष्ट्रपति को उन चार विधेयकों पर सहमति रोकने के लिए दी गई सहायता और सलाह, जो पूरी तरह से राज्य के अधिकार क्षेत्र में हैं। इसके अतिरिक्त, कार्रवाईयां संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत केरल राज्य के लोगों के अधिकारों को बाधित करता हैं, जो कल्याणकारी कानून के लाभों से वंचित करती हैं।

गौरतलब है कि इससे पहले भी, राज्य सरकार ने राज्यपाल पर विधानसभा द्वारा पारित कई विधेयकों को मंजूरी नहीं देने का आरोप लगाते हुए सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था और अदालत ने पिछले साल 20 नवंबर को याचिका पर राज्यपाल के कार्यालय को नोटिस जारी किया था। केरल सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में राष्ट्रपति के खिलाफ अर्जी लगाई है। इसमें कहा गया है कि वे 4 लंबित बिलों को मंजूरी नहीं दे रही हैं। इन विधेयकों को राज्य विधानसभा पास कर चुकी है।

# पंजाब में जहरीली शराब पीने से मरने वालों की संख्या बढ़कर 20 हुई, एसआईटी गठित

**चंडीगढ़, 23 मार्च (एजेंसियां)।** पंजाब के संगरूर में संदिग्ध जहरीली शराब पीने से छह और लोगों की मौत के बाद मृतकों की कुल संख्या बढ़कर 20 हो गई है। इस बीच, घटना के संबंध में अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजीपी) रैंक के अधिकारी के नेतृत्व में चार सदस्यीय विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया गया है। वहीं 11 लोगों का पटियाला के राजिंदरा अस्पताल और छह लोगों का संगरूर के सिविल अस्पताल में इलाज किया जा रहा है। संगरूर के सिविल सर्जन कृपाल सिंह ने शनिवार को बताया कि इस घटना में अब तक 20 लोगों की मौत हो चुकी है। अधिकारियों ने बताया कि दिड़बा और सुनाम ब्लॉक के गुजरां, टिब्बी रविदासपुरा और ढंडोली खुर्द गांवों से लोगों की मौत होने की सूचना मिली है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने मामले में अब तक छह लोगों को गिरफ्तार किया है। भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 302



(हत्या) और आबकारी अधिनियम के तहत मामला पहले ही दर्ज किया जा चुका है। पुलिस ने शनिवार को कहा कि पूरे मामले में साठगांठ का पता लगाने के सिलसिले में पेशेवर और वैज्ञानिक तरीके से जांच के लिए एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया गया है। एडीजीपी (कानून एवं व्यवस्था) गुरिंदर सिंह ढिल्लों की अध्यक्षता में चार सदस्यीय एसआईटी जांच की निगरानी करेगी। उप महानिरीक्षक (पटियाला रेंज) हरचरण भुल्लर, संगरूर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सरताज चहल और अतिरिक्त आयुक्त (आबकारी) नरेश दुबे एसआईटी का हिस्सा होंगे। पुलिस ने कहा, एसआईटी साजिश की तह तक जाएगी। इसमें शामिल पाए गए किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

## रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सियाचिन में जवानों के साथ मनाएंगे होली



**नई दिल्ली, 23 मार्च (एजेंसियां)।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सियाचिन ग्लेशियर के दौरे पर जाएंगे, जहां वो दुनिया के सबसे ऊंचे युद्धक्षेत्र में तैनात सैनिकों के साथ होली मनाएंगे। सियाचिन ग्लेशियर एक रणनीतिक सैन्य चौकी है और दुनिया के सबसे चुनौतीपूर्ण इलाकों में से एक है। रक्षा मंत्री के दौरे को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं।

हालांकि, यह पहली बार नहीं है जब रक्षा मंत्री सैनिकों के साथ होली मनाएंगे। 2019 में उन्होंने सियाचिन का दौरा किया था। इस दौरान उन्होंने सैनिकों के साथ बातचीत की थी। केंद्रीय मंत्री ने उनकी चुनौतियों के बारे में भी जानकारी जुटाई। उन्होंने सैनिकों के कल्याण और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता का आश्वासन दिया।

# केजरीवाल जेल में रहकर भी सीएम पद से चिपके हुए हैं, यह कैसी नैतिकता : संजय निरुपम

### महज 11 साल पुरानी पार्टी राजनीति के पूरी तरह अनैतिक हो जाने की एक मिसाल पेश कर रही है

**नई दिल्ली, 23 मार्च (एजेंसियां)।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कथित शराब नीति घोटाला मामले से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा उनकी गिरफ्तारी के बाद महाराष्ट्र कांग्रेस के नेता संजय निरूपम ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए उन पर निशाना साधा है। उन्होंने लिखा कि अरविंद केजरीवाल हिरासत में होने के बावजूद सीएम पद से अभी तक चिपके हुए हैं। यह कैसी नैतिकता है?

अदालत ने सीएम केजरीवाल को 28 मार्च तक की ईडी रिमांड पर भी भेज दिया है। वहीं, केजरीवाल की गिरफ्तारी को लेकर आम आम आदमी पार्टी के साथ-साथ इंडिया गठबंधन के कई दल उनके समर्थन में आ गए हैं। कांग्रेस के सभी वरिष्ठ नेताओं ने अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी का जमकर विरोध किया है। दिल्ली की सात लोकसभा सीटों के लिए आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के बीच सीट शेयरिंग को लेकर समझौता हो गया है। दोनों दल गठबंधन के तहत लोकसभा का चुनाव लड़ने वाले है। ऐसे में महाराष्ट्र कांग्रेस नेता का बयान मायने रखता है।



संजय निरुपम ने अपने पोस्ट में लिखा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल अपने जीवन के सबसे बड़े संकट से गुजर रहे हैं। इंसानियत के नाते उनके प्रति सहानुभूति है।

कांग्रेस पार्टी ने भी उन्हें सार्वजनिक रूप से समर्थन दिया है। लेकिन वह भारतीय राजनीति में नैतिकता की जो नई परिभाषा लिख रहे हैं, उसने मुझे यह पोस्ट लिखने के लिए मजबूर कर दिया। एक समय था जब एक हवाला कारोबारी जैन की कथित डायरी में आडवाणी जी, माधवराव सिंधिया और कमलनाथ जैसे नेताओं के नाम आए थे और उन पर रिश्वत लेने के आरोप लगे। तब उन्होंने नैतिकता का तक़ाज़ा देकर तत्काल अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। (तत्कालीन रेल मंत्री) लाल बहादुर शास्त्री ने एक ट्रेन दुर्घटना पर इस्तीफा दे दिया था। अभी हाल में जब वह (केजरीवाल) इंडिया अगेंस्ट करप्शन का तमाशा पूरे देश को दिखा रहे थे, तब यूपीए सरकार के मंत्रियों ने भ्रष्टाचार के छिछले आरोपों पर अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। कुछ महीने पहले की बात है, झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गिरफ्तारी से पहले पद छोड़कर एक नैतिक आचरण पेश किया था।

उन्होंने लिखा कि हज़ारों साल पीछे जाएं तो अपने पिता के वचन के लिए राम ने राजपाट त्याग दिया था। जिसके लिए राजपाट छीना गया था, वह कभी भी राजा रामचंद्र के सिंहासन पर नहीं बैठा। बल्कि खड़ाऊं रखकर तब तक राज चलाया जब तक उनके बड़े भाई राम लौटे नहीं। भारत की ऐसी समृद्ध परंपरा रही है।

उन्होंने केजरीवाल पर हमला करते हुए लिखा, दिल्ली के आबकारी घोटाले की सच्चाई क्या है, इसका फ़ैसला अदालत को करना है। पर एक मुख्यमंत्री पर इस घोटाले में भ्रष्टाचार का आरोप लगा है। उनकी गिरफ्तारी हुई है। वह हिरासत में हैं और मुख्यमंत्री की कुर्सी से अभी तक चिपके हुए हैं? यह कैसी नैतिकता है? उन्हें तत्काल अपने पद से इस्तीफा देना चाहिए। भारत की राजनीति में महज 11 साल पुरानी पार्टी राजनीति के पूरी तरह अनैतिक हो जाने की एक मिसाल पेश कर रही है। हम अपने-अपने राजनीतिक कुनबे के हिसाब से पूरी घटना पर स्टैंड ले रहे हैं, पर खतरा यह है कि केजरीवाल जी की अपनी कुर्सी से चिपके रहने की ज़िद आगे जाकर भारतीय राजनीति को और खोखला कर देगी। इस खतरे को राजनीति से ऊपर उठकर भांपने की आवश्यकता है।

# पंजाब में जहरीली शराब से हुई लोगों की मौत पर अनुराग ठाकुर ने आपा सरकार को घेरा

**नई दिल्ली, 23 मार्च (एजेंसियां)।** केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने दिल्ली के आबकारी नीति घोटाला और पंजाब में नकली शराब बनाने वालों के साथ दोनों राज्यों में सत्तासीन आम आदमी पार्टी (आप) के संबंधों पर सवाल खड़ा किया है। अनुराग ठाकुर ने आप के संबंधों पर सवाल खड़ा करते हुए शनिवार को कहा है कि आखिर आपा अपने-आप को देश के कानून से ऊपर क्यों समझती है।

भाजपा राष्ट्रीय मुख्यालय में मीडिया से बात करते हुए अनुराग ठाकुर ने पंजाब में जहरीली शराब की वजह से हुई मौतों को लेकर आपा और पंजाब की भगवंत मान सरकार की भी जमकर आलोचना की। उन्होंने कहा कि शुचिता की राजनीति की बात करते-करते आपा आज शराब घोटाले की दलदल में फंस चुकी है। एक ओर शराब घोटाले में दिल्ली के मनीष सिसोदिया, संजय सिंह और ऐसे उनके कई वरिष्ठ नेता, कार्यकर्ता, दलाल आज जेल में हैं। अब तो मुख्यमंत्री और कट्टर बेईमान अरविंद केजरीवाल भी ईडी की गिरफ्त में हैं।



ठाकुर ने कहा कि जो कल तक नैतिकता की बात करते थे, आज वो जेल से सरकार चलाने की बात कर रहे हैं, जबकि उनके सहयोगी चारा घोटाले वाले लालू यादव भी जेल जाने से पहले इस्तीफा देकर गए थे, भले हो वह अपनी पत्नी को मुख्यमंत्री बनाकर गए थे। पंजाब सरकार को असंवेदनशील बताते हुए उन्होंने कहा कि पंजाब में ये नशे के खिलाफ अभियान चलाने की बात कह कर सत्ता में आए थे। वहां नकली शराब के कारण 21 लोगों की जान चली गई लेकिन मुख्यमंत्री भगवंत मान का अभी तक कोई बयान नहीं आया है। वे सत्ता के नशे में सोए हैं या फिर उन्हें कुछ पता नहीं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि जब मुख्यमंत्री के अपने जिले की ये हालात हैं, तो पूरे पंजाब की क्या हालत होगी? उन्होंने कहा कि शराब और जहरीली शराब बनाने वालों से आम आदमी पार्टी का यह कैसा रिश्ता है। आम आदमी पार्टी के सांसद विदेश जाकर देश विरोधी लोगों के साथ फोटो खिंचवाते हैं। कांग्रेस के स्टैंड की भी आलोचना करते हुए अनुराग ठाकुर ने कहा कि शराब घोटाले की शिकायत करने वाली कांग्रेस क्या आज इतनी कमजोर और मजबूर हो गई है कि उसे केजरीवाल का साथ देना पड़ रहा है।

# जालंधर रुकने की जगह दूसरे स्टेशन पर पहुंच गई तेल के 50 टैंकर वाली मालगाड़ी

**जालंधर, 23 मार्च (एजेंसियां)।** पंजाब में एक बार फिर रेलवे की बड़ी लापरवाही सामने आई है। शनिवार को जालंधर के सुच्ची पिंड स्थित इंडियन ऑयल स्टेशन पर आने वाली मालगाड़ी वहां रुकने के बजाए सीधी पठानकोट-जम्मू वाले रूट पर निकल गई। जब उक्त रूट पर बिना किसी जानकारी के मालगाड़ी देखी गई तो अधिकारियों को हाथ पैर फूल गए।

उक्त मालगाड़ी को होशियारपुर के मुकेरियां रेलवे स्टेशन के पास रोक दिया गया और वहां से उक्त पेट्रोल के टैंकरों को दोबारा जालंधर के लिए रवाना किया गया। पूरी मालगाड़ी में पेट्रोल के टैंकर लगे हुए थे। अगर समय रहते उक्त रूट को कंट्रोल न किया जाता तो बड़ा हादसा हो सकता था। उक्त मालगाड़ी गांधीधाम से 50 तेल के टैंकर लेकर निकली थी। जिसने आज जालंधर के सुच्ची पिंड रेलवे हाल्ट से इंडियन ऑयल के अंदर जाना था। इस बीच लुधियाना में उक्त मालगाड़ी का ड्राइवर सुबह बदल गया था। जिसे ट्रेन का अलग मीमो दिया गया। जिसके बाद लुधियाना से जब मालगाड़ी निकली तो ड्राइवर को स्टेशन कोड लिस्ट भी दी गई थी। लेकिन उसे पता ही नहीं चला कि जालंधर सुच्ची पिंड इंडियन ऑयल पर मालगाड़ी को रोका जाना है। जिसके चलते वह मालगाड़ी लेकर पठानकोट-जम्मू रोट पर चला गया। ड्राइवर को इसके बारे में मुकेरियां जाकर पता लगा। सूत्रों से पता चला है कि उक्त ट्रेन के 47 टैंकरों में हवाई जहाज का तेल था। वहीं, तीन टैंकर डीजल के थे। ये ट्रेन सुच्ची पिंड हाल्ट पर करीब पांच घंटे देरी से पहुंची थी। यही नहीं सुच्ची पिंड पार होने के बाद उक्त मालगाड़ी काफी देर तक अलावलपुर में भी खड़ी रही। अगर समय रहते टांडा के एसएस द्वारा उक्त ट्रेन के ड्राइवर को जानकारी न दी जाती तो वह पठानकोट पार कर जाती। इससे पहले 25 फरवरी को एक मालगाड़ी बिना ड्राइवर पंजाब में दौड़ती नजर आई थी। जिसे होशियारपुर में किसी तरह रोका गया था। उक्त गाड़ी कठुआ से बिना ड्राइवर चलकर पंजाब पहुंच गई थी। इसे लेकर फिरोजपुर मंडल के डीआरएम ने करीब 6 कर्मचारियों को सस्पेंड कर दिया था।

शुभ लाभ
खबरें जो सोच बदल दें

### सीएम योगी ने गांधी परिवार पर साधा निशाना

# राहुल-प्रियंका यूपी में आने का साहस नहीं कर पा रहे




**लखनऊ, 23 मार्च (एजेंसियां)।** सीएम योगी ने गांधी परिवार पर सीधा हमला बोला है। उन्होंने सपा-कांग्रेस के गठबंधन पर भी टिप्पणी की है। एक निजी टीवी चैनल से बात करते हुए उन्होंने कहा कि सपा और कांग्रेस का गठबंधन पहले भी हो चुका है। इन्हें प्रदेश की जनता ने अच्छे ढंग से सबक सिखा दिया था। यही कारण है कि राहुल और प्रियंका यूपी में आने का साहस नहीं दिखा पा रहे। भाजपा अपने सहयोगियों के साथ यूपी में अब तक का सबसे बेहतरीन प्रदर्शन करने जा रही है। ये पहला चुनाव होगा जिसके परिणाम के बारे में पूरा देश आश्वस्त है। मोदी की गारंटी पर देश का विश्वास है। चार जून को परिणाम आएंगे और नरेंद्र मोदी तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनेंगे।

सीएम ने बसपा के बारे में कहा कि उसका अपना वोटबैंक हैं। उसकी नेता मायावती तीन बार प्रदेश की सीएम रह चुकी हैं। बसपा कमजोर पड़ेगी तो उसका लाभ भाजपा को मिलेगा। 2019 में सपा और बसपा मिलकर अपनी ताकत आजमा चुके हैं।


मुख्यमंत्री ने बदायूं की घटना को वीभत्स बताया। सीएम ने प्रदेश में हुए एनकाउंटर पर कहा कि पुलिस नियमानुसार अपना काम करती है। बेटी और व्यापारी को कोई भी परेशान करेगा तो कानून का राज स्थापित करने के लिए जो भी उपाय है, वो किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज यूपी एक रेवेन्यू सरप्लस स्टेट बन चुका है। 2017 से पहले हमें अपने कर्मचारियों को तनख्वाह देने तक का पैसा नहीं होता था। कोई बड़ा बैंक हमें पैसा नहीं देता था।

पूर्व कैबिनेट मंत्री आजम खां के मामले में सीएम ने कहा कि उनके कर्मों के कारण उन्हें न्यायालय से सजा मिली है। भारत की न्यायपालिका स्वतंत्र है।

### यूपी में नया सियासी समीकरण

# बसपा के साथ मिलकर चुनाव लड़ेंगी पल्लवी पटेल




**लखनऊ, 23 मार्च (एजेंसियां)।** यूपी में अपना दल कमेरावादी अब बसपा के साथ मिलकर चुनाव लड़ेगा। इसके लिए पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष कृष्णा पटेल ने लोकसभा की तीन सीटों पर चुनाव लड़ने के फैसले को फिलहाल स्थगित कर दिया है। पार्टी की नेता पल्लवी पटेल कल बसपा सुप्रीमो मायावती से मुलाकात करेंगी।

इसके पहले, कृष्णा पटेल ने इंडिया गठबंधन के तहत अपने स्तर से ही तीन सीटों पर चुनाव लड़ने की घोषणा की थी। अब उन्होंने घोषित सीटों की सूची वापस ले ली है। पार्टी की तरफ से जारी किए गए बयान में सीटों की सूची को अग्रिम सूचना तक निरस्त करने की बात कही गई है साथ ही कहा है कि शीघ्र ही संशोधित नई सूची जारी की जाएगी।

अपना दल ने तीन सीटों मिर्जापुर, कौशांबी और फूलपुर में चुनाव लड़ने का एलान किया था। सीटों की घोषणा करते हुए पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष कृष्णा पटेल ने कहा था कि हम इंडिया गठबंधन का हिस्सा हैं और अब तीन सीटों पर चुनाव लड़ने का एलान करते हैं।

## अनर्गल प्रलाप न करें विपक्षी नेता, एजेंसियां गलत हैं तो निर्णय कोर्ट करेगा : केशव प्रसाद मौर्य




**लखनऊ, 23 मार्च (एजेंसियां)।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार किए जाने पर विपक्षी दलों के नेता भाजपा व केंद्रीय एजेंसियों पर आरोप लगा रहे हैं। आरोप है कि विपक्ष के नेताओं को जानबूझकर निशाना बनाया जा रहा है।

इस पर यूपी के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि एजेंसियां गलत हैं तो इसका निर्णय अदालत करेगी। विपक्ष अनर्गल प्रलाप न करे।

उप मुख्यमंत्री ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर कहा कि लोकसभा चुनाव में जनता द्वारा नकारने जाने से बौखलाकर विपक्षी नेताओं को अनर्गल प्रलाप नहीं करना चाहिए। एजेंसियां गलत हैं तो अंतिम निर्णय न्यायालय और जनता की अदालत करेगी,इंडी गठबंधन के नेता नहीं! फिर एकबार मोदी सरकार...!

प्रवर्तन निदेशालय ने अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार कर रिमांड पर ले लिया है। हालांकि, केजरीवाल ने स्पष्ट कर दिया गया है कि वह जेल से ही सरकार चलाएंगे।

## हाईकोर्ट के फैसले के बाद सपा पर भड़के मौलाना शहाबुद्दीन

### मदरसों की दुर्दशा का जिम्मेदार बताया



**बरेली, 23 मार्च (एजेंसियां)।** इलाहाबाद हाईकोर्ट के मदरसों से संबंधित फैसले पर ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना मुफ्ती शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने कहा कि ये फैसला बड़ा मायूसी भरा है। मदरसों में अल्पसंख्यक समुदाय के लाखों बच्चे शिक्षा हासिल कर रहे हैं। अब उनका भविष्य अंधकार में चला जाएगा। इस फैसले के बाद जो सूरत-ए-हाल बन रहा है उससे जाहिर होता है कि मदरसों का वजूद खतरे में पड़ गया है। बता दें कि इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने यूपी बोर्ड ऑफ मदरसा एजुकेशन एक्ट 2004 को असंविधानिक करार दिया है। मौलाना ने मदरसों की दुर्दशा के लिए साफतौर पर सपा को जिम्मेदार ठहराया।

मौलाना ने कहा कि आजादी से पहले 1933 से 1944 तक के दरम्यान एक भाषाई नीति बनाई गई। इसका मकसद था कि अरबी, फारसी, और संस्कृत आदि भाषाओं को तरक्की देकर आगे बढ़ाया जाए। इन भाषाओं को पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को रोजगार से जोड़ा जाएं। 2003 तक ये व्यवस्था सुचारू रूप से चलती रही। अरबी व फारसी भाषा को बढ़ावा देने के लिए अरबी, फारसी बोर्ड के नाम से व्यवस्था कायम रही।

दूसरी तरफ संस्कृत भाषा को बढ़ावा देने के लिए संस्कृत बोर्ड भी काम करता रहा। 2004 में समाजवादी पार्टी की सरकार ने एक नया एक्ट बनाया, जिसका नाम मदरसा एजुकेशन एक्ट रखा गया।

सपा सरकार की तरफ से सबसे पड़ी गलती मदरसा शब्द को लाकर हुई। मदरसे का शब्द आते ही धार्मिक शिक्षा का नाम जुड़ जाता है चूंकि हमारा देश का ढांचा लोकतांत्रिक है। किसी भी धर्म को बढ़ावा देने का भारतीय संविधान में कोई भी प्रिंसिपल वसूल नहीं है, इसलिए जहां भी धार्मिक शिक्षा का नाम आएगा तो वहां पर हुकूमत की संस्थाएं जरूर सवाल खड़ी करेंगी, बिल्कुल इसी तरह यहां पर भी मदरसों के बारे में सवाल खड़ा हुआ।

मौलाना ने कहा कि अब मदरसों पर एक बड़ा संकट खड़ा हो गया है। इनको चलाना और बाकी रखना बहुत बड़ा मुद्दा बन गया है। उन्होंने कहा कि मदरसों की दुर्दशा के लिए सपा की सरकार को जिम्मेदार मानता हूं। अगर सपा सरकार ने मदरसा एजुकेशन एक्ट नहीं बनाया होता और अरबी फारसी बोर्ड खत्म न किया होता तो आज ये दिन न देखने पड़ते। दूसरे नंबर पर मदरसों से वाबस्ता धार्मिक नेतृत्व भी जिम्मेदार है। महीनों चलने वाले कोर्ट की बहस में अपना वकील नहीं खड़ा किया। सही से पैरोकारी भी नहीं की गई। मदरसों की दुर्दशा में सिर्फ भाजपा सरकार को दोष नहीं दिया जा सकता। धार्मिक नेतृत्व को भी जिम्मेदारी लेनी होगी।

## जेल में पूरी रात नहीं सो पाया आरोपी जावेद, सता रहा पुलिस रिमांड का डर



**बरेली, 23 मार्च (एजेंसियां)।** बदायूं में दो बच्चों की हत्या के मामले में सह आरोपी जावेद जेल में काफी डरा हुआ है। उसको पुलिस रिमांड में पूछताछ का डर है। जेल में पहली रात वह ठीक से सो नहीं पाया। जेल के अस्पताल सेल में कड़ी सुरक्षा के बीच सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में रखा गया है। सुरक्षा में दो बंदी रक्षकों को भी लगाया है।

शहर की बाबा कॉलोनी में 19 मार्च की शाम विनोद ठाकुर के पुत्र आयुष (13) और अहान उर्फ हनी (6) की चाकू से गला रेतकर हत्या कर दी गई थी। विनोद के घर के सामने सैलून चलाने वाले साजिद ने इस वारदात को अंजाम दिया था। साजिद को पुलिस मुठभेड़ में मारा गया। घटना के वक्त उसका भाई जावेद भी उसके साथ था। वह दिल्ली भाग गया था। उसने बृहस्पतिवार को बरेली में सरेंडर कर दिया।

आरोपी जावेद को शुक्रवार दोपहर करीब 12 बजे न्यायालय में पेश किया गया था, जहां से उसे तुरंत जेल भेज दिया गया था। उसी दौरान से जावेद को अस्पताल सेल में रखा गया। शाम को रजिस्टर पर उसका नाम लिखा गया, जिसमें उसको अंडर ट्रॉयल नंबर 751 मिला है। जेल में हाई सिक्योरिटी सेल नहीं है, जिससे उसे अस्पताल सेल में रखा गया है।

पूरा सेल सीसीटीवी कैमरों से लैस है और यहां दो बंदी रक्षकों को भी लगाया गया है, जिससे किसी दूसरी बैरिक का बंदी या कैदी उसमें नहीं आ सके। लगातार उसकी निगरानी चल रही है। शाम के समय उसने दाल, आलू-गोभी की सब्जी और रोटी खाई। शनिवार सुबह उसे जेल में चना और गुड़ के साथ चाय दी गई।

दोपहर के समय अरहर की दाल से रोटी खाई। जेल प्रशासन का कहना है कि जावेद डरा हुआ है, जिससे उसे अलग बैरिक में रखा गया है। जेलर रणंजय सिंह का कहना है कि वह मच्छरों काटने की शिकायत कर रहा था। यहां नगर पालिका की ओर से फागिंग कराई जाती है।

## सपा के कद्दावर नेता रेवती रमण सिंह ने कांग्रेस से मिलाया हाथ

### अविनाश पांडेय और अजय राय ने की मुलाकात



**प्रयागराज, 23 मार्च (एजेंसियां)।** करछना से आठ बार के विधायक और इलाहाबाद लोकसभा क्षेत्र से दो बार सांसद और एक बार के राज्यसभा सदस्य रह चुके कुंवर रेवती रमण सिंह सपा से बढ़ती दूरियों के बीच शनिवार को कांग्रेस के नजदीक आ गए। पीजीआई में इलाज करा रहे रेवती रमण सिंह से कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव और उत्तर प्रदेश के प्रभारी अविनाश पांडेय और कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने पहुंचकर मुलाकात की और उनका कुशलक्षेम जाना। इस मुलाकात के कई मायने निकाले जा रहे हैं।

माना जा रहा है कि कांग्रेस रेवती रमण सिंह के बेटे और करछना से विधायक रह चुके उज्ज्वल रमण सिंह को इलाहाबाद लोकसभा क्षेत्र से अपना उम्मीदवार बना सकती है।

राज्यसभा में सपा से प्रत्याशी न बनाए जाने से नाराज चल रहे रेवती रमण सिंह कांग्रेस से हाथ मिला सकते हैं। गत दिनों अखिलेश यादव प्रयागराज आए थे, लेकिन उन्होंने रेवती रमण सिंह से मिलने की जहमत नहीं उठाई। पूछे जाने पर कहा था कि फिर कभी बैठकर मुलाकात कर लेंगे और सारी शिकायत दूर हो जाएगी। सपा के कद्दावर नेता माने जाने वाले कुंवर रेवती रमण सिंह सपा मुखिया मुलायम सिंह यादव के बेहद करीबी माने जाते थे।

शनिवार को कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय और प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय ने पीजीआई पहुंचकर रेवती रमण सिंह से मुलाकात की. इसका फोटो भी अविनाश पांडेय ने अपने ट्विट अब एक्स) पर शेयर किया है। इसके बाद से ही राजनीतिक गलियारों में हलचल तेज हो गई है।

### सीएम योगी बोले : संविधान से ऊपर नहीं हो सकती शरियत

# भारत के मुसलमानों को मानना होगा देश का कानून



**लखनऊ, 23 मार्च (एजेंसियां)।** सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि शरियत संविधान से बड़ी नहीं है। ये देश संविधान से चलेगा। शरियत भारत से बड़ी नहीं हो सकती है। मुस्लिमों को घर-मकान सब मिल रहा है, लेकिन उन्हें भारत का कानून भी मानना चाहिए। उन्होंने मदरसों के आधुनिकीकरण पर भी जोर दिया।

एक निजी टीवी चैनल के कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने मदरसों के आधुनिकीकरण के सवाल पर कहा कि शरियत हमारा व्यक्तिगत विषय हो सकता है, मगर वो संविधान से ऊपर नहीं हो सकता। हम मदरसों का आधुनिकीकरण कर रहे हैं। हमे वैज्ञानिक, इंजीनियर और कुशल मानव संसाधनचाहिए। हमें अपने शिक्षण संस्थानों को उसी अनुरूप बनाना होगा। प्रदेश की शिक्षण व्यवस्था में एकरूपता लाना हमारी प्राथमिकता है।

मुसलमानों की चिंता की सवाल पर सीएम योगी ने कहा, "मुस्लिमों की कौन चिंता नहीं करता। उन्हें मकान मिल रहा है। खाने को मिल रहा है।

लेकिन, वे भारत का कानून भी तो मानें। भारत के संविधान का सम्मान करें। शरियत संविधान से बड़ी नहीं हो सकती। अगर मुसलमान इस बात को मानें तो भारत की जनता उन्हें सिर आंखों पर बिठाएगी।

सीएम योगी ने कहा कि कहा कि हम हिन्दू आस्था के साथ खिलवाड़ नहीं कर पाए। इसलिए शायद मुसलमानों के मन में जगह नहीं बना पाए। हिन्दुस्तान में हमें यहां की मूल आत्मा का सम्मान करना पड़ेगा। हिन्दू भारत की मूल आत्मा है। उसका अपमान नहीं किया जा सकता। जिसको गलतफहमी होगी कि हम इस भावना का अपमान करके राजनीति करेंगे, तो हम ऐसी राजनीति को ठोकर मारते हैं। हम देश की सुरक्षा और हिन्दु आस्था के सम्मान पर कोई समझौता नहीं कर सकते। ईश्वर की कृपा और जनता का आशीर्वाद हमारे साथ है।

सीएम ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी विकास की बात करती है। ध्रुवीकरण की राजनीति नहीं करती। हम लोकआस्था का सम्मान करते हैं। हम कर्फ्यू नहीं लगाते, कांवड़ यात्रा का मार्ग प्रशस्त करते हैं। वे दंगा करते थे, हम प्रदेश को कानून के राज के साथ दंगा मुक्त राज्य के रुप में स्थापित करते हैं।

प्रदेश में आध्यात्मिक पर्यटन में यूपी में बहुत संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि वह जितनी बार अयोध्या, मथुरा और काशी गए हैं, उतना कोई भी मुख्यमंत्री नहीं गया। यही कारण है कि 2017 से पहले की अयोध्या और अब की अयोध्या में संभावनाओं के मामले में 100 गुना ज्यादा बढ़ोतरी हुई है। लाखों लोगों को रोजगार मिला है। सीएम ने बताया कि वो अपना चुनावी अभियान मथुरा से शुरू करेंगे।

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी पर योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कोई भी कानून से बड़ा नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि देश में लोकतंत्र है। इसलिए अरविंद केजरीवाल बार-बार दिल्ली के मुख्यमंत्री बन सके। मगर, लोकतंत्र किसी व्यक्ति, पार्टी या संस्था को डकैती डालने की छूट नहीं देता। मुख्यमंत्री प्रदेश का मालिक नहीं होता। हमारा काम जनसेवक और कस्टोडियन का होता है।

उन्होंने कहा कि कोई भी, "फिर चाहे मैं ही क्यों न हूं, अगर नियम विरुद्ध आचरण करूंगा तो मुझ पर भी देश का कानून लागू होगा। कोई व्यक्ति या सरकार खुद को कानून से ऊपर मानने लगे तो ये गलत है। ईडी एक स्वतंत्र नियामक संस्था है और केजरीवाल का मामला कोर्ट में है। इसे अब कोर्ट ही तय करेगी।

सीएम योगी ने सीएए के सवाल पर कहा कि पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान में हिन्दू आबादी कई गुना घटी है। सीएए भारत के वसुधैव कुटुम्बकम की अवधारणा है

## बाइक सवार को बचाने में पलटी बच्चों से भरी स्कूली बस, छात्रा व चालक घायल

**जौनपुर, 23 मार्च (एजेंसियां)।** जौनपुर जिले के जफराबाद बाईपास पर शनिवार को छात्र छात्राओं से भरी स्कूल की बस पलट गयी।जिसमें चालक तथा एक छात्रा घायल हो गए। संयोगवश कोई बड़ी घटना नही हुई।

कस्बे में स्थित काली प्रसाद इंटर कॉलेज के स्कूल की बस बच्चों को लेकर जा रही थी। बस में लगभग 25 बच्चे थे। बाईपास पर बस के आगे जा रहे बाइक सवार असंतुलित होकर लहराने लगा।बस चालक समीर उर्फ कल्लू पुत्र बाबु निवासी कगदिपान बाइक सवार को बचाने में असंतुलित हो गया। बस बाईपास के पटरी के गड्ढे में जाकर पलट गई।

संयोग अच्छा रहा जहा बस पलटी वहां पर नगर पंचायत का कचरा फेंका गया था।इस लिए बस एक बार पलट कर रुक गयी।बस पलटने के बाद आसपास के लोगों ने आनन- फानन बच्चों को बाहर निकाला। डर के मारे बच्चे कांप रहे थे। उनके रोने चिल्लाने की आवाज को सुन लोग उन्हें समझाने लगे। हालांकि कक्षा नौ की छात्रा दीपाली यादव पुत्री श्यामनारायण यादव निवासी सखोई के माथे पर बहुत हल्की चोट आयी है।

चालक समीर को कुछ ज्यादा चोट आई। वह अचेत था। घटना की सूचना पर थाना प्रभारी सुरेन्द्र नाथ सिंह, चौकी प्रभारी अरविंद यादव, कॉलेज के प्रबंधतंत्र के लोग तत्काल मौके पर पहुंच गए।

# त्वचा और बालों की देखभाल करे कर्पूर

आमतौर पर पूजा-पाठ में उपयोग किया जाने वाला कर्पूर स्वास्थ्य के लिए भी लाभदायक है। इसका उपयोग आयुर्वेद में भी किया जाता है। आयुर्वेद चिकित्सक देवेन्द्र गुप्ता ने बताया कि कर्पूर का उपयोग करने से ताजगी के साथ कई लाभ होते हैं।

घर में ताजगी के लिए कर्पूरः जैसे कपूर पूजा स्थल को पवित्र और शुद्ध करता वैसे ही ये शरीर में ऊर्जा भरकर शरीर को ताजगी का आभास कराता है।

त्वचा की रक्षा : कर्पूर का एक गुण यह भी है कि ये त्वचा की पूर्ण देखभाल करता है और पिंपल, कील, मुंहासे, दाग और फोड़े जैसी समस्याओं को आसपास भी नही फटकने देता है। इसके लिए आपको प्रतिदिन इसका तेल अपने चेहरे पर लगाना होता है।



बालों को मजबूत बनाए : कर्पूर का तेल बालों के लिए भी बहुत लाभकारी माना जाता है। कर्पूर के तेल को किसी अन्य सुगन्धित तेल के साथ मिलाकर बालों में लगाना चाहिये। इस तरह ये बालों की जड़ों को मजबूत करता है और बाल झड़ने की समस्या को दूर करता है।

फटी एड़ियां ठीक करेः सर्दियों में एड़ियां फट जाती हैं। इससे निजात के लिए थोडा गर्म पानी कर लें और उसमें कर्पूर की कुछ गोलियों को डालें। कुछ देर तक अपने पैरों को इस पानी में रखें और फिर साफ कर लें। इस उपाय को आप 15 से 20 दिनों तक अपनाएं।

घाव में आरामः खेलते-कूदते समय शरीर पर घाव लगना या थोडा बहुत हाथ जल जाना बहुत ही सामान्य बात होती है. इसके लिए हम अेसर किसी एंटीबायोटिक क्रीम या दवाई का इस्तेमाल करते है लेकिन इसकी जगह आप कर्पूर का इस्तेमाल करें तो जल्दी आराम मिलेगा।

हेल्थ अलर्ट

# सुबह-सुबह पीएं गुनगुना पानी और शहद, होगा फायदा



**सुबह उठकर गुनगुना पानी पीने के फायदों के बारे में तो जानते होंगे, लेकिन अगर उसमें शहद मिला दिया जाए तो यह और भी प्रभावी हो जाता है। इससे पेट भी ठीक रहता है और वजन कम करने में भी मदद मिलती है। इसलिए मौसम बदलने की वजह से अगर आपका पेट खराब हो गया हो तो इसे जरूर पिएं।**

### तुरंत एनर्जी देता है

सुबह के समय गुनगुना पानी और शहद पीने से दिन भर आप तरो-ताजा महसूस करेंगे। यह मेटाबॉलिज्म ठीक करता है जिससे जल्दी थकान नहीं होती और शरीर में एनर्जी बनी रहती है।

### इम्यून सिस्टम स्वस्थ रहता है

शहद में ऐंटीबैटीरियल तत्व पाए जाते हैं। इसमें विटमिन और मिनरल्स होते हैं, जिससे शरीर में बैटीरिया नहीं पनप पाते और इयून सिस्टम स्वस्थ रहता है।

### गैस

पेट में गैस बनने से कई बार असुविधा होती है। गुनगुने पानी और शहद का सेवन करने से शरीर में गैस कम बनती है।

### पेट होगा साफ

रोज गुनगुने पानी में शहद मिला कर पिएं इससे आपका पाचन तंत्र अच्छा रहेगा। शहद में ऐंटीसेप्टिक गुण होते हैं जिससे आपका पेट साफ रहता है और खाना आसानी से पच जाता है।

### खांसी ठीक करता है

गुनगुना पानी और शहद लेने से गले के दर्द और जलन में आराम मिलता है। शहद से गले में परत जम जाती जिससे खांसी कम होती है गुनगुने पानी से गले की सिकाई होती है।

### एलर्जी से बचाता है

सुबह खाली पेट गुनगुने पानी में शहद लेने से वजन तो कम होता है, इसके साथ यह हमें ऐलर्जी से बचता है। गुनगुने पानी में शहद लेकर इससे बचा जा सकता है। यह आपकी त्वचा के लिए भी फायदेमंद है।

### वजन कम करे

गुनगुने पानी में शहद मिला कर पीने से वजन कम किया जा सकता है। शहद में पाई जाने वाली चीनी प्राकृतिक होती है जो शरीर में स्वस्थ कैलरी का स्रोत है।

गुनगुने पानी में शहद मिला दिया जाए तो यह काफी प्रभावी हो जाता है। मौसम बदलने से अगर पेट खराब हो गया हो तो इसे जरूर पिएं।

# ध्यान रखें ये बातें, बनी रहेगी रिश्तों में मिठास



**हमें लगता है कि क्लोज रिलेशन्स में हम अपने प्रियजन को कुछ भी बोल सकते हैं। ऐसा सोचने के पीछे हमारी धारणा होती है कि उस पर तो मेरा पूरा अधिकार है। यह सही है कि अपने अधिकारों के चलते हमें कुछ रिश्तों में खुद को व्यक्त करने की पूरी छूट होती है, लेकिन इसका यह मतलब बिल्कुल नहीं है कि हम बिना सोचे-समझे कुछ भी बोलकर अपने प्रियजनों को आहत कर बैठें। जानिए, हमारी कौन-सी आदतें अनजाने में ही हमारे रिश्तों में दिक्कत पैदा कर देती हैं...**

### बात-बात पर व्यंग करना

`लोज रिलेशन में जब हम किसी भी बात पर सटायर कर देते हैं और हमारे परिजन हंस देते हैं। लेकिन हर बार या बात-बात पर ऐसा करना सही नहीं होता है। दोस्तों के बीच भी इस बात का`याल रखें।

### जबरदस्ती का दखल

कई बार हम किसी फ्रेंड या किसी रिलेटिव के पर्सनल मैटर में जरूरत से ज्यादा दखल देने लगते हैं और अनजाने में ही उन पर अपनी सोच थोपने लगते हैं। ऐसा करने से हमेशा बचना चाहिए।`योंकि भले ही ऐसा करने के पीछे आपकी कोई गलत मंशा न रही हो, लेकिन आपका अपनी बात थोपने का तरीका आपके प्रियजन को आहत कर सकता है।

हमें लगता है कि`लोज रिलेशन्स में हम अपने प्रियजन को कुछ भी बोल सकते हैं। ऐसा सोचने के पीछे हमारी धारणा होती है कि उस पर तो मेरा पूरा अधिकार है। यह सही है कि अपने अधिकारों के चलते हमें कुछ रिश्तों में खुद को व्यक्त करने की पूरी छूट होती है, लेकिन इसका यह मतलब बिल्कुल नहीं है कि हम बिना सोचे-समझे कुछ भी बोलकर अपने प्रियजनों को आहत कर बैठें। जानिए, हमारी कौन-सी आदतें अनजाने में ही हमारे रिश्तों में दिक्कत पैदा कर देती हैं...

### बात-बात पर व्यंग करना

`लोज रिलेशन में जब हम किसी भी बात पर सटायर कर देते हैं और हमारे परिजन हंस देते हैं। लेकिन हर बार या बात-बात पर ऐसा करना सही नहीं होता है। दोस्तों के बीच भी इस बात का`याल रखें।

### जबरदस्ती का दखल

कई बार हम किसी फ्रेंड या किसी रिलेटिव के पर्सनल मैटर में जरूरत से ज्यादा दखल देने लगते हैं और



अनजाने में ही उन पर अपनी सोच थोपने लगते हैं। ऐसा करने से हमेशा बचना चाहिए।`योंकि भले ही ऐसा करने के पीछे आपकी कोई गलत मंशा न रही हो, लेकिन आपका अपनी बात थोपने का तरीका आपके प्रियजन को आहत कर सकता है।

### लेटलतीफी

जब भी दोस्तों और रिश्तेदारों के साथ कहीं जाने का प्लान बनाएं तो वक्त का`याल रखें। दिए गए वक्त पर पहुंचे। अगर हर बार किसी प्लान में आपके दोस्त आपके कारण लेट होते हैं, तो हो सकता है कि आगे से वह आपको प्लान का हिस्सा ही न बनाएं। अगर आप ऐसी स्थिति फेस नहीं करना चाहते, तो लेटलतीफी की अपनी आदतो तो बदल लीजिए। यह आपको पर्सनल और प्रफेशनल दोनों फ्रंट पर मदद करेगा।

### कमियां निकालना

कुछ लोगों में आदत होती है कि वह हर किसी में कमियां खोजते रहते हैं। पीठ पीछे चुगलियां करते हैं। अगर आप चाहते हैं कि आपकी छवि अच्छे इंसान की बने साथ ही लोग आपको रिस्पेट दें, तो जरूरी है कि आप भी दूसरों को सेमान दें। ऐसी आदतें आपके पारिवारिक रिश्ते तो खराब करती ही हैं, आपके करियर में बाधा पहुंचा सकती हैं।

### ब्लेम गेम

गलती होने पर गलती स्वीकार लेना ही सही होता है। दूसरों पर आरोप मढ़ने से आपके नजदीकी लोगों के साथ आपके रिश्ते तो बिगड़ते ही हैं, आपकी छवि भी खराब होती है। जबकि गलती मान लेने से लोगों के बीच आपकी इमेज एक जिमेदार व्यक्ति की बनती है।

### चीजें वापस न करना

जब आपको किसी चीज की जरूरत थी, तो आपने परिजनों या सहयोगियों से ले ली और काम पूरा होने पर लौटाना भूल गए। अगर ऐसा करना आपकी आदत में शुमार है, तो इस आदत को जल्दी ही छोड़ दीजिए। अगर नहीं छोड़ा, तो कहीं ऐसा न हो कि नेस्ट टाइम कोई आपकी मदद ही न करे।

हेल्थ अलर्ट

# तरबूज का सुंदरता से भी है गहरा नाता



**तरबूज में कई सारे और भी गुण हैं जिससे आप शायद अब तक अनजान होंगे। ये आपकी सुंदरता को बढ़ाने की शक्ति रखता है और आपकी त्वचा को अंदर से सही करता है। इसे खाने तक ही सीमित मत रखिए इसका उपयोग आप अपने स्किन के लिए भी कर सकते हैं। इसका उपयोग सनबर्न और ऐसे ही त्वचा की समस्याओं से छुटकारा पाने के लिए किया जा सकता है। जानें तरबूज के फायदे...**

- तरबूज में पाए जाने वाले विटामिन ए की मात्रा स्किन के पोर्स के आकार को कम करता है जिससे त्वचा में बनने वाले तेल की समस्या भी कम हो जाती है।

- ये पोर्स को कम करने में मददगार होता है जिससे स्किन में बनने वाले तेल की मात्रा भी खत्म हो जाती है। और जब त्वचा में तेल नहीं बनेंगे तो ऐने और पिंपल की समस्या भी अपनेआप खत्म हो जाएगी। इसके लिए वॉटरमेलन जूस से रोज अपने चेहरे को मसाज करें।

- वॉटरमेलन का जूस एक नेचुरल टोनर की तरह भी काम करता है। इसमें हल्के मात्रा में पाए जाने वाले एसीडिक गुण आपकी त्वचा को प्राकृतिक रुप से टोन करता है।

- समर में त्वचा धूप से जलकर डल और बेजान हो जाती है। वॉटरमेलन का जूस चेहरे और गर्दन पर लगाएं और अपनी त्वचा को बनाये रखें जवां।

- वॉटरमेलन में 93 प्रतिशत तक टेस्टी पानी पाया जाता है। ये चेहरे के स्किन के अंदर से सारी गंदगियों को बाहर निकालने में काफी मददगार होता है।`लीयर और फ्रेश स्किन पाने के लिए रोजाना इसके जूस का सेवन करें।

वॉटरमेलन का एक छोटा स्लाइस लेकर उसे मैश करें फिर इसमें प्लेन दही डाल कर अच्छे से मिस कर के पेस्ट बना लें। अब इस पैक को चेहरे पर लगा कर 15 मिनट तक रखें। हल्के गुनगुने पानी से चेहरे को धो लें और इसके 10-15 मिनट के बाद कोई अच्छा सा माइल्ड`लींजर लगाएं।

- एक छोटे बर्तन में एक बड़ा चेमच वॉटरमेलन का जूस और एक बड़ा मैश किया हुआ चेमच एवोकैडो लें। इन्हें अच्छे से मिस करके चेहरे और गर्दन पर लगायें। 15-20 मिनट के बाद इसे ठंडे पानी से धो दें और हल्के हाथों से थपथपा कर साफ तौलिए से सुखा लें।

- एक बड़े चेमच वॉटरमेलन जूस में एक बड़ा चेमच मैश किया हुआ केला मिलाएं। इसे अच्छे से मिस करने के बाद गर्दन और चेहरे पर लगायें। 20 मिनट के बाद इसे हल्के गुनगुने पानी से धो दें।

# बोधगया का धार्मिक ही नहीं ऐतिहासिक महत्व भी है

बोधगया दुनिया का ऐसा महत्वपूर्ण स्थल है जो पूरी तरह बौद्ध धर्म को समर्पित है। यहां मौजूद बरगद के पेड़ के नीचे ही कपिलवस्तु के राजकुमार गौतम को बौद्धिक ज्ञान प्राप्त हुआ था और वह महात्मा बुद्ध के नाम से पूरी दुनिया में जाने गए। महात्मा बुद्ध ने अपने ज्ञान और उपदेश से बिहार में पहली बार बौद्ध धर्म का प्रचार किया। बुद्ध का सादा जीवन, उनका त्याग और लोगों के प्रति उनकी सहानुभूति के कारण लोगों ने बौद्ध धर्म को अपनाना शुरू किया। महात्मा बुद्ध की मृत्यु के बाद सम्राट अशोक ने फिर से बौद्ध धर्म का प्रचार किया और कई मठ बनवाए। साथ ही कई स्तंभ भी बनवाए, जिन्हें अशोकन पिलर्स को नाम से जाना जाता है। यह मठ आने वाले पर्यटकों को बुद्ध की जीवनी के बारे में जानकारी देते हैं। बोध गया का महाबोधी मंदिर और बोधी पेड़ वहां के गौरव ही नहीं, धरोहर भी हैं।

बोध गया का महाबोधी मंदिर वास्तु शिल्प का बेजोड़ उदाहरण है। मंदिरों को पिरामिड और बेलना आकार में बनाया गया है। 170 फीट ऊंचे इस मंदिर का बेसमेंट 48 वर्ग फीट का है। मंदिर के ऊपर छत्र धर्म का प्रतीक माने जाते हैं। मंदिर के अंदर भगवान बुद्ध की भव्य प्रतिमा है, जिसे देख कर लोग अपने जीवन में सादगी और सद्भावना को ग्रहण करते हैं। मंदिर के पूरे आंगन में कई स्तूप बने हैं। जहां लोग



मन्नत मांगने आते हैं। 2500 साल पुराना यह स्तूप अपने आप में बेजोड़ कारीगरी का उदाहरण है।

बोधी पेड़ बोधगया का सबसे महत्वपूर्ण स्थान है। इसी वृक्ष के नीचे भगवान बुद्ध को निर्वाण की प्राप्ति हुई थी फिर बौद्ध धर्म का प्रचार हुआ था। बैशाख (मई) के महीने में यहां मेला लगता है। जिसमें इस वृक्ष की पूजा की जाती है। बौद्ध धर्म के अनुयायी खास तौर से इस पेड़ की पूजा करते हैं ताकि वह महात्मा बुद्ध के दिखाए पद चिन्हों पर चल सकें।

रत्नागढ़ में भगवान बुद्ध ने एक हेता बिताया था। इसके अलावा बुद्ध की 80 फीट की प्रतिमा, लोटस टैंक, बुद्ध कुंड, चाइनीज मंदिर और मोनेस्ट्री, बर्मी मंदिर, अंतरराष्ट्रीय बुद्धिस्ट हाउस और जापानी मंदिर, थाई मंदिर, तिबती मठ, वास्तुशिल्प के`यूजिक, दुर्गेश्वरी हिल वगैरह भी देख सकते हैं।

बोध गया के आसपास और भी ऐसी जगह हैं जहां आप भ्रमण के लिए जा सकते हैं। बोध गया से 32 किलोमीटर दूर देव स्थित सूर्य मंदिर की वास्तुकला बेहद खूबसूरत है। इस मंदिर को देखकर ओड़िशा के कोणार्क मंदिर की याद आती हैं`योंकि इसका निर्माण कोणार्क मंदिर की तरह ही किया गया है। अेटूबर-नवेबर के महीने में यहां बिहार का पारंपरिक छठ उत्सव मनाया जाता है। बोधगया से 12 किलोमीटर दूर है प्रेतशीला पहाड़, जो गया की बेहद खूबसूरत जगह है। इस पहाड़ के नीचे है ब्रहम कुंड जिसमें स्नान कर लोग पिंडदान करते हैं। इस पहाड़ पर स्थित है 1787 में बना अहिल्या बाई मंदिर, जिसे इंदौर की रानी अहिल्या बाई ने बनवाया था। इस मंदिर की बेहतरीन कारीगरी और शानदार मूर्तिकला को देखने देश-विदेश से पर्यटक आते हैं।

फाल्गुन नदी के किनारे विष्णुगढ़ मंदिर बेजोड़ कारीगरी की मिसाल है। दूर-दूर से भक्त और पर्यटक इसके आर्कषण में खिंचे चले आते हैं। 1787 में ही इसे भी रानी अहिल्या बाई ने ही बनवाया था। तीस फीट ऊंचा अष्टभुजाकार मीनार इस मंदिर को छाया प्रदान करता है। 41 किलोमीटर की दूरी पर महत्वपूर्ण पुरातत्वीय जगह है बारबर गुफाएं। ये गुफाएं मौर्यकालीन हैं। ये गुफाएं वास्तुकला के शुरुआती दौर को दर्शाती हैं। इन गुफाओं में भगवान बुद्ध ने कुछ समय तपस्या की थी। इसी गुफा में उन्हें ज्ञान की प्राप्ति हुई थी। बोधगया जाने का बेहतर समय है अेटूबर से अप्रैल तक। जून के मध्य से सितंबर मध्य तक यहां बारिश की मौसम होता है। बोधगया जाने के लिए सड़क और रेलमार्ग का इस्तेमाल कर सकते हैं। दिल्ली से कोलकाता जाने वाली राजधानी ऐसप्रेस भी गया जाती है। हवाई मार्ग से भी वहां पहुंचा जा सकता है।

# गर्मी और लू के दौरान ऐसे रखें फेस का ध्यान

गर्मी का मौसम शुरू होते ही लू चलने का सिलसिला भी शुरू हो चुका है। लगातार तापमान बढ़ रहा है, ऐसे में त्वचा सबसे ज्यादा प्रभावित होती है। इस मौसम में आप अपनी स्किन में कैसे ग्लो ला सकती हैं, इसके लिए जानें आसान टिप्सः

धूप में न निकलेंः गर्मी में धूप की किरणें स्किन को काफी प्रभावित करती हैं। ऐसे में सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे के बीच धूप में बाहर निकलने से बचें। इस समय धूप में निकलने से सनबर्न या सनटैनिंग का खतरा हो सकता है। फिर भी अगर घर से निकलना जरूरी हो तो स्किन पर सनस्क्रीन लोशन (SPF-30) लगाकर ही निकलना चाहिए। इसके अलावा बाहर निकलते वक्त मुंह और हाथों को कवर करके रखें।

स्क्रब से आता है ग्लो : फेस की नमी कायम रखने के लिए कम से कम दिन में दो बार चेहरे को`लींजर या वॉटर बेस्ड मॉइश्चराइजर से धोएं। इससे फेस तरोताजा रहेगा। इसके अलावा स्क्रब करना भी न भूलें। इससे स्किन की सभी मृत कोशिकाएं खत्म हो जाती हैं और स्किन तरोताजा हो जाती है। स्क्रब से चेहरे में रक्त संचार भी बढ़ता है,



जिससे फेस ग्लो करता है।

नींद से आएगा निखार : गर्मी में अगर आप रोजाना एक अच्छी नींद लेंगी तो इसका पॉजिटिव असर आपकी बॉडी पर पड़ेगा। दिन में कम से कम 8 घंटे की नींद लेनी चाहिए। ऐसा करने से स्किन निखरने लगेगी और गर्मी का असर भी स्किन पर नहीं पड़ेगा। वैसे इसके लिए आपको अपनी डाइट का भी पूरा ध्यान रखना होगा।

पानी पीते रहें : पसीना ज्यादा निकलने से शरीर के साथ स्किन भी डिहाइड्रेटेड हो जाती है। इसका असर यह होता है कि स्किन अपनी नमी और ग्लो दोनों खो देती है। इसके लिए दिन में कम से कम 10 ग्लास पानी पीने की आदत डालें। इसके अलावा लस्सी, दही व नींबू पानी भी पीते रहें। इस मौसम में ऑयल बेस्ड मॉइस्चराइजर इस्तेमाल न करें। इसके स्थान पर वॉटर बेस्ड मॉइस्चराइजर यूज करें।

फल व सलाद खाएं : इस मौसम में ऑयली और भारी भोजन नहीं करना चाहिए। दिन में ज्यादातर फल और सलाद खाएं। इससे बॉडी को एनर्जी मिलती है और स्किन को नमी। इससे चेहरा फ्रेश भी लगता है। गर्मी के मौसम में कैफीन युक्त ड्रिंस से परहेज करना चाहिए, इसलिए चाय या कॉफी का बिलकुल सेवन न करें। यह भी स्किन को नुकसान पहुंचाती हैं।

## रेसिपी



### सामग्री

छोटा चावल - 300 ग्राम ( 1 1/2 कप )
पाउडर चीनी - 100 ग्राम ( आधा कप )
दही या दूध - 1 टेबल स्पून
घी - 2 टेबल स्पून
तिल -2 टेबल स्पून
तलने के लिए - घी

### विधि

छोटे, नये चावल ले लीजिए, चावलों को साफ कीजिए, धोइए और भिगो दीजिए। चावल तीन दिनों तक भीगे रखने हैं लेकिन 24 घंटे बाद पानी बदल दीजिए। चावलों को किसी साफ मोटे सूती कपड़े के ऊपर छाया में फैला दीजिये, 1 या 1 1/2 घंटे में चावलों का पानी सूख जाता है(चावल पूरी तरह नहीं सूखने चाहिये वे नम ही रहें)। इन चावलों को मिक्सी से मोटा आटे जैसा पीस कर एक बर्तन में निकाल लीजिए, आटे को छलनी में छाना जा सकता है। चीनी पाउडर, चावल का पिसा आटा और घी को अच्छी तरह मिलाइए। दही को मथ कर या दूध चम्मच से थोड़ा डालिए और इस मिश्रण को इसी दही या दूध की सहायता से सख्त आटे की तरह गूथ लीजिए। आटे को 10-12 घंटे के लिये ढक कर रख दीजिए, आटा नरम हो कर सैट हो जाता है। कढ़ाई में घी डाल कर गरम कीजिए (कढ़ाई में घी इतना डालिए कि अनरसे अच्छी तरह डुब कर तले जा सकें)। गोल अनरसे बनाने के लिए आटे से छोटी छोटी लोइयां लेकर, तिल में लपेट कर, गोल करके, 4-5 अनरसे कढ़ाई में डालिए, करछी से हिला डुला कर ब्राउन होने तक तल लीजिए, तले हुए अनरसे प्लेट में नैपकिन पेपर बिछा कर रखिए और अनरसे बनाकर फिर से घी में डालिए इन्हें भी तल कर निकाल लीजिए, इसी तरह सारे आटे से अनरसे बनाकर तैयार कर लीजिए। गरमा गरम अनरसे तैयार हैं। आप इन अनरसों को अभी खाइए बहुत स्वादिष्ट बने हैं। ढंडे होने पर कन्टेनर में भरकर रख दीजिए और फिर 15 दिन तक कभी भी खाइए। अनरसे को तलते समय आग न तो अधिक धीमी रहे, धीमी आग पर तलने से अनरसे सख्त हो जाते हैं, और न अधिक तेज, तेज आग पर वे अंदर से कच्चे रह जाते हैं। मीडियम आग पर अनरसे तलें तो अनरसे ज्यादा सख्त नहीं बनते, अच्छे बनते हैं।

## बेसन लड्डू



### सामग्री

बेसन - 2 कप (200 ग्राम)
तगार - 1.5 कप (225 ग्राम)
घी - 1 कप (200 ग्राम)
बादाम - 25 (40 ग्राम)
काजू - 25 (40 ग्राम)
इलायची पाउडर - आधी छोटी चम्मच
पिस्ते - गार्निश के लिए

### विधि

कढ़ाई में घी डाल दीजिए और 50 ग्राम घी बचा लीजिए। जिसे हम बाद में यूज करेंगे। घी के मेल्ट होने पर बेसन डाल कर कलछी से लगातार चलाते हुए बेसन भूनिए, जब बेसन का रंग हल्का ब्राउन होने लगे और बेसन से अच्छी सुगंध आने लगे तो उसमें एक टेबल स्पून पानी के छींटे लगा दीजिए। बेसन को तब तक भूनें जब तक की इसमें से झाग खतम न हो जाए। झाग खत्म होने पर बेसन भून कर तैयार है। आग बंद कर दीजिए। भूने हुए बेसन को ठंडा करने के लिए अलग से प्लेट में निकाल लीजिए। काजू और बादाम को बारीक काट कर तैयार कर लीजिए। पिस्तों को भी पतला पतला कतर लीजिए। बेसन के हल्का ठंडा होने पर इसमें कटे हुए काजू बादाम डाल कर मिक्स कर लिजिए। इलायची पाउडर और बूरा (तगार) डाल कर अच्छे से मिक्स कर लीजिए। लड्डू बनाने के लिए मिश्रण तैयार है। मिश्रण में से थोड़ा सा मिश्रण लेकर गोल-गोल लड्डू बना लीजिए। लड्डू के ऊपर कतरे हुए पिस्ते सजा दीजिए। बेसन के लड्डू तैयार है। लड्डू को 6-7 घंटे तक हवा में ही रहने दीजिए। लड्डू खुश्क हो जाएंगे फिर लड्डूयों को एअर टाइट कन्टेनर में भरकर रख लीजिए और 2 - 3 महिने भर तक कभी भी खाइए।

# रंगों की जादुई दुनिया

होली में हम एक-दूसरे को रंगते हैं, लेकिन इन रंगों से कई बीमारियों का इलाज भी किया जाता है। इसे कलर थैरेपी कहते हैं। होली के अवसर पर जानें कलर थैरेपी के बारे में...

**हमारे** चारों ओर एनर्जी की इलैक्ट्रोमैग्नेटिक वेव्ज होती हैं, रंग इसका एक छोटा-सा हिस्सा हैं, जिसे हम वास्तव में देख सकते हैं। यह प्रोटॉन्स से बनता है। हम एक ऐसी दुनिया में रहते हैं, जहां रंग हमारी जिंदगी का अहम हिस्सा हैं। सोचो, अगर जिंदगी में सब कुछ ब्लैक एंड व्हाइट होता, तो जिंदगी कितनी नीरस व उबाऊ लगती। सड़कों पर लगे साइनबोर्ड पढ़ने से लेकर यह देखने तक कि फल पका है या कच्चा, रंगों की महत्वपूर्ण भूमिका है।

हम अपने रोजाना जीवन में रंगों का इस्तेमाल करते हैं, पर इनकी उपयोगिता को नहीं जानते। अगर हम इतिहास पर नजर डालें, तो हम देखते हैं कि विभिन्न सभ्यताओं ने रंगों के बारे में काफी अध्ययन किया।

**रंगों पर अध्ययन की शुरुआत**

प्रकाश (लाइट) के बारे में कुछ शुरुआती अध्ययन अरस्तु द्वारा किए गए। उन्होंने खोज की कि दो रंगों को मिलाने से तीसरा रंग बन जाता है। उन्होंने ऐसा पीले और नीले कांच के टुकड़ों को मिलाकर किया। इससे हरा रंग बन गया। उन्होंने यह भी खोज की कि प्रकाश तरंगों (वेव्ज) में ट्रैवल करता है।

प्लेटो और पाइथागोरस ने भी प्रकाश पर अध्ययन किया। सबसे पहले 1672 में न्यूटन ने रंगों पर अपना विवादास्पद पेपर पब्लिश किया। न्यूटन ने ही यह साबित किया था कि सूर्य की रोशनी सफेद नहीं, बल्कि लाल, संतरी, पीला, हरा, नीला, इंडिगो और बैंगनी सात विभिन्न रंग हैं।

**श्रेष्ठता के प्रतीक रंग**

आज हम अपनी पसंद के किसी भी रंग का चुनाव कर सकते हैं, पर हमेशा ऐसा ही नहीं था। पहले डाई के लिए पिगमेंट का इस्तेमाल किया जाता था। कपड़ों को बैंगनी रंगने के लिए जिस पिगमेंट का इस्तेमाल होता था, वह बहुत कीमती था। इसीलिए केवल अमीर लोग ही बैंगनी रंग के कपड़े पहनते थे। शायद यही कारण है कि बैंगनी रंग को ताकत, श्रेष्ठता और सत्ता का सूचक माना जाता है।

**रंगों की साइकोलॉजी**

दूसरे विश्वयुद्ध से पहले यह नोट किया गया कि लोग लाल रंग के कपड़े ज्यादा पहनते थे। लाल रंग साहस और शक्ति का प्रतीक है, जिसकी लड़ाई लड़ने वाले पुरुषों और महिलाओं को जरूरत थी। लाल रंग गुस्से, हिंसा और क्रूरता का भी प्रतीक है। जब युद्ध खत्म हो रहा था, तो नीला रंग काफी मशहूर हो गया। नीला रंग शांति का प्रतीक है, जिसकी उस समय सभी को बहुत जरूरत थी।

**स्किन से रंगों की पहचान**

यदि किसी व्यक्ति की आंखों की रोशनी चली जाती है, तो वह रंगों को स्किन के माध्यम से पहचान लेता है। हालांकि शरीर को इसे अडॉप्ट करने में समय लगता है, परंतु यह साबित हो चुका है कि जो लोग अंधे हैं, वे विभिन्न रंगों में फर्क कर सकते हैं।





**रंगों के प्रभाव**

हर रंग के अपने पॉजिटिव और नैगेटिव पहलू होते हैं। काले के साथ कोई दूसरा रंग पहनने से दूसरे रंग की एनर्जी बढ़ जाती है। रंग दवाई तो नहीं होते, पर इनसे बहुत-सी बीमारियों का इलाज किया जाता है। रंगों से किए जाने वाले ट्रीटमेंट को कलर थैरेपी कहते हैं।

**क्या है कलर थैरेपी ?**

प्रकाश ऐसी ऊर्जा है, जो सात रंगों से मिलकर बनी है, लाल, नारंगी, पीला, हरा, आसमानी, नीला, और बैंगनी। ये सारे रंग सूरज की किरणों से ही निकलते हैं। ये रंग मानसिक, भावनात्मक और शारीरिक रूप से हमारे शरीर पर अपना प्रभाव डालते हैं। कलर थैरेपी के अंतर्गत हमारे शरीर में सात चक्र हैं, जिनपर इन रंगों का प्रभाव पड़ता है।

रंगों से कई तरह से उपचार किए जाते हैं। रंगों पर ध्यान लगाना, सोलराइज्ड पानी, रंग श्वसन, रंगीन प्रकाश और रंगीन कपड़ों द्वारा भी रोगों का उपचार किया जाता है। इन रंगों के प्रभाव से शरीर का असंतुलन ठीक हो जाता है।

**कलर थैरेपी का इतिहास**

हजारों सालों से मिस्त्र, ग्रीस, चाइना और भारत में रंगों से विजिन्न रोगों का इलाज किया जाता रहा है। यहां सूरज की पूजा की जाती थी, क्योंकि मान्यता थी कि रोशनी के बगैर जीवन नहीं हो सकता। लाइट डैप्रीवेशन के कारण सर्दियों के दौरान बहुत से लोग 'सीजनल अफैक्टिव डिस्ऑर्डर' (SAD) के शिकार हो जाते हैं। मिस्त्र में इलाज के लिए मंदिर बनाए गए, जहां विभिन्न कमरों में अलग-अलग रंग करवाए गए। कलर थैरेपी भारतीय आयुर्वेदिक चिकित्सा का अभिन्न अंग माना जाता है।

**लाल**

लाल रंग अनीमिया, लो ब्लड प्रैशर, सर्दी- जुकाम, ब्रॉन्काइटिस, लकवा, निमोनिया, टीबी, अस्थमा में फायदा पहुंचाता है। यह हमारी इंद्रियों जैसे दृष्टि, गंध, श्रवण, स्वाद और स्पर्श की कमियों को भी दूर करता है।

**नारंगी**

नारंगी रंग मांसपेशियों की मरोड़ और ऐंठन, गॉल स्टोंस, फेफड़े, गुर्दे, ट्यूमर आदि के इलाज में सहायक होता है।

**पीला**

पीला रंग लाल और हरे रंग से मिलकर बना होता है, इसलिए इसमें इन दोनों रंगों के प्रभाव होते हैं। डायबिटीज, सैल्स डैमेज, पेट से जुड़ी समस्याएं, एक्जीमा, डायरिया आदि रोगों का उपचार इस रंग द्वारा किया जाता है।

**हरा**

हरा रंग प्रकृति का रंग है। यह हार्ट संबंधी बीमारियों, हाई ब्लड प्रैशर, अल्सर, सिरदर्द, एसिडिटी आदि से बचाव में सहायक होता है। यह हमारे शरीर की ऊर्जा उत्पन्न करने की शक्ति को भी संतुलित करता है।

**आसमानी**

आसमानी बढ़िया रोगाणु रोधक रंग है। यह श्वास लेने की क्रिया को संतुलित करता है। साथ ही यह सभी तरह के गले से संबंधित रोगों के लिए सहायक है। यह रंग चिकनपॉक्स, पीलिया, पोलियो आदि बच्चों में होने वाली बीमारियों के लिए भी अच्छा होता है।

**नीला**

नीला रंग चेहरे से जुड़ी कई समस्याओं के निराकरण में सहायक सिद्ध हुआ है। यह खून को साफ करता है, साथ ही अपेंडिसाइटिस और फेफड़ों की कमियों को भी दूर करता है।

**बैंगनी**

यह हड्डियों के विकास के लिए सहायक होता है। यह हमारे शरीर के पोटेशियम और सोडियम के संतुलन को भी ठीक करता है।




## होली आई रे

**लेकर** रंगों की बहार इन्द्रधनुषी रथ पर होकर सवार ढेरों खुशियां संग लाई रे होली आई रे, आई रे, होली आई रे। रंगों की हो रही बौछार आई रंगों की बहार, लाल, हरा, गुलाबी, पीला कहीं पर काला, कहीं है नीला बच्चों के हाथों की पिचकारी छूटी ऐसे मार किलकारी डाल गई सतरंगी फुहार सब ओर मस्ती छाई रे, होली आई रे, आई रे, होली आई रे।

टोली में सब घूम रहे हैं, ढोलक के संग झूम रहे हैं, गब्बारों को चूमें जैसे आओ खेलें धूम मचाएं एक-दूजे संग होली मनाएं भूलें सब आपस के बैर समझें न आज किसी को गैर अजब खुशी-सी छाई रे होली आई रे, आई रे, होली आई रे। यह संसार रंगों से भर दो सबके सपने सच्चे कर दो मिल जाओ आपस में ऐसे पानी में रंग घुलते जैसे होली की पवित्रता को बच्चो हमेशा कायम रखना देखो इसकी मर्यादा का उल्लंघन तुम कभी न करना बस रहना सब घुलमिल कर यह संदेशा लाई रे होली आई रे, आई रे, होली आई रे।


*- लता स्वामी*

## हम बताएं, आप बनाएं




## रास्ता ढूंढें

यह लड़की आइसक्रीम तक पहुंचने का रास्ता भूल गई है। क्या आप इसकी मदद करेंगे?



## तेजी से बढ़ता बांस

**पृथ्वी** पर बांस का अस्तित्व 20 करोड़ साल से भी अधिक पुराना है। यह पृथ्वी पर सबसे तेजी से बढ़ने वाला पौधा है। इसकी कुछ प्रजातियां प्रतिदिन 91 सैं.मी. तक की दर से बढ़ती हैं, अर्थात् 0.00003 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से।



### जिज्ञासा

## कैसे जलती है माचिस की तीली




**बच्चो,** हम कोई चीज जलाने के लिए माचिस का प्रयोग करते हैं। माचिस की डिबिया से हम एक तीली निकालते हैं और उसे माचिस की कम चौड़ाई वाली साइड पर रगड़ते हैं। रगड़ने पर तीली जल उठती है। क्या आप जानते हैं कि आखिर माचिस की तीली को आग कैसे लग जाती है?

असल में माचिस की खुरदरी सतह फास्फोरस के योगिकों से बनी होती है। फास्फोरस जरा-सी ऊष्मा यानी गर्मी पाते ही चिंगारी देने लगती है। माचिस की तीली के काले सिरे पर पोटाशियम क्लोरेट लगा होता है। पोटाशियम क्लोरेट ज्वलनशील पदार्थ होता है। इसे माचिस की खुरदरी सतह पर रगड़ने से ऊष्मा पैदा होती है। ऊष्मा मिलते ही सतह से चिंगारी निकलती है। इस चिंगारी से तीली के सिरे पर लगा ज्वलनशील पदार्थ जलने लगता है। इस तरह जलती है तीली। अगर तीली को किसी अन्य जगह पर रगड़ा जाए, तो वह नहीं जलती। इसका मुख्य कारण यह है कि उस जगह पर फास्फोरस नहीं लगा होता, फलस्वरूप तीली नहीं जलती।

## घोड़ा नहीं है हिप्पो

**हिप्पोपोटामस** धरती पर रहने वाला तीसरा सबसे बड़ा स्तनपायी है। इसका नाम ग्रीक शब्द 'हिप्पो' से लिया गया है, जिसका अर्थ है घोड़ा। पहले इसे 'दरियाई घोड़ा' कहा जाता था, पर हिप्पो घोड़े की बजाय सूअर के ज्यादा करीब है।



## दोस्त की परख

**एक** जंगल था। गाय, घोड़ा, गधा और बकरी वहां चरने आते थे। उन चारों में मित्रता हो गई। वे चरते-चरते आपस में कहानियां कहा करते थे। पेड़ के नीचे एक खरगोश का घर था। एक दिन उसने उन चारों की मित्रता देखी।

खरगोश पास जाकर कहने लगा- 'तुम लोग मुझे भी मित्र बना लो।' उन्होंने कहा- 'अच्छा।' तब खरगोश बहुत प्रसन्न हुआ। खरगोश रोज उनके पास आकर बैठ जाता। कहानियां सुनकर वह भी मन बहलाया करता था।

एक दिन खरगोश उनके पास बैठा कहानियां सुन रहा था। अचानक शिकारी कुत्तों की आवाज सुनाई दी। खरगोश ने गाय से कहा- 'तुम मुझे पीठ पर बिठा लो। जब शिकारी कुत्ते आएं, तो उन्हें सींगों से मारकर भगा देना।'

गाय ने कहा- 'मेरा तो अब घर जाने का समय हो गया है।' तब खरगोश घोड़े के पास गया। कहने लगा- 'बड़े भाई! तुम मुझे पीठ पर बिठा लो और शिकारी कुत्तों से बचाओ। तुम तो एक दुलत्ती मारोगे, तो कुत्ते भाग जाएंगे।' घोड़े ने कहा- 'मुझे बैठना नहीं आता। मैं तो खड़े- खड़े ही सोता हूं। मेरी पीठ पर कैसे चढ़ोगे? मेरे पांव भी दुख रहे हैं। इन पर नई नाल चढ़ी हैं। मैं दुलत्ती कैसे मारूंगा? तुम कोई और उपाय करो।'

तब खरगोश ने गधे के पास जाकर कहा- 'मित्र गधे! तुम मुझे शिकारी कुत्तों से बचा लो। मुझे पीठ पर बिठा लो। जब कुत्तो आएं, तो दुलत्ती झाड़कर उन्हें भगा देना।' गधे ने कहा- 'मैं घर जा रहा हूं। समय हो गया है। अगर मैं समय पर न लौटा, तो कुम्हार डंडे मार-मारकर मेरा कचूमर निकाल देगा।' तब खरगोश बकरी की तरफ चला।

बकरी ने दूर से ही कहा- 'छोटे भैया! इधर मत आना। मुझे शिकारी कुत्तों से बहुत डर लगता है। कहीं तुम्हारे साथ मैं भी न मारी जाऊं।' इतने में कुत्ते पास अ गए। खरगोश सिर पर पांव रखकर भागा। कुत्ते इतनी तेज दौड़ न सके। खरगोश झाड़ी में जाकर छिप गया। वह मन में कहने लगा 'हमेशा अपने पर ही भरोसा करना चाहिए।'

**सीख**- दोस्ती की परख मुसीबत में ही होती है।




### हमारे पक्षी

## फॉल्कन



**बच्चों,** आपको यहां शिकारी पक्षियों के बारे में जानकारी दे रहे हैं। आइए आज आपको इन्हीं में से फॉल्कन के बारे में बताते हैं। फॉल्कन यानी बाज भारत सहित ग्रेट ब्रिटेन, अमरीका अफ्रीका आदि स्थानों में पाया जाता है। इसकी एक खास बात यह है कि इसकी आंखों की देखने की क्षमता जबर्दस्त होती है। सच तो यह है कि आदमी की अपेक्षा इसकी देखने की क्षमता 2.6 गुना अधिक है। इसके अलावा इन्हें पक्षियों में सर्वश्रेष्ठ शिकारी का दर्जा प्राप्त है।

**खान-पान**- फॉल्कन चूहों, छोटे पक्षियों और सांप आदि को अपना शिकार बनाता है।

**शिकार का तरीका**- बाज के मजबूत नाखून ही उसे शिकार पर पकड़ बनाने में मदद करते हैं। इसकी सहायता से यह अपने शिकार को आसानी से चीड़-फाड़ लेता है। इसका पिछला नाखून सबसे मजबूत होता है, जिसे किलर क्लॉ भी कहते हैं। फॉल्कन की चोंच में एक गड्ढेनुमा संरचना होती है, जिसकी मदद से ये शिकार की गर्दन को पकडकर उनकी सांस-नली को ही बंद कर देते हैं।



# सर्वोच्च स्तर पर पहुंचा भारत का विदेशी मुद्रा भंडार, अब इतने अरब डॉलर बढ़ गया खजाना

**नई दिल्ली,23 मार्च (एजेंसियां)।**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा विदेशी मुद्रा भंडार को लेकर ताजा आंकड़े जारी किए गए हैं। इन आंकड़ों के अनुसार भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में लगातार चौथे सप्ताह धनवर्षा हुई है। 15 मार्च को समाप्त हुए सप्ताह में भारत का विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 642.49 बिलियन अमेरिकी डॉलर पहुंच गया है। यह अब तक का सबसे उच्च स्तर है। सप्ताह के दौरान भारत के विदेशी मुद्रा कोष में 6.396 बिलियन अमेरिकी डॉलर की वृद्धि हुई। यह जानकारी भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा दी गई।

### आरबीआई की रिपोर्ट की खास बातें

भारतीय रिजर्व बैंक ने बताया कि एक सप्ताह पहले भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 10.47 अरब डॉलर बढ़कर 636.095 अरब डॉलर हो गया था। कुल मिलाकर देखें तो बीते दो हफ्तों में भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में करीब 16.86 अरब डॉलर की बढ़ोतरी हुई है। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार 15 मार्च को समाप्त सप्ताह में फॉरेन करेंसी एसेट्स यानी विदेशी मुद्रा आस्तियां भी 6.034 अरब डॉलर बढ़कर 568.386 अरब डॉलर तक पहुंच गई हैं। फॉरेन करेंसी एसेट्स को विदेशी मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा माना जाता है।

### भारत का गोल्ड रिजर्व 42.5 करोड़ डॉलर बढ़ा

भारतीय रिजर्व बैंक ने यह जानकारी भी दी कि 15 मार्च को समाप्त सप्ताह के दौरान भारत के गोल्ड रिजर्व की कीमत 42.5 करोड़ डॉलर बढ़कर 51.14 अरब डॉलर हो गई है। रिजर्व बैंक ने बताया कि इस दौरान एसडीआर में भी बढ़ोतरी देखने को मिली, जो कि 6.5 करोड़ डॉलर बढ़कर 18.276 अरब डॉलर हो गया है। उधर अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) के पास भारत का आरक्षित जमा (फॉरेक्स रिजर्व) 12.9 करोड़ डॉलर बढ़कर 4.689 अरब डॉलर हो गया है।

## एप्पल में दर्जनों कर्मचारियों की नौकरी खतरे में, कंपनी ने 7 साल पुराने प्रोजेक्ट को किया बंद



**वाशिंगटन।** आईफोन बनाने वाली एप्पल ने लंबे समय से चल रहे एक प्रोजेक्ट को बंद करने का ऐलान किया है। इतना पुराना प्रोजेक्ट बंद होने से अब इससे जुड़े कर्मचारियों की नौकरी पर संकट आ गया है। बता दें कुछ समय पहले ही ऐप्पल ने अपने सेल्फ-ड्राइविंग कार से जुड़ा एक प्रोजेक्ट बंद किया था। इस बार कंपनी अपने स्मार्टवॉच से जुड़े एक प्रोजेक्ट को बंद कर रही है। दरअसल कंपनी अपनी स्मार्टवॉच के लिए खुद ही डिस्प्ले डिजाइन और डेवलप करती है, जिसे अब कंपनी ने बंद करने का फैसला किया है। कंपनी अब डिस्प्ले इंजीनियरिंग की टीम को बदल रही है। ऐसा अनुमान है कि कंपनी के इस प्रोजेक्ट को बंद करने से अमेरिका और एशिया में दर्जनों नौकरियां खतरे में आ जाएगी। सूत्रों ने कहा है कि कंपनी जिन प्रोजेक्ट्स को बंद कर रही है, उससे जुड़े कर्मचारियों को यह मौका दे रही है कि वे कंपनी के भीतर ही किसी दूसरे डिपार्टमेंट में अपने लिए कोई काम खोज लें, अगर उन्हें कंपनी के अंदर ही कोई और पोस्ट मिल जाती है तो वे ऐप्पल कंपनी में बने रहेंगे। हालांकि ये बात भी तय है कि बंद होने वाले प्रोजेक्ट से जुड़े सभी कर्मचारियों को कंपनी के भीतर ही नए रोल्स मिल पाएं, ऐसे में कई कर्मचारियों को कंपनी छोड़नी ही पड़ेगी। हालांकि कंपनी इन सभी कर्मचारियों को सेवरेंस देगी। कंपनी ने अपनी स्मार्टवॉच के लिए डिस्प्ले बनाने का एक प्रोजेक्ट सात साल पहले शुरू किया गया था। हालांकि कंपनी पहले से ही अपने प्रोडक्ट्स में डिस्प्ले को कस्टमाइज करती है, लेकिन वे काफी हद तक एलजी डिस्प्ले कंपनी और सैमसंग एसडीआई कंपनी जैसे पार्टनर्स के डिजाइन पर आधारित हैं।

## चीन के वाणिज्य मंत्री से मिले एपल के सीईओ टिम कुक, शंघाई में नए स्टोर की ओपनिंग

**नई दिल्ली।** चीन के वाणिज्य मंत्री वांग वेंताओ ने एपल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी टिम कुक से मुलाकात की। दोनों लोगों ने चीन में एपल के विकास और चीन-अमेरिका आर्थिक व व्यापार संबंधों पर अपने विचार साझा किए। यह बैठक कुक द्वारा शंघाई में एपल का सबसे नया स्टोर खोलने के एक दिन बाद हुई। फोन निर्माता एपल चीन में आईफोन की बिक्री में गिरावट और हुआवेई जैसे घरेलू प्रतिद्वंद्वियों से बढ़ती प्रतिस्पर्धा से जूझ रहा है। वांग ने कहा कि चीन-अमेरिका के बीच आर्थिक और व्यापारिक सहयोग द्विपक्षीय संबंधों के लिए एक स्थिर शक्ति है। चीन दोनों देशों के बीच व्यापार सहयोग के लिए एक निष्पक्ष, स्थिर और अनुमानित वातावरण बनाने के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ काम करने के लिए तैयार है। कुक के अगले सप्ताह बीजिंग में चीन विकास मंच में भाग लेने की उम्मीद है। इस दौरान शीर्ष चीनी नीति निर्माताओं के साथ विदेशी कंपनियों के सीईओ की एक सभा होगी।



## डीजीसीए ने एयर इंडिया पर लगाया 80 लाख रुपये का जुर्माना, एयरलाइंस ने तोड़ा था यह नियम

**नई दिल्ली।** डीजीसीए ने एयर इंडिया पर 80 लाख रुपये का भारी भरकम जुर्माना लगाया है। एयरलाइंस द्वारा दो नियमों का उल्लंघन किया गया है। यह जुर्माना उड़ान सेवा अवधि (एफडीटीएल) सीमित करने और चालक दल के लिए थकान प्रबंधन प्रणाली (एफएमएस) से संबंधित मानदंडों का उल्लंघन करने के लिए लगाया गया। दरअसल नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने जनवरी में एयर इंडिया का ऑडिट किया था। इस दौरान डीजीसीए को कुछ सबूत मिले और इनके आधार पर यह फैसला किया गया है। डीजीसीए ने जारी किया बयान डीजीसीए द्वारा जारी एक बयान में कहा गया है कि रिपोर्ट और सबूतों के विश्लेषण से कुछ बातें सामने आई हैं। पता चला है कि एयर इंडिया लिमिटेड ने कुछ मामलों में 60 साल से अधिक उम्र के दोनों चालक दल के सदस्यों के साथ उड़ान भरी थी। बयान के मुताबिक एयर इंडिया ने चालक दल को पर्याप्त आराम नहीं दिया। इसके अलावा लंबी उड़ानों से पहले और बाद में आराम देने में भी कोताही बरती। पहले भी हो चुकी है एयर इंडिया पर कार्रवाई इससे पहले भी डीजीसीए द्वारा एअर इंडिया पर 30 लाख रुपये का जुर्माना लगाया जा चुका है। उस दौरान एयरलाइंस को कारण बताओं नोटिस भी जारी किया गया था।



# रुपया सर्वकालिक निचले स्तर पर बंद, 48 पैसे लुढ़का, इन वजहों से मजबूत हुआ डॉलर

**नई दिल्ली,23 मार्च (एजेंसियां)।**


डॉलर के मुकाबले रुपया 48 पैसे की बड़ी गिरावट के साथ 83.61 के सार्वकालिक निचले स्तर पर बंद हुआ। प्रमुख विदेशी मुद्राओं की तुलना में डॉलर के मजबूत होने और एशियाई मुद्राओं के कमजोर होने से रुपये में गिरावट आई। बाजार सूत्रों ने कहा, घरेलू शेयर बाजारों से विदेशी पूंजी की निकासी के कारण भी रुपये की धारणा प्रभावित हुई। इससे पहले 13 दिसंबर, 2023 को रुपये ने 83.40 का निम्नतम स्तर छुआ था।

अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में डॉलर के मुकाबले रुपया कमजोरी के साथ 83.28 पर खुला। दिन के कारोबार में यह 83.65 के निचले स्तर तक आ गया था। पिछले कारोबारी सत्र में घरेलू मुद्रा 83.13 प्रति डॉलर पर बंद हुई थी। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.31 फीसदी तेजी के साथ 104.32 पर पहुंच गया।

शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) पूंजी बाजार में शुद्ध बिकवाल रहे। उन्होंने 3,309.76 करोड़ रुपये मूल्य के शेयरों की शुद्ध बिकवाली की।

### इन वजहों से मजबूत हुआ डॉलर

शेयरखान बाय बीएनपी पारिबा के शोध विश्लेषक अनुज चौधरी ने कहा, कमजोर यूरो व पाउंड के कारण डॉलर मजबूत हुआ। यूरो में गिरावट इसलिएआई क्योंकि स्विस नेशनल बैंक ने ब्याज दरों में 0.25 फीसदी से लेकर 1.5 फीसदी तक की कटौती कर बाजारों



को आश्चर्यचकित कर दिया। इससे जून, 2024 में यूरोपीय सेंट्रल बैंक की ओर से ब्याज दर घटाने की संभावना बढ़ गई है। बैंक ऑफ इंग्लैंड के ब्याज दर 5.25 फीसदी पर स्थिर रखने से पाउंड में भी गिरावट आई। अमेरिका के मजबूत आर्थिक आंकड़ों ने भी डॉलर का समर्थन किया।

### चांदी के दाम 760 रुपये घटे


वैश्विक बाजारों में बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में नरमी के बीच दिल्ली सराफा बाजार में सोना 875 रुपये सस्ता होकर 67,000 के नीचे आ गया और 66,575 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। चांदी भी 760 रुपये सस्ती होकर 76,990 रुपये प्रति किलोग्राम के भाव बंद हुई। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 67,450 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर बंद हुआ था। जेएम फाइनेंशियल एंड ब्लिंककेएक्स के शोध उपाध्यक्ष (कमोडिटी-करेंसी) प्रणव मेर ने कहा, मुनाफावसूली व डॉलर सूचकांक में तेज उछाल के कारण सोने की कीमतें सार्वकालिक उच्चतम स्तर से करीब 2 फीसदी नीचे आ गई हैं।

## मारुति सुजुकी ने वापस बुलाईं 16 हजार गाड़ियां, गाड़ियों के फ्यूल पंप मोटर के एक हिस्से में खराबी आने पर लिया फैसला

**मुंबई।** बलोनो और वैगनआर गाड़ियों के फ्यूल पंप मोटर के एक हिस्से में संभावित खराबी की वजह से मारुति सुजुकी इंडिया ने बाजार से करीब 16 हजार गाड़ियां वापस बुलाने का फैसला किया है। कंपनी के बलोनो और वैगनआर गाड़ियों के फ्यूल पंप मोटर के एक हिस्से में संभावित खराबी की जानकारी मिली है। जिसे ठीक करने के लिए कंपनी बलेनो और वैगनआर की 16,000 से अधिक इकाइयों को वापस मंगा रही है। देश की सबसे बड़ी कार निर्माता कंपनी ने कहा कि कंपनी 30 जुलाई, 2019 और 1 नवंबर, 2019 के बीच बनी बलेनो की 11,851 इकाइयों और वैगनआर की 4,190 इकाइयों को वापस बुला रही है। फाइलिंग में कहा गया है कि ऐसा संदेह है कि इन गाड़ियों के फ्यूल पंप मोटर के एक हिस्से में संभावित खराबी है, जिससे इंजन से जुड़ी समस्या हो सकती हैं। साथ ही कंपनी ने कहा कि इस अवधि के दौरान बनी गाड़ियों को जो ग्राहक खरीद चुके हैं वे उनसे संपर्क करेंगी और उन्हें इस समस्या को ठीक करवाने के लिए उनसे डीलरशिप से संपर्क करने के लिए कहेगी। मारुति सुजूकी इंडिया का मुनाफा चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में 33.3 फीसदी बढ़कर 3,207 करोड़ रुपये हो गया। तिमाही के दौरान जिंस कीमतों में नरमी और स्पोर्ट्स यूटिलिटी व्हीकल (एसयूवी) एवं सीएनजी कारों की दमदार बिक्री से मुनाफे को बल मिला। चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही के दौरान जिंस कीमतों में नरमी आने से कंपनी की सामग्री लागत एक साल पहले की समान अवधि के मुकाबले महज 9.7 फीसदी बढ़कर 18,561 करोड़ रुपये हो गई। तिमाही के दौरान कंपनी ने 5,01,207 वाहनों की बिक्री की जो एक साल पहले की इसी अवधि के मुकाबले 7.6 फीसदी अधिक है।

**बीते सप्ताह शेयर बाजार में हल्की कमजोरी रही**

# सेंसेक्स 72,831 और निफ्टी 22,096 पर बंद



**मुंबई,23 मार्च।**

बीते सप्ताह वैश्विक बाजारों में कमजोरी और अमेरिका के फेडरल रिजर्व की ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं होने से घरेलू शेयर बाजारों में हल्की कमजोरी रही। बीते सप्ताह कमजोरी के साथ शुरू हुए शेयर बाजार सप्ताह के आखिर में तेजी के साथ बंद हुए। शेयर बाजार में सप्ताह में तीन दिन गिरावट और दो दिन तेजी के साथ शुरुआत हुई। बीते पांच कारोबारी दिनों पर नजर डालें तो सप्ताह के पहले कारोबारी दिन घरेलू शेयर बाजार की शुरुआत गिरावट के साथ हुई। बीएसई सेंसेक्स 48 अंक बढ़कर 72,798 पर खुला और 104.99 अंक की बढ़त के साथ 72748.42 पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी 9 अंक की गिरावट के साथ 22,015 पर खुला और 32.35 अंक तेजी के साथ 22055.70 पर बंद हुआ। शेयर बाजार के इक्विटी बेंचमार्क इंडेक्स हफ्ते के दूसरे कारोबारी दिन गिरावट के साथ कारोबार करते दिखे। बीएसई सेंसेक्स 0.4 फीसदी की गिरावट के साथ 72,397 पर खुला और 736.37 अंक टूटकर 72,012.05 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी भी हल्की गिरावट के साथ 21,953 के स्तर पर खुला और 238.25 अंक के नुकसान से 21,817.45 पर बंद हुआ। ब्याज दरों पर यूएस फेडरल रिजर्व के फैसले से पहले वैश्विक बाजारों से मिले संकेतों के आधार पर भारतीय शेयर बाजार में हरे निशान पर कारोबार की शुरुआत हुई। सेंसेक्स 212 अंक बढ़कर 72,233 पर खुला और 89.64 अंक की बढ़त के साथ 72,101.69 पर बंद हुआ। निफ्टी 50 71 अंक की बढ़त के साथ 21,888 पर खुला और 21.65 अंक चढ़कर 21,839.10 पर बंद हुआ। बीएसई सेंसेक्स 595.02 अंक मजबूत होकर 72,696.71 पर खुला और 539.50 अंक की तेजी के साथ 72,641.19 पर बंद हुआ। निफ्टी भी 181.85 अंक चढ़कर 22,020.95 अंक पर खुला और 172.90 अंक की बढ़त के साथ 22,012.00 अंक पर बंद हुआ। आईटी सेवा प्रदाता कंपनी एसेंचर की ओर से वित्तीय वर्ष 2024 के लिए राजस्व में कमी की आशंका जताने के बाद सेक्टर के शेयरों में गिरावट दर्ज की गई।

## देश में विस्तार की योजना बना रही इंडिगो, बेड़े में हर हफ्ते एक से ज्यादा विमान जोड़ने की योजना

**मुंबई,23 मार्च (एजेंसियां)।**

देश की प्रमुख एयरलाइन कंपनियों में से एक इंडिगो अपने विस्तार को लेकर योजना बना रही है। कंपनी ने संभावना जताई है कि वित्त वर्ष 2025 में उसके बेड़े में हर हफ्ते एक से अधिक विमान शामिल हो सकते हैं। इसी के साथ कंपनी का वित्त वर्ष 2024- 25 में करीब 6000 कर्मचारियों को जोड़ने का भी लक्ष्य है। एयरलाइन ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि अगले वित्तीय वर्ष में क्षमता के साथ-साथ कंपनी के पास यात्रियों की संख्या में भी दोहरे अंकों वृद्धि होने की उम्मीद है। बता दें इंडिगो की घरेलू बाजार में करीब 60 फीसदी से अधिक की हिस्सेदारी है इसी के साथ ये एक कम लागत वाली एयरलाइन भी है। कंपनी ने कहा कि वित्त वर्ष 2025 के लिए क्षमता में वृद्धि होने की उम्मीद है। जो कि वित्त वर्ष के लिए था। फरवरी के अंत तक कंपनी के पास 366 विमान थे, जबकि वित्त वर्ष 2013 के अंत में इसके बेड़े की संख्या 304 थी। एयरबस के पास इंडिगो के पास 960 विमान ऑर्डर हैं। यह भी दावा किया जा रहा है कि यह 2030 तक 600 से ज्यादा विमानवाहक पोत बनने की ओर अग्रसर है। 2005 में स्थापित इंडिगो बाजार हिस्सेदारी के मामले में भारत की सबसे बड़ी विमानन कंपनी है और 350 से अधिक विमानों




के बेड़े का संचालन करती है। एयरलाइन वर्तमान में लगभग 2000 दैनिक उड़ानें संचालित कर रही है और 85 से अधिक घरेलू गंतव्यों और 30 से अधिक अंतरराष्ट्रीय गंतव्यों को जोड़ रही है। इंडिगो हाल ही में 2,000 दैनिक उड़ानें संचालित करने और एक वर्ष में 100 मिलियन यात्रियों को ले जाने वाला भारत का पहला वाहक बन गया है। बता दें कि कम लागत वाली वाहक अकासा, जो अंतरराष्ट्रीय उड़ाने शुरू करने वाली सबसे नई कंपनी है, के बेड़े में 24 विमान हैं और अभी ऑर्डर पर 202 विमान हैं। कंपनी का लक्ष्य वित्त वर्ष 25 में अपने बेड़े में नए विमानों को जोड़ने के साथ अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों में विस्तार करना भी है।

## भारत ने प्याज के निर्यात पर जारी प्रतिबंध अनिश्चितकाल के लिए बढ़ाया, इन देशों में बढ़ सकती हैं कीमतें

**नई दिल्ली,23 मार्च (एजेंसियां)।**

भारत ने प्याज के निर्यात पर अपने प्रतिबंध को अनिश्चित काल के लिए बढ़ा दिया है। आम चुनाव से पहले सरकार के इस कदम से विदेशी बाजारों में प्याज की कीमतों में इजाफा हो सकता है। दुनिया के सबसे बड़े प्याज निर्यातक भारत द्वारा दिसंबर में लगाया गया प्रतिबंध 31 मार्च को समाप्त होने वाला था। इससे पहले व्यापारियों ने अनुमान लगाया था कि इसे हटा



दिया जाएगा क्योंकि निर्यात प्रतिबंध लागू होने के बाद से स्थानीय कीमतें आधी से कम हो गई हैं और इस सीजन के उत्पाद की ताजा आपूर्ति भी शुरू हो गई है। हालांकि, सरकार ने जारी एक आदेश में कहा है कि प्याज के निर्यात पर प्रतिबंध अगली सूचना तक लागू रहेगा। मुंबई की एक निर्यात कंपनी के एक अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर कहा, नई फसल से बढ़ती आपूर्ति के साथ गिरती कीमतों को देखते हुए यह विस्तार आश्चर्यजनक और पूरी तरह अनावश्यक है। सबसे बड़े प्याज उत्पादक राज्य महाराष्ट्र के कुछ थोक बाजारों में प्याज की कीमतें दिसंबर के 4,500 रुपये से घटकर 1,200 रुपये (14 डॉलर) प्रति 100 किलोग्राम हो गई हैं। देश में 19 अप्रैल से उसके बाद सात सप्ताह के दौरान आम चुनाव होने हैं। बांग्लादेश, मलेशिया, नेपाल और संयुक्त अरब अमीरात जैसे देश प्याज की आपूर्ति में अपनी जरूरतों को पूरा करने में भारत से आयात पर निर्भर हैं। इनमें से कई देश इस प्रतिबंध के बाद से उच्च कीमतों से जूझ रहे हैं। मुंबई स्थित एक निर्यात कंपनी के एक अन्य अधिकारी ने कहा, भारत के इस कदम से प्रतिद्वंद्वी निर्यातकों को अधिक कीमतें मिल रही हैं, क्योंकि खरीदारों के पास कोई विकल्प नहीं है। व्यापारियों का अनुमान है कि भारत से कई बाजारों में चीन या मिस्र जैसे प्रतिद्वंद्वियों की तुलना में कम समय में प्याज आयात होता है।

# मोरबी पुल हादसा मामले में ओरेवा के एमडी जयसुख पटेल को राहत, सुप्रीम कोर्ट ने शर्तों के साथ दी जमानत

**नई दिल्ली,23 मार्च (एजेंसियां)।**

सुप्रीम कोर्ट ने ओरेवा समूह के प्रबंध निदेशक जयसुख पटेल को सख्त शर्तों पर रिहा करने का आदेश दिया। उन पर अक्टूबर 2022 में मोरबी पुल ढहने की घटना के संबंध में ट्रायल कोर्ट द्वारा फैसला किया जाना है। अक्टूबर 2022 में हुए हादसे में 135 लोग मारे गए थे। ओरेवा नामक कंपनी 2008 से पुल का प्रबंधन कर रही थी। कंपनी ने मरम्मत के बाद 2022 में दिवाली से पहले इसे नागरिकों के लिए खोल दिया था।

पटेल की भूमिका अधिक जांच के दायरे में आ गई क्योंकि उन्होंने पुल को फिर से खोलने की घोषणा करने के लिए एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की थी। लेकिन पुल को खोलने से पहले मरम्मत कार्य सही तरीके से किया गया है किया नहीं इस संबंध में कोई प्रमााण पत्र नहीं लिया गया।

पटेल 14 महीने से जेल में हैं। पटेल को जमानत देते हुए न्यायमूर्ति अभय ओका और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने पीड़ित के रिश्तेदारों की इस दलील पर विचार किया कि वह एक प्रभावशाली व्यक्ति हैं और इस मामले में पीड़ित के रिश्तेदारों का प्रतिनिधित्व कर रहे वकील उत्कर्ष दवे को पुलिस सुरक्षा की आवश्यकता है।



सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया, यह राज्य का कर्तव्य है कि वह मुकदमे के समापन तक वकील को दिए गए संरक्षण को जारी रखे। संबंधित पुलिस स्टेशन के प्रभारी अधिकारी उक्त अधिवक्ता के खतरे की आवधिक समीक्षा करेंगे, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वह निडर होकर अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने में सक्षम रहें, क्योंकि वे पीड़ितों का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं।

इसके अलावा, हाईकोर्ट ने आत्मसमर्पण करने से पहले पटेल की गायब रहने पर भी विचार किया। सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया कि पटेल को एक सप्ताह के भीतर मोरबी अदालत के समक्ष पेश किया जाना चाहिए और ट्रायल कोर्ट को इस मुद्दे पर सरकारी वकील को सुनने के बाद कड़े नियम और शर्तों पर मुकदमे के लंबित रहने तक उन्हें जमानत पर रिहा करना किया जाए।

## होली से पहले असम, छत्तीसगढ़ में पेट्रोल-डीजल हुआ सस्ता



**नई दिल्ली।** कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट देखी जा रही है। क्रूड 3.77 फीसदी की गिरावट के साथ 78.01 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर बंद हुआ, जबकि ब्रेंट क्रूड 1.28 प्रतिशत की गिरावट के साथ 81.90 के स्तर पर बंद हुआ। क्रूड की कीमतों में गिरावट का पेट्रोल-डीजल की कीमतों पर ज्यादा असर देखने को नहीं मिल रहा है। इस बीच ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने देशभर में पेट्रोल-डीजल की नई कीमतें जारी कर दी हैं। सिर्फ चेन्नई को छोड़कर किसी भी महानगर में ईंधन की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। चेन्नई में पेट्रोल-डीजल महंगा हुआ है। वहीं बिहार समेत कुछ राज्यों में भी कीमतें बढ़ी हैं। इसके अलावा आंध्रा प्रदेश, असम और छत्तीसगढ़ समेत कुछ प्रदेशों में ईंधन की कीमतें कम हुई हैं। राजधानी दिल्ली में एक लीटर पेट्रोल की कीमत 94.72 रुपये और डीजल की कीमत 87.62 रुपये प्रति लीटर है। मुंबई में पेट्रोल की कीमत 104.21 रुपये प्रति लीटर और डीजल की कीमत 92.15 रुपये प्रति लीटर हि। कोलकाता में पेट्रोल की कीमत 103.94 रुपये प्रति लीटर और डीजल 90.76 रुपये प्रति लीटर है। चेन्नई में पेट्रोल की कीमत 100.88 रुपये प्रति लीटर और डीजल की कीमत 92.47 रुपये प्रति लीटर है। गुरुग्राम में पेट्रोल 94.91 रुपये प्रति लीटर और डीजल 88.03 रुपये प्रति लीटर, लखनऊ में पेट्रोल 94.63 रुपये प्रति लीटर और डीजल 87.74 रुपये प्रति लीटर, चंडीगढ़ में पेट्रोल 94.24 रुपये प्रति लीटर और डीजल 82.38 रुपये प्रति लीटर, जयपुर में पेट्रोल 105.23 रुपये प्रति लीटर और डीजल 90.34 रुपये प्रति लीटर, पटना में पेट्रोल 105.53 रुपये प्रति लीटर और डीजल 92.03 रुपये प्रति लीटर, हैदराबाद में पेट्रोल 107.41 रुपये प्रति लीटर और डीजल 95.63 रुपये प्रति लीटर, बेंगलुरु में पेट्रोल 99.84 रुपये प्रति लीटर और डीजल 85.93 रुपये प्रति लीटर बिक रहा है।





# महिला हॉकी टीम अब प्रो लीग मुकाबलों की तैयारी करेगी: सविता

## पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई नहीं कर पाने का है मलाल

**नई दिल्ली, 23 मार्च (एजेंसियां)।**

**भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान सविता पूनिया ने कहा है कि पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई नहीं करने पर वह अभी तक निराश हैं। सविता ने कहा कि अब उनका प्रयास टीम में इतना बेहतर बनाना रहेगा जिससे कि इस प्रकार की असफलता फिर देखने को न मिले।**

रांची में जनवरी में खेले गए क्वालीफायर में जापान से हार के कारण भारतीय टीम के हाथ से पेरिस ओलंपिक जाने का अवसर निकल गया। उन्होंने कहा कि अब भारतीय टीम को मई जून में बेल्जियम में प्रो लीग मुकाबले खेलने हैं और टीम का ध्यान इसके लिए फिटनेस पर रहेगा। सविता ने कहा, 'अब नया कोर ग्रुप बनेगा और कुछ नए खिलाड़ी भी आएंगे। फिटनेस और ड्रैग फ्लिक पर फोकस रहेगा। जो हॉकी हम लगातार खेल रहे हैं, उसी पर काम करना है। वहीं पेरिस ओलंपिक क्वालीफायर को लेकर इस अनुभवी गोलकीपर ने कहा, 'मैं उसके बारे में बात नहीं करना चाहती थी क्योंकि इससे दुख ही होता है। हमने टोक्यो ओलंपिक में चौथे स्थान पर रहने की खुशी देखी और अब ओलंपिक नहीं खेलने का दर्द भी पर हम खिलाड़ी हैं और हार जीत हमें बहुत कुछ सिखाती है। उन्होंने कहा, 'हम सभी ने अपना सौ फीसदी योगदान दिया और हमारी तैयारी बहुत अच्छी थी। उम्मीद है कि अगले टूर्नामेंटों में अपेक्षाओं पर खरे उतरेंगे।

भारत के लिये 2008 में सीनियर स्तर पर पदार्पण करने वाली सविता ने कहा, 'लोग सिर्फ परिणाम देखते हैं पर एक सीनियर खिलाड़ी या कप्तान के तौर पर मैं कह सकती हूं कि हमारा प्रदर्शन ग्राफ ऊपर ही गया है।

उन्होंने कहा, 'खेल की अच्छी बात यही है कि आपको पिछला भुलाकर बहुत जल्दी आगे बढ़ना पड़ता है। इसलिए मैं पुणे में सीनियर राष्ट्रीय महिला चैम्पियनशिप खेलने आई क्योंकि हॉकी मेरा जुनून है और मैदान से जितना दूर रहूंगी, ये बात परेशान करती रहेगी। क्वालीफायर हारने के बाद टीम को मिले ब्रेक में खिलाड़ियों को सारी निराशा भुलाकर नये सिरे से लौटने के लिये कहा गया था।


### न्यूज़ ब्रीफ

## सबालेंका और गॉफ मियामी ओपन के तीसरे दौर में



**मियामी।** दुनिया की दूसरे नंबर की खिलाड़ी आर्यना सबालेंका ने लचीलेपन और फोकस का प्रदर्शन करते हुए मियामी ओपन में पाउला बडोसा पर 6-4, 6-3 की जीत के साथ तीसरे दौर में अपनी जगह पक्की की। बडोसा में एक दृढ़ प्रतिद्वंद्वी का सामना करते हुए, सबालेंका को शुरुआती सेट में प्रतिरोध का सामना करना पड़ा। हालाँकि, अपनी ट्रेडमार्क दृढ़ता का प्रदर्शन करते हुए, उन्होंने बडोसा की सर्विस तोड़कर महत्वपूर्ण बढ़त हासिल कर ली। पहले सेट में, बडोसा ने बहादुरी से संघर्ष किया और सबालेंका के खिलाफ दो ब्रेक प्वाइंट बचाते हुए उल्लेखनीय ताकत का प्रदर्शन किया और 3-2 की बढ़त बना ली। बेलारूसी खिलाड़ी ने आखिरकार स्पैनियार्ड की सर्विस तोड़कर 4-3 की बढ़त ले ली, लेकिन 4-5 से पिछड़ने के बाद अविश्वसनीय पकड़ बनाते हुए सबालेंका से दो सेट प्वाइंट छीन लिए। अपने चौथे सेट प्वाइंट के बाद, मौजूदा ऑस्ट्रेलियाई चैंपियन 1-0 से आगे हो गई। मैच में बने रहने के लिए बडोसा के साहसिक प्रयासों के बावजूद, सबालेंका का दबदबा कायम रहा क्योंकि उन्होंने पहला सेट जीत लिया और दूसरे सेट में जीत हासिल करने के लिए अपनी लय बरकरार रखी। पाउला बडोसा पर जीत के साथ, सबालेंका के पास अब 2023 की शुरुआत से 25 डब्ल्यूटीए-1000 मैच जीत हैं, वह इगा स्वीयाटेक (40), एलेना रिबाकिना (34) और कोको गॉफ (26) के बाद ऐसा करने वाली चौथी खिलाड़ी बन गई हैं। सबालेंका की जीत से अनहेलिना कलिनिना के खिलाफ तीसरे दौर का दिलचस्प मुकाबला तय हो गया है। इस बीच, एक अन्य कोर्ट पर, दुनिया की तीसरे नंबर की खिलाड़ी कोको गॉफ ने नादिया पोडोरोस्का के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी ताकत का प्रदर्शन किया। गॉफ की अथक आक्रामकता और सटीकता ने उन्हें 6-1, 6-2 से शानदार जीत दिलाई। गॉफ का तीसरे दौर में ओसियाना डोडिन के खिलाफ मुकाबला होगा।

## पेरिस ओलंपिक के लिए दोहा क्वालीफायर में उतरेंगे श्रेयसी, मेराज सहित 12 निशानेबाज



**दोहा।** भारतीय निशानेबाज श्रेयसी सिंह, मेराज अहमद खान के अलावा गनेमत सेखों के पास अब ओलंपिक क्वालीफाई करने अंतिम अवसर है। ये तीनों ही निशानेबाज अब दोहा में अगले माह होने वाली क्वालीफाइंग स्पर्धा में उतरेंगे। इस प्रतियोगिता में चार कोटा तय होंगे। इसमें पुरुष और महिला टीम के लिए ट्रैप एवं स्कीट में एक एक कोटा शामिल रहेगा। दोहा में 19 से 29 अप्रैल तक ये क्वालीफाइंग टूर्नामेंट होगा। इसमें 12 सदस्यीय भारतीय शॉटगन टीम में चयनित किया गया है। भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ ने जुलाई अगस्त में होने वाले ओलंपिक से पहले कई महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए टीम की घोषणा की। भारतीय पुरुष ट्रैप में पृथ्वीराज टोंडाईमान और विवान कपूर जबकि महिला ट्रैप के लिए श्रेयसी और मनीषा कीर और मेराज और शीराज शेख पुरुष स्कीट और गनेमत और महेश्वरी चौहान महिला स्कीट में शामिल होने वाले नियमित निशानेबाज हैं।

## पीसीबी के पूर्व अध्यक्ष शहरयार खान का 89 वर्ष की आयु में निधन

**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष शहरयार खान का लंबी बीमारी के कारण 89 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उन्होंने दो अलग-अलग कार्यकालों के लिए पीसीबी के अध्यक्ष के रूप में कार्य किया, दिसंबर 2003 से अक्टूबर 2006 तक और अगस्त 2014 से अगस्त 2017 तक। शहरयार खान ने 1999 के भारत दौरे और आईसीसी क्रिकेट विश्व कप 2003 के दौरान पाकिस्तान पुरुष टीम के टीम मैनेजर के रूप में भी काम किया। पीसीबी ने जारी एक बयान में कहा, 'पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड, अपने अध्यक्ष, बोर्ड ऑफ गवर्नर्स और कर्मचारियों के माध्यम से, लाहौर में पूर्व अध्यक्ष पीसीबी शहरयार खान के निधन पर गहरा दुख और शोक व्यक्त करता है। इसमें आगे कहा गया, 'पीसीबी शहरयार खान के दुखद निधन पर उनके परिवार के प्रति अपनी हार्दकि संवेदना व्यक्त करता है और पिछले दशक के दौरान पाकिस्तान में क्रिकेट को वापस लाने में महत्वपूर्ण पात्रों में से एक के रूप में उन्हें हमेशा याद रखना चाहता है।' पीसीबी के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने कहा, ''पीसीबी की ओर से, मैं पूर्व अध्यक्ष शहरयार खान के निधन पर गहरी संवेदना और दुख व्यक्त करता हूं। वह एक अच्छे प्रशासक थे।

# श्रीकांत और प्रियांश क्वार्टर फाइनल में, सिंधू और लक्ष्य ने किया निराश, हार के साथ बाहर

**बासेल (स्विट्जरलैंड), 23 मार्च (एजेंसियां)।**



दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू को जापान की 17 साल की जूनियर विश्व चैंपियन तामोका मियाजाकी से यहां स्विस ओपन सुपर 300 बैडमिंटन में हार का सामना करना पड़ा। इसके अलावा लक्ष्य सेन को ताइवान के ली चिया हाओ के हाथों प्री क्वार्टर फाइनल में हार का सामना करना पड़ा। किदांबी श्रीकांत, प्रियांश राजावत और किरन जॉर्ज ने क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया।

ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप के दूसरे दौर में बाहर होने वालीं पीवी सिंधू को तामोका से 21-16, 19-21, 16-21 से हार का सामना करना पड़ा। लक्ष्य को ली चिया हाओ ने प्री क्वार्टर में 21-17, 21-15 से हराया। प्री क्वार्टर में श्रीकांत ने शीर्ष वरीय मलयेशिया के ली जिया को 21-16, 21-15 से पराजित किया। राजावत ने चीन के ली ला शी को 21-14, 21-13 से हराया। हालांकि जॉर्ज के लिए मुकाबला आसान नहीं रहा। उन्हें 71 मिनट के मुकाबले में 18-21, 22-20, 21-18 से हार का सामना करना पड़ा।

श्रीकांत का मुकाबला क्वार्टर फाइनल में ली चिया हाओ जबकि राजावत का सामना ताइवान के चोऊ टिन चेन से होगा। किरन के सामने डेनमार्क के रेसमस जेमके होंगे।

चोट से उबरने के बाद लंबे समय बाद वापसी कर रहीं सिंधू को अपनी युवा प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ एड़ी-चोटी का जोर लगाना पड़ा लेकिन वह अपनी हार नहीं टाल सकीं। विश्व जूनियर चैंपियनशिप 2022 में स्वर्ण पदक जीतने वालीं मियाजाकी ने पिछले हफ्ते फ्रांस में ओरलैंस मास्टर्स का खिताब जीता था।

जापानी खिलाड़ी ने पहला गेम गंवा दिया था लेकिन दूसरे गेम में वापसी कर ली। तीसरे और निर्णायक गेम में मियाजाकी के पास छह मैच प्वाइंट थे जिसमें सिंधू ने दो बचाए लेकिन शटल के नेट पर उलझते ही जापानी खिलाड़ी जीत गईं। इससे पहले बृहस्पतिवार को भारतीय महिला युगल त्रिशा जौली और गायत्री गोपीचंद ने हमवतन प्रिया और श्रुति मिश्रा को 21-10, 21-12 से हरा दिया था।

## धोनी को कप्तान बनाने के लिए बीसीसीआई से सचिन तेंदुलकर ने की थी सिफारिश, बताई थी माही की क्या-क्या हैं खूबियां



**नई दिल्ली।** आईपीएल 2024 से पहले ही एमएस धोनी ने सीएसके की कप्तानी से इस्तीफा दे दिया। टीम ने युवा बल्लेबाज ऋतुराज गायकवाड़ को कप्तान बनाया। एमएस धोनी ने चेन्नई सुपर किंग्स को पांच बार आईपीएल में चैंपियन बनाया है। वहीं, तीन बार आईसीसी ट्रॉफी जीतने वाले भारत के एकमात्र कप्तान हैं। एमएस धोनी ने भारत को साल 2007 टी20 वर्ल्ड कप में चैंपियन बनाया। इसके साल 2011 में वनडे वर्ल्ड कप में 28 सालों का सूखा खत्म किया था। 2013 में इंग्लैंड में अंग्रेजों को हराकर आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब जीता। सचिन ने खुलासा किया है कि धोनी को कप्तान बनाने के लिए बीसीसीआई को उन्होंने सलाह दी थी। सचिन ने बीसीसीआई से की थी सिफारिश जियो सिनेमा से बात करते हुए सचिन ने कहा कि कैसे उन्होंने 2007 में कप्तानी से इनकार कर दिया और इसके लिए एमएस धोनी की सिफारिश की थी। उन्होंने धोनी को कप्तान बनाने के कारण भी बताए थे। सचिन ने कहा था कि धोनी का दिमाग स्थिर है, वह शांत और सहज रहते हैं।

# टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम में जगह बनाना चाहते नीतीश राणा



**मुंबई, 23 मार्च।**

कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) की ओर से आईपीएल के 17 सत्र में खेल रहे बल्लेबाज नीतीश राणा का लक्ष्य इस लीग में बेहतर प्रदर्शन कर आगामी टी20 विश्वकप के लिए टीम में जगह बनाना है। टी20 विश्व कप वह इस साल के अंत में वेस्टइंडीज और संयुक्त राज्य अमेरिका में खेला जाएगा। राणा ने 2021 में कोलंबो में श्रीलंका के खिलाफ 2 टी20आई और एक वनडे खेला पर खराब बल्लेबाजी के कारण वह बाहर कर दिये गये थे।

अब वह अपनी जगह वापस पाने को लेकर प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आईपीएल 2024 में वह नाइट राइडर्स के लिए 600 से अधिक रन बनाना चाहते हैं। राणा ने कहा, हर कोई देश के लिए खेलना चाहता है और कई खिलाड़ियों के दिमाग में यह बात होगी पर अभी हमें आईपीएल पर ही ध्यान देना होगा। मैं भी टी20 विश्व कप टीम के लिए चयनित होना चाहता हूं, लेकिन इस समय मैं केवल आईपीएल के बारे में सोच रहा हूं। मेरा मानना है कि मैं इस टूर्नामेंट में 600 रन बना सकता हूं और मेरा लक्ष्य यही रहेगा।

राणा ने अपने आईपीएल करियर की शुरुआत 2016 में मुंबई इंडियंस (एमआई) की ओर से की थी। 2 सीजन के लिए 5 बार के चैंपियन का प्रतिनिधित्व करने के बाद वह आईपीएल 2018 से पहले नाइट राइडर्स में चले गए। 2017 से 2022 तक राणा ने हर सीजन में 2 से 3 अर्धशतक के साथ 300 के पार रन बनाए पर पिछले साल उन्होंने पहली बार 400 रन का आंकड़ा पार किया।

2023 में 14 मैचों में राणा ने अपने प्रयासों को दिखाने के लिए 31.77 के औसत और 140.96 के स्ट्राइक-रेट के साथ 3 अर्द्धशतक के साथ 413 रन बनाए।

## अरशद को नया भाला नहीं मिल पाने से नीरज चोपड़ा हैरान



**नई दिल्ली, 23 मार्च (एजेंसियां)।**

ओलंपिक और विश्व चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक विजेता भारतीय भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा इस बात से हैरान हैं कि पाकिस्तान के अरशद नदीम को नया भाला नहीं मिल पा रहा है। नीरज के प्रतिद्वंदी नदीम ने हाल ही में कहा था कि वह नये भाले के लिए प्रयास कर रहे हैं और इसके लिए उन्होंने देश के खेल मंत्रालय और सरकार से भी कहा है पर उन्हें कोई जवाब नहीं मिला है। नया भाला न होने से उन्हें पुराने भाले से ही पेरिस ओलंपिक के लिए अभ्यास करना पड़ रहा है। नदीम ने राष्ट्रमंडल खेल 2022 में 90.18 मीटर भाला फेंक कर स्वर्ण पदक जीता था। नदीम ने जकार्ता एशियाई खेल 2018 में कांस्य पदक जीता था जबकि नीरज ने स्वर्ण पदक हासिल किया था। नीरज की मैदान पर नदीम से टक्कर होती है पर मैदान के बाहर वे अच्छे दोस्त हैं। चोपड़ा ने कहा,'' यह विश्वास करना मुश्किल है कि उसे नया भाला हासिल करने के लिए संघर्ष कर रहा है। उसके स्तर को देखते हुए यह आसानी से उपलब्ध होना चाहिये था।'' साथ ही कहा कि नदीम को इस मामले में पाक सरकार से पूरा सहयोग मिलना चाहिए।

# भारत के साथियान ने डब्ल्यूटीटी खिताब जीता

**बैरूत, 23 मार्च (एजेंसियां)।**




भारत के स्टार टेबल टेनिस खिलाड़ी साथियान ज्ञानशेखरन ने यहां हुए डब्ल्यूटीटी फीडर सीरिज टूर्नामेंट में खिताबी जीत के साथ ही एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। साथियान इसी के साथ ही डब्ल्यूटीटी फीडर टेबल टेनिस एकल खिताब जीतने पहले भारतीय बन गये हैं। साथियान ने इस मुकाबले के अंतिम दिन पुरुष एकल में अपने ही हमवतन मानव ठक्कर को 3.1 (6.11, 11.7, 11.7, 11.4) से हराया। इससे पहले उन्होंने भारत के ही हरमीत देसाई को 15.13, 6.11, 11.8, 13.11 से मात दी थी। इसके बाद शीर्ष वरीयता प्राप्त चुआंग चिह युआन को 11.8, 11.13, 11.8, 11.9 से हराया था।

पुरूष युगल में भारत के मानव ठक्कर और मानुष उत्पलभाई शाह फाइनल में एंडी परेरा और जॉर्ज कंपोस से 11.5, 7.11, 11.13, 12.14 से हार गए। इसके अलावा मिश्रित युगल में भी भारतीय जोड़ी को जीत मिली। भारत की दिया चितले और मानुष शाह ने अपने ही देश के मानव और अर्चना कामथ को 11.6, 10.12, 11.6, 11.6 से हराया। वहीं महिला एकल में शिया लियान ने खिताब जीता। लियान ने सुह यो वोन को 11.9, 11.5, 11.5 से पराजित किया।

# कप्तानी को लेकर कभी कोई दबाव महसूस नहीं हुआ, माही भाई मेरे साथ थे: रुतुराज

**चेन्नई, 23 मार्च (एजेंसियां)।**



इंडियन प्रीमियर लीग में कप्तान के रूप में शानदार शुरुआत करते हुए, रुतुराज गायकवाड़ ने सीजन के पहले मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ चेन्नई सुपर किंग्स को शानदार जीत दिलाई। रुतुराज के शांत और संयमित नेतृत्व में, सीएसके ने शानदार प्रदर्शन करते हुए आरसीबी के 174 रनों के लक्ष्य का आसानी से पीछा करते हुए चेन्नई के एम. ए. चिदंबरम स्टेडियम में 6 विकेट से शानदार जीत हासिल की। इस जीत ने गत चैंपियन के रूप में सीएसके की शक्ति को प्रदर्शित किया और कप्तान के रूप में महान एमएस धोनी द्वारा छोड़े गए शून्य को भरने के लिए रुतुराज की क्षमता की पुष्टि की।

टॉस हारने और पहले मैदान में उतरने के बावजूद, रुतुराज बेफिक्र रहे, उन्होंने गेंदबाजी में आश्चर्यजनक बदलाव किए, खासकर पावरप्ले के दौरान। पावरप्ले के अंतिम ओवर में मुस्तफिजुर रहमान को शामिल करने का उनका निर्णय महत्वपूर्ण साबित हुआ, क्योंकि बांग्लादेशी तेज गेंदबाज ने महत्वपूर्ण प्रहार किए, आरसीबी के शीर्ष क्रम को ध्वस्त कर दिया और उनका स्कोर 5 विकेट पर 72 रन कर दिया।

मैच के बाद की प्रस्तुति के दौरान, रुतुराज ने सीएसके के प्रदर्शन पर संतुष्टि व्यक्त की, और शुरू से ही खेल पर उनके पूर्ण नियंत्रण पर जोर दिया। उन्होंने सुधार के क्षेत्रों को स्वीकार किया, विशेष रूप से यह सुनिश्चित करने में कि उनके शीर्ष क्रम के बल्लेबाज पारी के दौरान बल्लेबाजी करें ताकि लक्ष्य का पीछा करना आसान हो सके।

मैच के बाद रुतुराज ने कहा, 'मैंने हमेशा इसका आनंद लिया है। राज्य की ओर से अतिरिक्त दबाव महसूस नहीं किया है। एक बार भी मुझे किसी चीज का दबाव महसूस नहीं हुआ। जाहिर तौर पर माही भाई मेरे साथ थे।

रुतुराज ने कहा, 'शुरुआत से ही पूरा नियंत्रण। 2-3 ओवर इधर-उधर लेकिन एक बार जब स्पिनर आए तो हम नियंत्रण में थे। 10-15 रन कम होते तो अच्छा होता लेकिन उन्होंने अच्छी वापसी की।

उन्होंने कहा, 'बहुत सारी सकारात्मकताएं हैं, लेकिन दो-तीन चीजों पर काम करना है। बल्लेबाजी में सभी ने योगदान दिया। अगर हमारे पास शीर्ष क्रम के कुछ बल्लेबाज होते, तो लक्ष्य का पीछा करना आसान होता। सीएसके के लिए मुस्तफिजुर की उल्लेखनीय शुरुआत, चार विकेट लेने और अपना सर्वश्रेष्ठ आईपीएल प्रदर्शन देने से मैच का माहौल तैयार हो गया। हालाँकि, आरसीबी ने बहादुरी से संघर्ष किया, जिसमें अनुज रावत और दिनेश कार्तकि ने 174 रनों का प्रतिस्पर्धी लक्ष्य निर्धारित करने के लिए 95 रनों की मजबूत साझेदारी की। लक्ष्य का पीछा करते हुए, सीएसके के बल्लेबाजों ने उल्लेखनीय निरंतरता का प्रदर्शन किया, जिसमें रचिन रवींद्र ने टीम के लिए अपने पदार्पण मैच में सिर्फ 15 गेंदों में 37 रनों की तूफानी पारी खेली। रुतुराज ने स्वयं संयमित 15 रनों का योगदान दिया, जबकि डेरिल मिशेल, अजिंक्य रहाणो, शिवम दुबे और रवींद्र जड़ेजा जैसे खिलाड़ियों ने महत्वपूर्ण समर्थन प्रदान किया, जिससे उनकी टीम की आसान जीत सुनिश्चित हुई। अपनी जीत के साथ, सीएसके अब अपनी अगली चुनौती पर नजरें गड़ाए हुए है, क्योंकि वे एक बहुप्रतीक्षित मुकाबले में गुजरात टाइटंस का सामना करने के लिए तैयार हैं, जो पिछले साल के फाइनल की याद दिलाएगा, जो मंगलवार, 25 मार्च को चेन्नई में होने वाला है।

खबरें जो सोच बदल दे
शुभ लाभ
हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

# कुरान के पन्ने जलाने वाली पाकिस्तानी महिला को उम्रकैद, ईशनिंदा का था आरोप

**इस्लामाबाद, 23 मार्च (एजेंसियां)।**

पाकिस्तान की एक कोर्ट ने एक 40 साल की महिला को उम्रकैद की सजा सुनाई है। उसने कुरान के पन्ने जलाए थे। इसके बाद महिला पर ईशनिंदा के आरोप लगाए गए थे। ऐसे ही एक मामले में 9 मार्च को कोर्ट ने 22 साल के छात्र को मौत की सजा सुनाई और 17 साल के छात्र को उम्रकैद की सजा दी थी। पाकिस्तान के सबसे ज्यादा आबादी वाले पंजाब प्रांत की लाहौर सेशन कोर्ट ने यह फैसला सुनाया है। जज ने कहा- आसिया बीबी ने लाहौर में अपने घर के बाहर कुरान जलाई। यह कुरान का अपमान है, इसलिए आसिया बीबी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है।



आसिया बीबी के पड़ोसी ने पुलिस में शिकायत की थी कि वो घर के बाहर कुरान जला रही हैं। इसके बाद 2021 में आसिया को गिरफ्तार किया गया था। उनके वकील ने कहा- आसिया ने कोई ईशनिंदा नहीं की और उसके पड़ोसी ने निजी विवादों के चलते उन पर झूठे आरोप लगाए हैं और गलत तरीके से फंसाया है। वहीं, विपक्ष ने दलील दी कि आसिया को पुलिस ने कुरान जलाते हुए पकड़ा था। जली हुई कुरान भी जब्त की गई थी। वहीं, आसिया के वकील ने कहा- आसिया कोर्ट के इस फैसले को लाहौर हाई कोर्ट में चैलेंज करेंगी।

पाकिस्तान में ईशनिंदा के लिए मृत्युदंड का प्रावधान

पाकिस्तान में ईशनिंदा के लिए मृत्युदंड का प्रावधान है। कुछ लोगों को तो पीट-पीटकर मार डाला जाता है। ब्रिटिश मीडिया बीबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक, 9 मार्च को जिन छात्रों को सजा हुई उन्होंने व्हाट्सअप पर पैगंबर मुहम्मद को लेकर आपत्तिजनक मैसेज किए थे। पोर्ट में कहा गया कि 22 साल के छात्र ने ऐसे फोटो-वीडियो बनाए थे जिनमें पैगंबर मोहम्मद और उनकी पत्नियों के बारे में आपत्तिजनक शब्द कहे गए थे। 17 साल के छात्र ने इन फोटो-वीडियो को शेयर किया था। मार्च 2023 में पाकिस्तान में एक एंटी टेररिज्म कोर्ट ने एक व्हाट्सएप ग्रुप में ईशनिंदा से जुड़ा कमेंट डालने के आरोप में मुस्लिम शख्स को मौत की सजा सुनाई थी। कोर्ट ने दोषी पर 12 लाख (1.2 मिलियन) का जुर्माना भी लगाया था। फरवरी 2023 में भीड़ ने ईशनिंदा के आरोपी को पुलिस स्टेशन से बाहर निकालकर मार डाला था। भीड़ ने जब थाने पर हमला किया तो पुलिसवाले वहां से भाग खड़े हुए थे। हालांकि, बाद में वो एक्स्ट्रा फोर्स के साथ लौटे और ईशनिंदा के आरोपी की लाश को जलने से बचा लिया। मोहम्मद वारिस पर कुरान का अपमान करने का आरोप लगा था। दिसंबर 2021 में ईशनिंदा के आरोप में श्रीलंकाई फैक्ट्री मैनेजर को भीड़ ने पहले पीटकर मार डाला और फिर आग लगा दी थी। प्रियंथा कुमारा नाम के इस शख्स के केबिन में एक पोस्टर फटा हुआ मिला था, इस पर मोहम्मद लिखा था। फैक्ट्री में काम करने वाले कर्मचारियों ने इसे पैगंबर का अपमान मान लिया था। अप्रैल 2017 में मिशाल खान को मरदान यूनिवर्सिटी में उसके साथियों ने पीट-पीट कर मार दिया था। 2012 में बहावलपुर के पास हिंसक भीड़ ने एक दिमागी रूप से परेशान व्यक्ति को थाने से खींचकर मार दिया था। इसी तरह दादो में भी भीड़ ने थाने में घुसकर ईशनिंदा के आरोपी को जिंदा जलाया था।

## न्यूज ब्रीफ

### हॉन्गकॉन्ग में नया राष्ट्रीय सुरक्षा कानून पास होने पर अमेरिका ने जताई चिंता, कहा- लोगों पर पड़ेगा प्रभाव

**वॉशिंगटन ।** हॉन्गकॉन्ग में हाल ही में एक नया राष्ट्रीय सुरक्षा कानून पारित किया गया है। इसको



लेकर अमेरिका ने चिंता जाहिर की है। उसका कहना है कि इसका स्थानीय लोगों के साथ-साथ अमेरिकी नागरिकों और वहां काम करने वाली कंपनियों पर बड़ा प्रभाव पड़ेगा। क्या है राष्ट्रीय सुरक्षा कानून हॉन्गकॉन्ग में 19 मार्च 2024 को एक नया राष्ट्रीय सुरक्षा कानून पारित किया गया। यह कानून सरकार के खिलाफ असहमति जताने वालों के खिलाफ लाया गया है। पेश किए गए कानून में कई प्रकार की चीजों के लिए कठोर दंड का प्रावधान है। इसमें सबसे गंभीर देशद्रोह और विद्रोह के लिए कानून बनाया गया है। नए कानून के तहत देशद्रोही प्रकाशनों और छोटे अपराधों के लिए भी कई वर्षों की जेल हो सकती है। यही नहीं कुछ प्रावधान ऐसे हैं, जिसमें दुनिया के किसी कोने में भी किए गए आपराधिक कार्य के लिए मुकदमा चलाने की अनुमति दी गई है। आवाज दबाने के लिए किया जा सकता नए कानून का इस्तेमाल अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने कहा कि नए कानून में राजद्रोह, राज्य से जुड़ी गोपनियां और विदेशी संस्थाओं से बातचीत के संबंध में ऐसे प्रावधान शामिल हैं, जिनका इस्तेमाल आवाज दबाने के लिए किया जा सकता है। इसलिए अमेरिका इस नए राष्ट्रीय सुरक्षा कानून पर गहरी चिंता व्यक्त करता है। एक देश, दो प्रणाली ढांचे को करेगा कमजोर उन्होंने कहा कि अमेरिका अन्य देशों द्वारा व्यक्त की गई चिंताओं को साझा करता है कि हॉन्गकॉन्ग के अधिकारी अंतरराष्ट्रीय दमन के अपने चल रहे अभियान में नए कानून को लागू करने की मांग कर सकते हैं। कानून लागू होने के बाद हॉन्गकॉन्ग की स्वायत्ता बनाए रखने के लिए पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना की अंतर्राष्टीय प्रतिबद्धता का उल्लंघन हो सकता है। वहीं, एक देश, दो प्रणाली ढांचे को कमजोर कर सकता है। उन्होंने कहा, हम दुनिया भर में मानवाधिकारों और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करने के अपने संकल्प में दृढ़ हैं और हॉन्गकॉन्ग में अपने अंतरराष्ट्रीय भागीदारों और लोगों के साथ खड़े हैं। बीते मंगलवार को हॉन्गकॉन्ग की चीन समर्थक विधायिका ने राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के संरक्षण विधेयक पर दूसरी और तीसरी बार चर्चा की। इसके बाद, इस विधेयक पर अंतिम मतदान हुआ। इस कानून को मूल कानून के अनुच्छेद 23 के रूप में भी जाना जाता है। इस नए कानून में देशद्रोह, जासूसी, विदेशी दखलअंदाजी और देश के गोपनीय रहस्यों को उजागर करने जैसे कई नए अपराधों को शामिल किया जाएगा। इनमें से कुछ अपराधों के लिए आजीवन कारावास तक की सजा हो सकती है।

### पाकिस्तान में बढ़ते आतंकवाद पर राष्ट्रपति जरदारी ने अफगानिस्तान को दी चेतावनी, फिर अलापा कश्मीर राग

**इस्लामाबाद ।** पड़ोसी देश पाकिस्तान के आर्थिक हालात लगातार बिगड़ते जा रहे हैं। बढ़ते राजनीतिक



ध्रुवीकरण और आतंकी हमलों में हो रही बढ़ोतरी के बीच पाकिस्तान नकदी संकट से जूझ रहा है। पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने यह बात खुले मंच से कही। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों से अपील की है कि आपसी मतभेदों को दूर करें और भविष्य में आने वाली समस्याओं के समाधान पर ध्यान दें। मतभेद खत्म करने से निकलेगा हल- जरदारी राष्ट्रपति जरदारी इस्लामाबाद स्थित परेड ग्राउंड में 84वें पाकिस्तान दिवस समारोह के दौरान सेना को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि देश के राजनीतिक दलों को अपने आपसी मतभेद खत्म करने होंगे। जरदारी ने बातों बातों में पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के विरोध प्रदर्शन का जिक्र किया। आपको बता दें कि तोशखाना मामले में इमरान खान को 14 साल जेल की सजा सुनाई गई है। पाकिस्तान में मौजूद उनके समर्थक और पार्टी कार्यकर्ता लगातार प्रदर्शन कर रहे हैं। अफगानिस्तान को दी चेतावनी राष्ट्रपति जरदारी ने कहा कि पाकिस्तान अपने सभी पड़ोसियों के साथ अच्छे संबंध चाहता है। इस बीच उन्होंने चेतावनी दी कि पाकिस्तान किसी भी तरह की आक्रामकता बर्दाश्त नहीं करेगा। उन्होंने देश में बढ़ते आतंकवादी हमलों और पड़ोसी अफगानिस्तान के साथ तनाव का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि हम अपने देश को अस्थिर करने वाले आतंकवादियों के प्रयासों को बर्दाश्त नहीं करेंगे। कश्मीर के मुद्दे पर क्या बोले जरदारी राष्ट्रपति ने कश्मीर के अनसुलझे मुद्दे को अस्थिरता की मुख्य वजह बताया। उन्होंने आग्रह किया कि इस विवाद को संयुक्त राष्ट्र के प्रस्तावों के अनुसार हल किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के लोग कश्मीरियों के संघर्ष में हमेशा उनके साथ खड़े रहेंगे। उधर भारत ने पाकिस्तान से साफ तौर पर कहा है कि जम्मू-कश्मीर हमेशा भारत का अभिन्न रहेगा हर मुश्किल का सामना करेगा पाकिस्तान- जरदारी जरदारी ने कहा कि पाकिस्तान को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है लेकिन नवनिर्वाचित सरकार इन चुनौतियों का समाधान करेगी।

# सब लोग चिल्ला रहे थे, इधर-उधर भाग..., मॉस्को में हुए आतंकी हमले के दौरान मौजूद लोगों ने बताई आपबीती

**मॉस्को, 23 मार्च (एजेंसियां) ।**

रूस की राजधानी मॉस्को में क्रोकस सिटी हॉल में कॉन्सर्ट के दौरान हुए आतंकवादी हमले से हर कोई स्तब्ध है। घटना के वक्त मौजूद लोग डरे-सहमे हुए हैं। एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि कॉन्सर्ट शुरू होने से कुछ मिनट पहले ही गोलीबारी हुई।

वहीं भारत में रूसी दूतावास ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स बताया, मास्को में आतंकवादी हमले की घटना पर रूस का झंडा आधा झुका रहेगा। हम मृतकों के परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं और सभी घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हैं।



### यह आतंकवादी हमला

घटनास्थल पर मौजूद एलेक्सी ने कहा, जैसे ही गोलीबारी शुरू हुई मुझे एहसास हुआ कि यह आतंकवादी हमला हो सकता है।

### अंधाधुंध गोलीबारी फिर...

वहीं, एक पत्रकार ने दावा किया कि हमलावर सुरक्षा बलों की वर्दी में क्रोकस सिटी हॉल में प्रवेश किया और अंधाधुंध गोलीबारी की। आतंकियों ने विस्फोटक से हॉल में धमाका भी किया, जिससे वहां आग लग गई।

### कॉन्सर्ट हॉल की छत से काला धुआं उठता देखा

हमले के कुछ घंटे बाद घटनास्थल पर मौजूद एक अन्य पत्रकार ने बताया की कॉन्सर्ट हॉल की छत से काला धुआं और आग की लपटें उठती देखी गईं। वहीं, कुछ रिपोर्ट में बताया गया है कि धमाके की वजह से छत का हिस्सा ढह गया था।

### लोगों में भगगड़ मची

एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया, अचानक से हमारे पीछे से धमाके और गोलीबारी की आवाज आने लगी। मुझे नहीं पता था कि क्या हुआ है। गोलीबारी की आवाज आते ही लोगों में भगगड़ मच गई। सभी लोग दौड़कर एस्केलेटर की ओर भागे। हर कोई चिल्ला रहा था, हर कोई दौड़ रहा था।

### यह है पूरा मामला

मॉस्को के पास क्रोकस सिटी हॉल में कॉन्सर्ट के दौरान आतंकवादियों ने लोगों पर अंधाधुंध गोलीबारी की। आतंकियों ने विस्फोटक से हॉल में धमाका भी किया, जिससे वहां आग लग गई। हमले के बाद विशेष पुलिस बल ने मोर्चा संभाल लिया है। वहीं, आतंकी संगठन इस्लामिक स्टेट ने हमले की जिम्मेदारी ली है। आईएस ने इसे लेकर सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा किया है। हमले में 60 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई और 100 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं।

### रूसी विदेश मंत्रालय ने बताया आतंकी हमला

रूस ने गोलीबारी की घटना को आतंकवादी हमला करार दिया है। रूसी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया ज़खारोवा ने घटना की निंदा करते हुए कहा कि यह एक आतंकवादी हमला है। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय को इस घृणित अपराध की निंदा करनी चाहिए। मॉस्को के मेयर ने मृतकों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि हमले के बाद मॉस्को में होने वाले सभी सार्वजनिक कार्यक्रम रद्द कर दिए गए हैं। रूसी एजेंसियों ने मॉस्को में हवाई अड्डों और रेलवे स्टेशनों पर सुरक्षा बढ़ा दी है। वहीं, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने मॉस्को में हुए आतंकी हमले को भयानक बताया।

# कैंसर से लड़ रहीं केट मिडलटन ने बच्चों को बीमारी के बारे में कैसे बताया



**लंदन, 23 मार्च ।**

वेल्स की राजकुमारी केट मिडलटन कैंसर से पीड़ित हैं। उनकी कीमोथेरेपी शुरू हो गई है। सोशल मीडिया पर दो मिनट का एक वीडियो संदेश जारी कर उन्होंने बताया कि किस तरह उन्होंने अपने कैंसर होने की बात अपने बच्चों को बताई। बता दें, पिछले दिसंबर से राजकुमारी लोगों की नजरों से छिपी हुई थीं। सामने आए उनके वीडियो ने सबको चौंका दिया है।

### इलाज के लिए गोपनीयता की आवश्यकता है

वीडियो संदेश में राजकुमारी केट ने कहा, वास्तव में यह चौंकाने वाली बात है। मैं और विलियम अपने परिवार के लिए जो कुछ भी कर सकते हैं, वो करने की कोशिश कर रहे हैं। एक परिवार के रूप में हमें उम्मीद है कि आप यह समझेंगे। हमें इलाज के लिए कुछ समय, स्थान और गोपनीयता की आवश्यकता है।

### इलाज शुरू हो चुका है

उन्होंने कहा, यह हमारे लिए एक झटका था। जब मेरे पेट की सर्जरी हुई तो डॉक्टरों को लग रहा था कि मुझे कैंसर जैसी कोई बीमारी नहीं है और मेरी सर्जरी सफल रही। जैसे-जैसे जांच आगे बढ़ी तब पता चला कि कैंसर के लक्षण हैं। हालांकि, अब कीमोथेरेपी शुरू कर दी गई है।

### बच्चों को बताने में लगा समय

उन्होंने कहा कि जैसे आप समझ सकते हैं, इसे सही होने में समय लगेगा। वहीं मुझे सर्जरी से उबरने में काफी समय लगा। अब इलाज शुरू हो चुका है। हालांकि, सबसे जरूरी बात यह है कि हमें अपने बच्चों जॉर्ज, शार्लेट और लुइस को सबकुछ समझाने में काफी समय लगा। हमें उन्हें ऐसे बताना था कि उनपर इसका असर न पड़े और उन्हें आश्वस्त करने के लिए कि मैं ठीक हो जाऊंगी।

### हर दिन हो रही हूं मजबूत

राजकुमारी ने अपने बच्चों से कहा कि वह ठीक हैं और हर दिन मजबूत हो रही हैं। उन्होंने आगे कहा, जैसा मैंने मेरे बच्चों से कहा कि मैं ठीक हूं और दिन ब दिन उन चीजों पर ध्यान दे रही हूं, जिससे मैं मजबूत होउंगी, जो मुझे ठीक करने में मदद करेंगे।

# हमने पहले ही रूस को दिया था आईएस का हमला होने से जुड़ा अलर्ट, अमेरिका का दावा

**वॉशिंगटन, 23 मार्च (एजेंसियां) ।**

रूस की राजधानी मॉस्को में आतंकवादी हमला हुआ है। हमले में 60 से अधिक लोगों की मौत हो गई और 100 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। अब इस हमले को लेकर अमेरिका ने एक बड़ा दावा किया है। उसका कहना है कि उसने मॉस्को पर होने वाले हमले को लेकर रूस को पहले ही चेतावनी दी थी।

व्हाइट हाउस की राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के प्रवक्ता एड्रिएन वाटसन ने कहा कि अमेरिका ने रूस को मॉस्को में हमले की संभावना के बारे में चेतावनी दी थी।

### महीने की शुरुआत में की थी एडवायजरी जारी

उन्होंने आगे कहा, इस महीने की शुरुआत में अमेरिका की सरकार को जानकारी मिली थी की आतंकवादी मॉस्को पर हमला करने की योजना बना रहे हैं। यह भी जानकारी मिली थी कि आतंकवादी बड़ी सभा या किसी कॉन्सर्ट को निशाना बना सकते हैं।

इसी को लेकर विदेश विभाग को रूस में रहने वाले अमेरिकियों के लिए एक एडवायजरी जारी करने के लिए कहा गया था। वहीं इस जानकारी को रूसी अधिकारियों के साथ भी साझा की गई थी।



### यह है मामला

गौरतलब है, मॉस्को के पास क्रोकस सिटी हॉल में कॉन्सर्ट के दौरान आतंकवादियों ने लोगों पर अंधाधुंध गोलीबारी की। आतंकियों ने विस्फोटक से हॉल में धमाका भी किया, जिससे वहां आग लग गई। हमले के बाद विशेष पुलिस बल ने मोर्चा संभाल लिया है। वहीं, आतंकी संगठन इस्लामिक स्टेट ने हमले की जिम्मेदारी ली है। आईएस ने इसे लेकर सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा किया है।

### अमेरिका का दावा

नाम उजागर नहीं करने की शर्त पर अधिकारी ने कहा, हमने रूसियों को चेतावनी दी थी ।व्हाइट हाउस का यूक्रेन के गोलीबारी में शामिल होने से इनकार मॉस्को में हमले पर व्हाइट हाउस के राष्ट्रीय सुरक्षा अधिकारी जॉन किर्बी ने कहा, फिलहाल इस बात का कोई संकेत नहीं है ।

# पत्नी के बारे में खुला राज तो बिखर गया पूरा परिवार 16 साल पुरानी शादी को टूटने में नहीं लगा समय

**बीजिंग, 23 मार्च (एजेंसियां) ।**

सोचिए, अगर आपको पता चले कि जिस परिवार को आप अपना समझ रहे हैं, वो आपका है ही नहीं, तो कैसा होगा एक शख्स के साथ ऐसा ही हुआ और सच जानने के बाद वो सदमे में आ गया। मामला चीन का है। यहां का रहने वाला एक शख्स समझ रहा था कि उसकी ज़िंदगी काफी अच्छी चल रही है लेकिन उसे एक दिन ऐसा सच पता चला कि उसकी पूरी दुनिया की बदल गई। जिस पत्नी के साथ वो 16 साल से खुशी-खुशी ज़िंदगी बिता रहा था, उसने एक ऐसा रहस्य छिपा रखा था, जिसकी उसने कभी कल्पना भी नहीं थी। जब ये राज़ खुला तो वो बर्दाश्त नहीं कर पाया। पति-पत्नी का रिश्ता प्यार और भरोसे पर ही टिका रहता है। हालांकि चीन में रहने वाले चेन जिक्सियन नाम के शख्स को इसी रिश्ते में सबसे बड़ा धोखा मिला। एक रिपोर्ट के मुताबिक उसकी शादी अपने से 8 साल छोटी महिला के साथ हुई थी। उसने जल्दबाज़ी में रिश्ता किया था और उसके अपनी पत्नी काफी सिंपल लगती थी। शादी के कुछ ही समय बाद उन्हें पत्नी के प्रेग्नेंट होने की खबर मिली। उनकी एक बेटी भी हो गई लेकिन उसे ज़रा भी एहसास नहीं हुआ कि वो पहले से भी प्रेग्नेंट थी। चूंकि चेन को ड्राइवर की नौकरी मिली थी, ऐसे में वो ज्यादातर बाहर ही रहता था। उनकी शादी को थोड़े और दिन बीते और



उनकी एक और बेटी हो गई। चेन खुश थे कि उनकी दो बेटियां हो गईं। हालांकि साल 2019 में उसे अपनी पत्नी के ऊपर शक हुआ और इसी बीच वो प्रेग्नेंट हो गई। उन्होंने उससे सवाल-जवाब भी किया लेकिन पत्नी ने यकीन दिलाया कि बेटी उसी की है। जब 2022 में चेन को यकीन हो गया कि पत्नी बेवफा ही है, तो उसने वकील हायर किया। तलाक की अर्ज़ी डालने के बाद उसने बच्चों का पैटर्निटी टेस्ट कराया। यहां उसे चौंकाने वाला सच पता चला कि उनकी कोई भी बेटी जैविक रूप से उसकी नहीं है। हालांकि कोर्ट में तलाक के दौरान उसने अपनी दो बड़ी बेटियों की कस्टडी हासिल की है और पत्नी से मेंटनेंस भी मांगा। बता दें कि किसी की भी ज़िंदगी का सबसे बड़ा सुख उसका परिवार ही होता है। कितना भी कष्ट हो, परिवार वालों की हंसती-मस्कुराती सूरत आदमी को खुश कर ही देती है, लेकिन इस तरह के हादसे के बाद व्यक्ति की तो दुनिया ही उजड जाती है।

# चीन, पाकिस्तान में मानवाधिकार हनन के मामले संयुक्त राष्ट्र में उठे, सुनियोजित तरीके से हो रहा उत्पीड़न

**जिनेवा, 23 मार्च (एजेंसियां) ।**

चीन द्वारा शिनजियांग में उइगर मुस्लिमों पर की जा रही बर्बरता और पाकिस्तान की ओर से पीओके तथा गिलगित-बाल्टिस्तान में नागरिक संसाधनों के दुरुपयोग के मामले एक बार फिर संयुक्त राष्ट्र में उठाए गए हैं। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद के 55वें आम सत्र की 38वीं बैठक में उइगरों का मुद्दा मानवाधिकार कार्यकर्ता शुनिची फुजिकी ने तथा पीओके का मुद्दा यूकेपीएनपी के सूचना सचिव साजिद हुसैन ने उठाया। शुनिची फुजिकी ने संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद (यूएनएचआरसी) में कहा, चीन अब भी पूरे प्रांत में उइगरों का उत्पीड़न कर रहा है। इन्हें धार्मिक अधिकारों सहित शिक्षा, संस्कृति व रोजगार से भी वंचित किया जा रहा है। फुजिकी ने शिनजियांग में उइगर विरोधी व्यवस्थित मानवाधिकार हनन पर गंभीर चिंता जताई। उन्होंने क्षेत्र में पहुंच देने से चीन के इन्कार, प्रणालीगत भेदभाव, बड़े पैमाने पर मनमानी हिरासत व जबरन श्रम रिपोर्टों के स्वतंत्र सत्यापन



में बाधा डालने का आरोप लगाया। फुजिकी ने व्यावसायिक प्रशिक्षण केंद्रों में बड़े पैमाने पर नजरबंदी का हवाला देते हुए अद्वितीय उइगर पहचान व संस्कृति को मिटाने के चीनी प्रयासों को रेखांकित किया।

**पाकिस्तानी शासन के खिलाफ उबाल** - साजिद हुसैन ने जम्मू-कश्मीर संयुक्त अवामी के नेतृत्व में जारी आंदोलन, धरने व सविनय अवज्ञा एक्शन कमेटी के बिजली-करों के खिलाफ प्रदर्शन, प्राकृतिक संसाधनों पर नियंत्रण, आवश्यक वस्तुओं पर सब्सिडी की मांग के मुद्दे उठाए। हालात यहां तक हैं कि अब सब्सिडी खत्म होने से गेहूं और आटा तक मुहाल हो गया है। क्षेत्र में अपराध भी लगातार बढ़ रहे हैं। बुरे हालात के चलते लोगों में काफी उबाल है।

**चीन पर तत्काल कार्रवाई का आग्रह** - शुनिची फुजिकी ने यूएनएचआरसी से तत्काल कार्रवाई का आग्रह किया। उन्होंने पर्यवेक्षकों के लिए शिनजियांग में मुफ्त पहुंच, मनमाने ढंग से पकड़े गए लोगों की रिहाई और यातना, जबरन श्रम और सांस्कृतिक आत्मसात के आरोपों की व्यापक जांच का आह्वान किया। उन्होंने सदस्य देशों से शिनजियांग में जबरन श्रम से उत्पादित वस्तुओं के आयात पर प्रतिबंध लगाने वाला कानून बनाने की अपील भी की। उन्होंने नस्लीय भेदभाव के उन्मूलन पर संयुक्त राष्ट्र समिति की 2023 की रिपोर्ट का भी हवाला दिया, जिसमें धार्मिक प्रथाओं पर प्रतिबंध और जबरन नसबंदी पर चिंता जताई गई थी।

**पीओके में भी संयुक्त राष्ट्र का दखल जरूरी** - मानवता-सामाजिक अधिकार कार्यकर्ता और संयुक्त कश्मीर पीपुल्स नेशनल पार्टी (यूकेपीएनपी) के यूरोप जोन में सूचना सचिव, साजिद हुसैन ने यूएनएचआरसी के 55वें सत्र की 38वीं बैठक में भाग लिया। उन्होंने बताया कि कैसे पाकिस्तान के कब्जे वाले क्षेत्रों तथा गिलगित बाल्टिस्तान (जीबी) में लोग पाकिस्तानी प्रशासन से पीड़ित हैं। हुसैन ने पीओके व जीबी में गंभीर मानवाधिकार स्थिति की ओर आकर्षित करते हैं।

# 9 शुभ योगों में आज होगा होलिका दहन

## 7 सालों में पहली बार ऐसा बना है संयोग

24 मार्च को होलिका दहन होगा और 25 को होली खेली जाएगी। इस साल होलिका दहन पर भद्रा का अशुभ काल रात करीब 11:13 बजे तक रहेगा। शहरों के हिसाब से ये समय कुछ मिनट आगे-पीछे हो सकता है, इसलिए रात 11:13 बजे बाद होली जलानी चाहिए। इस बार होली पर चंद्र ग्रहण भी है, लेकिन भारत में नहीं दिखने के कारण इसका महत्व नहीं रहेगा। पाल बालाजी ज्योतिष संस्थान जयपुर जोधपुर के निदेशक ज्योतिषाचार्य डा. अनीष व्यास ने बताया कि रंगों का त्योहार होली इस बार 25 मार्च को मनेगा। इससे एक दिन पहले 24 तारीख को होली जलाई जाएगी। इस बार भद्रा दोष रहेगा इसलिए शाम की बजाय रात में होलिका दहन हो सकेगा। इस बार होलिका दहन के वक्त सितारे बेहद खास रहेंगे। जिससे 9 बड़े शुभ योग बनेंगे। ऐसा शुभ संयोग पिछले 700 सालों में नहीं दिखा। होलिका दहन के वक्त सर्वार्थसिद्धि, लक्ष्मी, पर्वत, केदार, वरिष्ठ, अमला, उभयचरी, सरल और शश महापुरुष योग बन रहे हैं। इन योग में होली जलने से परेशानियां और रोग दूर होंगे। ये शुभ योग समृद्धि और सफलतादायक रहेंगे। 24 मार्च को सुबह करीब 8:13 मिनट तक चतुर्दशी रहेगी। फिर पूर्णिमा शुरू हो जाएगी जो कि 25 मार्च को सुबह 11:44 बजे तक रहेगी। पूर्णिमा दो दिन तक होने से कन्फ्यूजन हो रहा है। 24 की शाम को पूर्णिमा होने से इसी तारीख को भद्रा खत्म होने के बाद होलिका दहन करना चाहिए। वहीं, 25 मार्च को सूर्योदय के वक्त पूर्णिमा तिथि होने पर इस दिन स्नान-दान और व्रत-पूजा करना चाहिए।

होलिका दहन के सितारों को देखते हुए ये होली देश के लिए आर्थिक और भौतिक उन्नति लेकर आ रही है। होली के बाद से दीपावली तक तेजी का माहौल बना रहेगा। लेकिन बिजनेस करने वालों के लिए अच्छी स्थितियां बनेंगे और फायदे वाला समय रहेगा। विदेशी निवेश में भी वृद्धि होने के योग हैं। मंदी खत्म होगी। देश में बीमारियों का संक्रमण कम होने लगेगा उद्योग बढ़ेंगे। रियल एस्टेट से जुड़े लोगों को अच्छा समय शुरू होगा। महंगाई पर नियंत्रण बना रहेगा। देश में विकास योजनाओं पर तेजी से काम होने की संभावना है। हालांकि कई धार्मिक मामलों में विवाद और विरोध होने की आशंका है। राजनीति से जुड़े बड़े बदलाव होंगे। राजनेताओं में विवाद और टकराव बढ़ेंगे। देश में बीमारियां भी बढ़ सकती हैं।

**होलिका दहन पर रहेगा भद्रा का साया**

हिंदू पंचांग के अनुसार इस बार होलिका दहन के लिए एक घंटा 20 मिनट का ही समय रहेगा। इसकी वजह इस दिन उस दिन भद्रा प्रातः 9:55 से आरंभ होकर रात्रि 11:13 तक भूमि लोक की रहेगी। जो की सर्वथा त्याज्य है। अतः होलिका दहन भद्रा के पश्चात रात्रि 11:13 से मध्य रात्रि 12:33 के मध्य होगा।

**24 मार्च को 9 बड़े शुभ योग में होलिका दहन**

भविष्यवक्ता और कुण्डली विश्लेषक डा. अनीष व्यास ने बताया कि इस बार होलिका दहन के वक्त सितारे बेहद खास रहेंगे। जिससे 9 बड़े शुभ योग बनेंगे। ऐसा शुभ संयोग पिछले 700 सालों में नहीं दिखा। होलिका दहन के वक्त सर्वार्थसिद्धि, लक्ष्मी, पर्वत, केदार, वरिष्ठ, अमला, उभयचरी, सरल और शश महापुरुष योग बन रहे हैं। इन योग में होली जलने से परेशानियां और रोग दूर होंगे। ये शुभ योग समृद्धि और सफलतादायक रहेंगे।

**सर्वार्थसिद्धि योग**

इस योग के प्रभाव से हर काम में सफलता और फायदा मिलता है।

**लक्ष्मी योग**

अपने नाम के मुताबिक इस योग से धन लाभ होता है।

**पर्वत योग**

ये योग भाग्यशाली बनाता है। इसका विशेष फायदा राजनीति से जुड़े लोगों को होता है।

**केदार योग**

ये योग यश, वैभव और राजसत्ता देने वाला माना जाता है।

**वरिष्ठ योग**

इस योग से किस्मत का साथ, सफलता और प्रसिद्धि मिलती है।

**अमला योग**

ये योग भौतिक सुख और पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने वाला होता है।

**उभयचरी योग**

इस योग के प्रभाव से आर्थिक समृद्धि और किस्मत का साथ मिलता है।

**सरल योग**

ये योग दुश्मनों पर जीत दिलाने वाला होता है। इससे पराक्रम बढ़ता है।

**शश महापुरुष योग**

इस योग के प्रभाव से उम्र बढ़ती है। नौकरी और बिजनेस में तरक्की होती है

**शुभ मुहूर्त**

होलिका दहन तिथि- 24 मार्च 2024

भद्रा समाप्ति के बाद होलिका दहन मुहूर्त

24 मार्च 2024 - रात्रि 11:13 से मध्य रात्रि 12:33

कुल अवधि - लगभग 01 घंटे 20 मिनट

**होली तिथि**

पूर्णिमा तिथि प्रारम्भ- 24 मार्च 2024 को सुबह 8:13 मिनट

पूर्णिमा तिथि समाप्त- 25 मार्च 2024 को सुबह 11:44 मिनट

डॉ. अनीष व्यास
भविष्यवक्ता और कुण्डली विश्लेषक
पाल बालाजी ज्योतिष संस्थान,जयपुर-जोधपुर
मो.9460872809

**हवा की दिशा से तय होता है कैसा बीतेगा साल**

होलिका दहन की आग से उठने वाली लौ की दिशा से तय होता है कि साल के आगामी दिनों का भविष्य कैसा होगा। होलिका दहन के समय अग्नि की लौ या धुआं देखकर भविष्य का अनुमान लगाते हैं। होलिका दहन के दौरान हवा की दिशा से तय होता है कि अगली होली तक का समय सेहत, रोजगार, शिक्षा, बिजनेस, कृषि और अर्थव्यवस्था के लिए कैसा होगा। होलिका जलने पर जिस दिशा में धुंआ उठता है, उससे आने वाले समय का भविष्य जाना जाता है। होलिका दहन की आग सीधी ऊपर उठे तो उसे बहुत शुभ माना गया है। होलिका दहन की लौ पूर्व दिशा की ओर झूके तो इसे बहुत शुभ माना गया है। इससे शिक्षा-अध्यात्म और धर्म को बढ़ावा मिलता है। होली की आग पश्चिम की ओर उठे तो पशुधन को लाभ होता है। आर्थिक प्रगति होती है। थोड़ी प्राकृतिक आपदाओं की आशंका भी रहती है। होलिका दहन के वक्त आग उत्तर दिशा की ओर होती है तो देश और समाज में सुख-शांति बढ़ती है। वहीं, दक्षिण दिशा की ओर झुकी होलिका की आग को देश में बीमारियां और दुर्घटनाओं का संकेत देने वाला माना जाता है।





## राशि अनुसार खेलें रंगों की होली और बनें सौभाग्यशाली

फाल्गुन मास की पूर्णिमा तिथि को होली का त्योहार मनाया जाता है। इसके अगले दिन चैत्र मास की प्रतिपदा तिथि को रंग वाली होली खेली जाती है। इस साल होलिका दहन 24 मार्च को मनाया जाएगा। जबकि रंग वाली होली 25 मार्च को खेली जाएगी। पाल बालाजी ज्योतिष संस्थान जयपुर जोधपुर के निदेशक ज्योतिषाचार्य डा. अनीष व्यास ने बताया कि हिंदू पंचाग के अनुसार इस बार होलिका दहन का उत्सव फाल्गुन शुक्ल पूर्णिमा 24 मार्च के दिन मनाया जाएगा। इसके अगले दिन 25 मार्च को धूम-धाम से रंगों का पर्व धुलंडी मनाया जाएगा। होली खेलने के लिए सभी रंगों का अपना-अपना महत्व है। ज्योतिष की दृष्टि से देखें तो कई रंग हमारे लिए बहुत भाग्यशाली होते हैं तो वहीं कई रंग हमारे लिए परेशानी का कारण बनते हैं। होली खेलते समय यदि आप अपनी राशि के अनुसार रंगों का सही चुनाव करते हैं तो इससे आप खुद को और अपने परिवार को स्वस्थ, खुशहाल और नकारत्मकता से दूर रख सकते है।

**होली का महत्व**

ज्योतिषाचार्य ने बताया कि हिन्दू धर्म में होली महापर्व को बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक माना जाता है। इस दिन सभी लोग आपस के मतभेद को भुलाकर रंगों के इस त्योहार को एकसाथ मनाते हैं और एक दूसरे को रंग लगाकर बधाई देते हैं। अध्यात्मिक दृष्टिकोण से भी इस दिन का विशेष महत्व है। इस विशेष पर हनुमान जी उपासना के साथ कुल देवी-देवताओं की उपासना करने से साधक को बहुत लाभ मिलता है और जीवन में सुख-समृद्धि आती है। इस वर्ष रंगवाली होली बुधवार के दिन खेली जाएगी। इसलिए इस विशेष दिन पर होली खेलने से पहले गौरी पुत्र गणेश जी उपासना करना न भूलें। ऐसा करने से व्यक्ति को धन-धान्य की प्राप्ति होती है और जीवन से सभी संकट दूर हो जाते हैं।

**राशि अनुसार खेलें रंगों की होली और बनें सौभाग्यशाली।**

**मेष राशि :-** मेष राशि को लाल और पीले रंग से होली का त्योहार मनाना चाहिए। इन रंगों से होली खेलने से आपके जीवन में प्यार और सकारात्मक ऊर्जा का संचार बना रहेगा।

**वृषभ राशि :-** वृषभ राशि के जातकों को होली के दिन सफेद कपड़े पहनकर नारंगी और बैंगनी रंग से होली खेलनी चाहिए। ऐसा करने से आपके सौभाग्य में वृद्धि होती है।

**मिथुन राशि :-** मिथुन राशि के जातकों को हरे रंग से होली खेलनी चाहिए। ऐसा करने से ना सिर्फ इनके मान-सम्मान में बढ़ोत्तरी होगी बल्कि संबंधों में प्रगाढ़ता भी आएगी।

**कर्क राशि :-** कर्क राशि के जातकों को सफेद कपड़े पहनकर होली खेलनी चाहिए। ऐसा करने से उन्हें धन, यश के साथ बेहद सुकून भी मिलेगा।

**सिंह राशि :-** सिंह राशि के लोग गोल्डन, पीले, लाल और नारंगी रंग से होली खेल सकते हैं। ऐसा करने से न सिर्फ ये लोग ऊर्जावान बने रहेंगे बल्कि इनके साथ होली खेलने वाले लोग भी उत्साह से भर जाएंगे।

**कन्या राशि :-** कन्या राशि के लोगों को हरे, भूरे और नारंगी रंग से होली खेलनी चाहिए। इन रंगों से होली खेलने से इस राशि के लोगों का आर्थिक संकट दूर होता है।

तुला राशि :- तुला राशि के जातक सफेद और हल्के गुलाबी रंग के कपड़े पहनकर होली खेलें। ऐसा करने से आपको अच्छे परिणाम प्राप्त होंगे।

**वृश्चिक राशि :-** वृश्चिक राशि के लोगों को लाल, मैरून और पीले रंग से होली खेलने जाना चाहिए। ऐसा करने से आपके आर्थिक संकट दूर होते हैं।

**धनु राशि :-** धनु राशि के जातकों को होली खेलने के लिए लाल, और पीले रंग का इस्तेमाल करना चाहिए। ऐसा करने से आपका अपने परिजनों के साथ रिश्ता मजबूत बनेगा और गुरु ग्रह से जुड़ी कोई परेशानी भी आपके सामने नहीं आएगी।

**मकर राशि :-** मकर राशि के लोगों को होली जरूर खेलनी चाहिए। इसके लिए इन्हें नीले, काले रंग का इस्तेमाल करना चाहिए। ऐसा करने से आपको शीघ्र ही अपने लक्ष्य की प्राप्ति होगी।

**कुंभ राशि :-** कुंभ राशि के जातकों को होली खेलने के लिए काला, बैंगनी और लाल रंग के गुलाल का इस्तेमाल करना चाहिए। ऐसा करने से आप कठिन परिस्थितियों को भी अपने बस में कर पाएंगे।

**मीन राशि :-** मीन राशि के लोगों को पीले रंग से होली खेलनी चाहिए। इस राशि के लोगों को होली के दिन पीला रंग शिवलिंग पर चढ़ाने के बाद ही होली खेलने जाना चाहिए। माना जाता है कि ऐसा करने से आपको धन और ऐश्वर्य की प्राप्ति होती है।

## अग्नि की दिशा देखकर पता चलेगा कैसा रहेगा संवत 2081

होली का त्योहार देशभर में प्रसिद्ध है। होली से पूर्व रात को होलिका दहन किया जाता है। होलिका दहन का दिन भक्तों को प्रह्लाद और होलिका की याद दिलाता है। होली का त्योहार बुराई पर अच्छाई का प्रतीक है। हर साल फाल्गुन मास की पूर्णिमा को होलिका दहन किया जाता है। होलिका दहन के समय भद्रा का साया नहीं होनी चाहिए। भद्रा के समय होलिका दहन करने से अनहोनी की आशंका रहती है। होलिका दहन 24 मार्च को होगा और होली 25 मार्च को मनाई जाएगी। पाल बालाजी ज्योतिष संस्थान जयपुर जोधपुर के निदेशक ज्योतिषाचार्य डॉ। अनीष व्यास ने बताया कि रंगों का त्योहार होली इस बार 25 मार्च को मनेगा। इससे एक दिन पहले 24 मार्च को तारीख को होली जलाई जाएगी। होलिका दहन के समय सर्वार्थ सिद्धि योग, रवि योग, बुध आदित्य योग का अद्भुत संयोग बन रहा है। इस बार भद्रा दोष रहेगा इसलिए शाम की बजाय रात में होलिका दहन हो सकेगा।

**शिव पूजा से खत्म होंगे दोष**

होलिका दहन के दिन हरि-हर पूजा करनी चाहिए। हरि यानी भगवान विष्णु और हर मतलब शिव। फाल्गुन मास की पूर्णिमा पर प्रह्लाद का जीवन विष्णु भक्ति की वजह से ही बचा था। तभी से हर वर्ष फाल्गुन पूर्णिमा पर होलिका दहन के साथ ही विष्णु पूजन की परंपरा भी चली आ रही है। लेकिन साथ ही इस दिन भगवान शिव की पूजा करने से बीमारियां दूर होने लगती हैं और हर तरह के दोष भी खत्म होते हैं। इसलिए विद्वानों ने इस पर्व पर हरि-हर पूजा का विधान बताया है।

**चंद्रमा को अर्घ्य देने का विशेष महत्व**

पूर्णिमा पर बन रहे सितारों के शुभ संयोग में चंद्रमा को अर्घ्य देने का विशेष महत्व रहेगा। फाल्गुन महीने की पूर्णिमा पर चंद्रमा की पूजा करने से रोग नाश होता है। इस त्योहार पर पानी में दूध मिलाकर चंद्रमा को अर्घ्य देना चाहिए। इसके बाद अबीर, गुलाल, चंदन, अक्षत, मौली, अष्टगंध, फूल और नैवेद्य चढ़ाकर चंद्रमा को धूप-दीप दर्शन करवाकर आरती करनी चाहिए। इस तरह से चंद्र पूजा करने से बीमारियां दूर होने लगती हैं।

**हवा की दिशा से तय होता है कैसा होगा सेहत, रोजगार और अर्थव्यवस्था**

होलिका दहन के दौरान हवा की दिशा से तय होता है कि अगली होली तक का समय सेहत, रोजगार, शिक्षा, बिजनेस, कृषि और अर्थव्यवस्था के लिए कैसा होगा। होलिका जलने पर जिस दिशा में धुंआ उठता है, उससे आने वाले समय का भविष्य जाना जाता है। होलिका दहन की आग सीधी ऊपर उठे तो उसे बहुत शुभ माना गया है। वहीं, दक्षिण दिशा की ओर झुकी होलिका की आग को देश में बीमारियां और दुर्घटनाओं का संकेत देने वाला माना जाता है।

**आग का ऊपर उठना शुभ**

होलिका दहन के समय आग की लौ अगर सीधे हो, आसमान की तरफ उठे तो अगली होली तक सब कुछ अच्छा होता है। खासतौर से सत्ता और प्रशासनिक क्षेत्रों में बड़े सकारात्मक बदलाव होते हैं। बड़ी जन हानि या प्राकृतिक आपदा की आशंका भी कम रहती है। पूजा-पाठ और दान से परेशानियां खत्म होंगी।

**पूर्व दिशा**

होलिका दहन की लौ पूर्व दिशा की ओर झूके तो इसे बहुत शुभ माना गया है। इससे शिक्षा-अध्यात्म और धर्म को बढ़ावा मिलता है। रोजगार की संभावना बढ़ती है। लोगों की सेहत में सुधार होता है। मान-सम्मान में भी बढ़ता है।

**पश्चिम दिशा**

आग पश्चिम की ओर उठे तो पशुधन को लाभ होता है। आर्थिक प्रगति होती है, लेकिन धीरे-धीरे। थोड़ी प्राकृतिक आपदाओं की आशंका भी रहती है, लेकिन कोई बड़ी हानि नहीं होती है। इस दौरान चुनौतियां बढ़ती हैं लेकिन सफलता भी मिलती है।

**उत्तर दिशा**

होलिका दहन के वक्त आग उत्तर दिशा की ओर होती है तो देश और समाज में सुख-शांति बढ़ती है। इस दिशा में कुबेर समेत अन्य देवताओं का वास होने से आर्थिक प्रगति होती है। चिकित्सा, शिक्षा, कृषि और व्यापार में उन्नति होती है।

**दक्षिण दिशा**

इस दिशा में होलिका दहन की आग का झुकना अशुभ माना गया है। दक्षिण दिशा में होलिका की लौ होने से झगड़े और विवाद बढ़ने की आशंका रहती है। युद्ध-अशांति की स्थिति भी बनती है। इस दिशा में यम का प्रभाव होने से रोग और दुर्घटना बढ़ने का अंदेशा भी रहता है।

# श्रेयस तलपड़े और तुषार कपूर की वापसी हॉरर-कॉमेडी कपकपी के साथ, मोशन पोस्टर हुआ रिलीज






एक्टर श्रेयस तलपड़े और तुषार कपूर की जोड़ी फिर एक फिल्म में साथ दिखाई देने वाली है। उनकी नई मूवी कपकपी का एलान हो गया है। अब इसी बीच हॉरर कॉमेडी फिल्म कपकपी का मोशन पोस्टर भी जारी कर दिया गया है। साथ ही फिल्म से जुड़ी कई जानकारी फैंस के साथ शेयर की गई है।आपको बता दें कि क्या कूल हैं हम और अपना सपना मनी मनी जैसी फिल्मों का निर्देशन कर चुके डायरेक्टर संगीथ सिवन ने फिल्म की कमान संभाली है। वहीं, सौरभ आनंद और कुमार प्रियदर्शी ने इसकी स्क्रिप्ट लिखी है। जयेश पटेल के ब्रावो एंटरटेनमेंट के बैनर तले कपकपी को प्रोड्यूस किया गया है।

अब इसी बीच एक्टर श्रेयस तलपड़े ने अपने सोशल मीडिया इंस्टाग्राम पर इसका मोशन पोस्टर शेयर किया है, जिसे देखने के बाद फैंस काफी एक्साइटेड हो गए हैं। मोशन पोस्टर शेयर करते हुए श्रेयस ने कैप्शन भी दिया है, जिसमें उन्होंने लिखा, कपकपी हॉरर और कॉमेडी का एक संयोजन जो आपने पहले कभी नहीं देखा है! हँसी! काँपना! हँसी! काँपना! दोहराना! जब आप कहते हैं कि आत्मजीदर्शनदोना फिलहाल मेकर्स ने कपकपी की रिलीज डेट से पर्दा नहीं उठाया है ।

श्रेयस तलपड़े और तुषार कपूर के अलावा इस फिल्म में सोनिया राठी, सिद्धि इदनानी, जय ठक्कर, वरुण पांडे, धीरेंद्र तिवारी, दिनकर शर्मा और अभिषेक कुमार भी मुख्य भूमिका में दिखाई देने वाले हैं। कपकपी के अलावा श्रेयस जल्द लव यू शंकर में भी दिखाई देने वाले हैं, जो इसी साल अप्रैल में रिलीज होगी। वहीं, उनकी गोलमाल 5 और इमरजेंसी भी पाइपलाइन में है।

# दिव्या अग्रवाल ने अपने नवविवाहित जीवन के बारे में खुलकर बात की



रेस्तरां मालिक और जिनफ्लुएंसर अपूर्वा पडगांवकर से अपनी हाई-प्रोफाइल शादी के बाद अपनी पहली सार्वजनिक उपस्थिति के दौरान, बिग बॉस ओटीटी विजेता दिव्या अग्रवाल ने अपने नवविवाहित जीवन के बारे में खुलकर बात की।दिव्या और अपूर्वा ने पिछले महीने पारंपरिक मराठी शादी की थी। अपने लॉन्ग टाइम बॉयफ्रेंड से शादी करने पर खुशी जाहिर करते हुए दिव्या ने कहा, मेरी शादी का पहला महीना ही गुजर रहा है और यह बहुत अच्छा रहा। मैं अपनी शादीशुदा जिंदगी का आनंद ले रही हूं। यह या तो ताज़ा लगता है या ऐसा लगता है जैसे हमारी शादी को कई साल हो गए हैं! इस बारे में बात करते हुए कि अपूर्वा और वह एक-दूसरे की कंपनी को कितना पसंद करते हैं, दिव्या ने कहा, हम हर चीज और किसी भी चीज के बारे में बात करते हैं। इसके बारे में सोचें, हम बहुत ज्यादा बात करते हैं, मेरा मतलब है कि कभी-कभी, मैं दोस्तों, परिवार और साथियों से छुट्टी लेना चाहती हूं। -कार्यकर्ता, लेकिन अपूर्वा और मैं दो ऐसे लोग हैं जिन्हें एक-दूसरे से छुट्टी की ज़रूरत नहीं है।यह बताते हुए कि उन्हें एक साथ बांधने वाली बात क्या है, उन्होंने कहा, हम दोनों अलग हैं, लेकिन एक चीज जो हम दोनों में समान है वह यह है कि हम लोगों से प्यार करते हैं।मनोरंजन उद्योग में दिव्या का सफर उल्लेखनीय रहा है। वह एमटीवी स्प्लिट्सविला 10 की उपविजेता और ऐस ऑफ स्पेस 1 की विजेता थीं। उन्होंने हॉरर वेब सीरीज रागिनी एमएमएस: रिटर्न्स 2 से अभिनय की शुरुआत की और एक्शन-ड्रामा वेब सीरीज कार्टेल में ग्रिसी नाम का किरदार निभाया।



# श्वेता महारा ने होली से पहले कातिलाना अंदाज में खुद को लगाया गुलाल, फैंस बोले- 'हीरोइन'

भोजपुरी इंडस्ट्री की पॉपुलर एक्ट्रेस श्वेता महारा अपनी खूबसूरती और एक्टिंग के लिए जानी जाती हैं। श्वेता ने कई भोजपुरी म्यूजिक वीडियोज में अपने अभिनय का जलवा बिखेरा हैं। श्वेता महारा की एक्टिंग को लोग काफी पसंद करते हैं। श्वेता महारा की हर अदा पर लोग फिदा हैं। वहीं श्वेता महारा सोशल मीडिया पर भी अपना जलवा बिखेरती रहती हैं। इस बीच भोजपुरी एक्ट्रेस श्वेता महारा का एक वीडियो सामने आया है, जो कि इंटरनेट पर धड़ल्ले से वायरल हो रहा है। इस क्लिप में श्वेता महारा ने होली के पहले ही माहौल बना दिया है।

**श्वेता महारा ने शेयर किया शानदार वीडियो**

भोजपुरी एक्ट्रेस श्वेता महारा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट को अपडेट करते हुए एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें वो किसी अप्सरा से कम नहीं लग रही हैं। सामने आए इस क्लिप में श्वेता महारा साड़ी में होली के गाने पर डांस करती नजर आ रही हैं। श्वेता महारा का ये अंदाज फैंस को काफी पसंद आ रहा है। श्वेता महारा के इस रील वीडियो पर लोग जमकर रिएक्ट कर रहे हैं। एक यूजर ने श्वेता महारा की वीडियो पर कमेंट करते हुए लिखा, 'हीरोइन लग रही हो।'



# अलाना पांडे ने पति संग शेयर कीं बेबी शॉवर की इनसाइड फोटोज

## आइवर मैक्रे के साथ हुईं रोमांटिक

अनन्या पांडे की कजिन अलाना पांडे इन दिनों काफी चर्चा में बनी हुई हैं। अलाना पांडे ने अभी हाल ही सोशल मीडिया पर फोटोज शेयर कर के बताया कि वो मां बनने वाली वाली हैं। इसके बाद एक बेबी शॉवर फंक्शन का आयोजन किया गया था। इस कार्यक्रम में अलाना पांडे अपने पति आइवर मैक्रे संग दिकाई दीं। आइवर मैक्रे और अलाना पांडे की फोटोज सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही हैं।अलाना पांडे इस तस्वीर में व्हाइट ड्रेस में दिखाई दे रही हैं। अलाना पांडे की ये ड्रेस सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही है।अलाना पांडे इस तस्वीर में अपने टोन्ड लेग्स फ्लॉन्ट करती हुई नजर आ रही हैं। अलाना पांडे की टोन्ड लेग्स को देखने के बाद लोग देखते रह गए।इस तस्वीर में अलाना पांडे और उनके पति आइवर मैक्रे साथ दिखाई दे रहे हैं। आइवर मैक्रे और अलाना पांडे की ये तस्वीर आते ही सोशल मीडिया पर छा गई। अलाना पांडे के बेबी शॉवर में बॉलीवुड एक्ट्रेस अनन्या पांडे नजर आई थीं। इस दौरान अनन्या पांडे शॉर्ट ड्रेस पहने दिखीं।अलाना पांडे इस वायरल हो रही तस्वीर में बेहद हसीन लग रही हैं। अलाना पांडे के इस लुक फैंस जमकर तारीफ करते नजर आए।अलाना पांडे के बेबी शॉवर में एक्ट्रेस शनाया कपूर के लुक ने लोगों का ध्यान अपनी तरफ खींचा। शनाया कपूर के नए लुक पर लोग लट्टू हो गए।अलाना पांडे इस तस्वीर में अपने पति आइवर मैक्रे संग रोमांटिक होती हुई नजर आ रही हैं। अलाना पांडे और आइवर मैक्रे की अदा पर फैंस फिदा हो गए। अलाना पांडे और आइवर मैक्रे इस बेबी शॉवर कार्यक्रम में जमकर मस्ती करते हुए नजर आए।



# शमा सिकंदर ने फ्रंट कट ड्रेस में कराया हुस्न का दीदार









टीवी एक्ट्रेस शमा सिकंदर की अभी हाल ही में अपना नया लुक शेयर किया है। अपने नए लुक में शमा सिकंदर फ्रंट कट ड्रेस में दिखाई दे रही हैं। शमा सिकंदर का नया लुक सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। शमा सिकंदर के नए लुक को उनके फैंस काफी पसंद कर रहे हैं। तो चलिए बिना देर किए देखते हैं शमा सिकंदर की नई फोटोज, जो काफी चर्चा में हैं।शमा सिकंदर इस तस्वीर में फ्रंट कट ड्रेस में दिखाई दे रही हैं। शमा सिकंदर की ड्रेस लोगों को खूब पसंद आ रही है। शमा सिकंदर इस तस्वीर में खुले बालों में नजर आ रही हैं। शमा सिकंदर का नया हेयरस्टाइल जमकर वायरल हो रहा है।शमा सिकंदर इस तस्वीर में किलर पोज देती हुई नजर आ रही हैं। शमा सिकंदर की अदा पर फैंस फिदा हो गए। शमा सिकंदर के फेस पर इस तस्वीर में एक प्यारी सी स्माइल देखने को मिल रही है। शमा सिकंदर की प्यारी सी स्माइल फैंस का दिल लूट रही है।शमा सिकंदर इस तस्वीर में बेहद हसीन लग रही हैं। शमा सिकंदर की इस तस्वीर को देखने के बाद हर कोई देखता रह गया। शमा सिकंदर का कर्वी फिगर लोगों का ध्यान अपनी तरफ खींच रही है। शमा सिकंदर का फिगर लोगों को उनका दीवाना बना रहा है।शमा सिकंदर इस तस्वीर में अपने हाथों रिंग पहने दिखाई दीं। शमा सिकंदर की रिंग को देखने के बाद हर कोई इसकी तारीफ कर रहा है।शमा सिकंदर के इस नए लुक पर फैंस के साथ-साथ ट्रोल्स भी लट्टू हो गए। शमा सिकंदर की तस्वीर पर यूजर्स खूब कमेंट कर रहे हैं।



# गोल्डन ड्रेस में प्रज्ञा जैसवाल ने बिखेरे हुस्न के जलवे

प्रज्ञा जैसवाल का लेटेस्ट फोटोशूट वायरल: कांचे ब्यूटी प्रज्ञा जैसवाल अपनी खूबसूरती से मंत्रमुग्ध कर रही हैं। लेटेस्ट तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर करने से फैंस के बीच गर्मी बढ़ जाएगी।कांचे ब्यूटी प्रज्ञा जयसवाल को उनकी खूबसूरती के बावजूद मौके नहीं मिल रहे हैं। हाल ही में इस हसीना ने एक बार फिर हॉट बम फोड़ा है. इंस्टाग्राम पर शेयर की गई इन तस्वीरों में प्रज्ञा गोल्डन ड्रेस में नजर आ रही हैं। इस महिला की खूबसूरती पर लोग फिदा हैं। प्रज्ञा जायसवाल इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म खेल खेल में को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं। इस फिल्म में प्रज्ञा अक्षय के साथ आने वाली हैं। प्रज्ञा अपनी इस फिल्म को लेकर काफी उत्साहित दिखाई दे रही हैं। प्रज्ञा ने अपने लुक को पूरा करने के लिए खुला रखा हैं, सोशल मीडिया पर उनकी नई तस्तीरें काफी वायरल हो रही हैं। प्रज्ञा दिन-ब-दिन ग्लैमर का डोज बढ़ाती जाती है। इसके तहत वह हॉट फोटोशूट कराकर लोगों को आकर्षित करती हैं। ये हसीना सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती है. अगर वह कोई पोस्ट डालती हैं तो वह सेकेंडों में वायरल हो जाता है. प्रज्ञा पन्ना हरे रंग की बालियां जैसे सहायक उपकरण चुनकर निर्दोष समन्वय का प्रदर्शन करती है जो पीले गाउन के साथ मेल खाते हैं।गाउन का बैकलेस डिज़ाइन प्रज्ञा के लुक में परिष्कार और आकर्षण का स्पर्श जोड़ता है।गाउन का चमकीला पीला रंग प्रज्ञा की त्वचा के रंग से पूरी तरह मेल खाता है, जिससे उसकी प्राकृतिक सुंदरता और चमक बढ़ जाती है।प्रज्ञा का चमकदार मेकअप उसकी विशेषताओं को बढ़ाता है और उसके समग्र स्वरूप में एक ग्लैमरस स्पर्श जोड़ता है, बोल्ड लाल लिपस्टिक नाटकीयता और आकर्षण का संकेत देती है। अपने बालों को झरझरा लहरों में खुला छोड़ते हुए, प्रज्ञा सहजता से अपना चेहरा ढाँक लेती है।

## आज का राशिफल

**मेष – चू,चे,चो,ला,लि,लू,ले,लो,अ**

तनाव से बचने के लिए मधुर संगीत का सहारा लें। चंद्र की स्थिति की वजह से आज आपका धन बेवजह की चीजों पर खर्च हो सकता है। अगर आपको धन संचय करके रखना है तो अपने जीवनसाथी या माता पिता से इस बारे में बात करें। परिवार के सदस्यों की अच्छी सलाह आज आपके लिए लाभदायक सिद्ध होगी।इस राशि के छात्र छात्राओं को आज के दिन पढ़ाई में मन लगाने में दिक्कतें आ सकती हैं। आज आप अपना कीमती समय दोस्तों के चक्कर में बर्बाद कर सकते हैं।

**वृषभ – इ,उ,ए,ओ,वा,वि,वु,वे,वो**

आपमें आज चुस्ती–फुर्ती देखी जा सकती है। आपका स्वास्थ्य आज पूरी तरह से आपका साथ देगा। आज यार दोस्तों के साथ पार्टी में आप खूब पैसे लुटा सकते हैं लेकिन इसके बावजूद भी आपका आर्थिक पक्ष आज मजबूत रहेगा। घर में रस्म–रिवाज़ आदि होगा। आपका प्रेमी या प्रेमिका आज बहुत गुस्से में नजर आ सकते हैं इसकी वजह उनके घर की स्थिति होगी। बातचीत में कुशलता आज आपका मज़बूत पक्ष साबित होगी। अगर आपके जीवनसाथी की सेहत कर चलते किसी से मिलने की योजना रद्द करनी पडेगी।

**मिथुन – क,कि,कृ,घ,ड़,छ,के,को,ह**

आज ख़ास दिन है, क्योंकि अच्छा स्वास्थ्य आपको कुछ असाधारण काम करने की क्षमता देगा। व्यापार को मजबूती देने के लिए आज आप कोई अहम कदम उठा सकते हैं जिसके लिए आपका कोई करीबी आपकी आर्थिक मदद कर सकता है। सहकर्मियों के साथ काम करते वक़्त युक्ति और चतुरता की ज़रूरत होगी। आज अपने लिए वक्त निकालकर अपने जीवनसाथी के साथ आप कहीं घूमने जा सकते हैं। अगर हाल में आप व आपका जीवनसाथी बहुत ख़ुश महसूस नहीं कर रहे थे, तो आज हालात बदल सकते हैं।

**कर्क – ही,हु,हे,हो,डा,डी,डू,डे,डो**

भले ही आप उत्साह से लबरेज़ हों, फिर भी आज आप किसी ऐसे की कमी महसूस करेंगे जो आज आपके साथ नहीं है। शाम का ज़्यादातर समय मेहमानों के साथ गुज़रेगा। अन्य दिनों की अपेक्षा आज आपके सहकर्मी आपको अधिक समझने की कोशिश करेंगे। आपका कम्यूनिकेशन और काम करने की क्षमता असरदार सिद्ध होंगे। इस बात की प्रबल सम्भावना है कि आपके आस–पास के लोग आप दोनों के बीच मतभेद पैदा करने का प्रयास करेंगे। अत: बाहरी लोगों के कहने पर अमल करना ठीक नहीं होगा।

**सिंह – म,मी,मू,मे,मो,टा,टी,टू,टे**

किसी बड़े समूह में भागीदारी आपके लिए दिलचस्प साबित होगी, हालाँकि आपके ख़र्चे बढ़ सकते हैं। उदार बनें और ईमानदारी से तारीफ़ करें। आपकी थकी और उदास ज़िन्दगी आपके जीवन–साथी को तनाव दे सकती है। आपको पता लग सकता है कि आपके बॉस आपसे इतने रूखेपन से क्यों बात करते हैं। वजह जानकर आपको वाक़ई तसल्ली होगी। कार्यक्षेत्र में किसी काम के अटकने की वजह से आज आपका शाम का कीमती वक्त खराब हो सकता है। ख़ुद तनावग्रस्त होने की झल्लाहट आप बेवजह अपने जीवनसाथी पर निकाल सकते हैं।

**कन्या – टो,प,पी,पू,ष,ण,ठ,पे,पो**

आज के दिन आपको अपने उन दोस्तों से बचकर रहने की जरुरत है जो आपसे उधार मांगते हैं और फिर उसे लौटाते नहीं हैं। आपके जीवन–साथी की सेहत चिंता का सबब बन सकती है और उसे चिकित्सकीय देखरेख की ज़रूरत है। किसीकी दख़लअंदाज़ी के चलते आपके और आपके प्रिय के रिश्ते में दूरियाँ आ सकती हैं। पेशेवर तौर पर आज का दिन सकारात्मक रहेगा। इसका भरपूर उपयोग करें। अगर आप लंबे समय से अपने जीवन में किसी रोचक चीज़ के होने का इंतज़ार कर रहे हैं, तो निश्चय ही आपको उसके संकेत दिखाई देने लगेंगे।

**तुला – र,री,रू,रे,रो,ता,ति,तू,ते**

जब आप कोई फ़ैसला लें, तो दूसरों की भावनाओं का ख़ास ख़याल रखें। आपका कोई भी ग़लत निर्णय न केवल उनपर ख़राब असर डालेगा, बल्कि आपको भी मानसिक तनाव देगा। आपने बीते समय में बहुत पैसा खर्च किया है जिसका खामियाजा आज आपको भुगतना पड़ सकता है। आज आपको पैसों की जरुरत होगी लेकिन वो आपको मिल नहीं पाएगा। यह परिवार में दबदबा बनाए रखने की अपनी आदतों को छोड़ने का वक़्त है। ज़िंदगी के उतार–चढ़ाव में उनके कंधे से कंधा मिलाकर साथ दें। यात्राओं से व्यवसाय के नए मौक़े मिलेंगे। यात्रा के मौक़ों को हाथ से नहीं जाने देना चाहिए।

**वृश्चिक – तो,न,नी,नू,ने,नो,या,यी,यू**

आज आप अपने घर के सदस्यों को कहीं घुमाने ले जा सकते हैं और आपका काफी धन खर्च हो सकता है। परिवार वालों का हँसी–मज़ाक भरा बर्ताव घर के वातावरण को हल्का–फुल्का और ख़ुशनुमा बना देगा। आपकी शैली और काम करने का नया अन्दाज़ उन लोगों में दिलचस्पी पैदा करेगा, जो आप पर नज़दीकी से ग़ौर करते हैं। बेवजह की उलझनों से दूर होकर आज आप किसी मंदिर, गुरुद्वारे या किसी भी धार्मिक स्थल पर अपना खाली समय बिता सकते हैं।

**धनु – ये,यो,भ,भी,भू,धा,फा,ढा,भे**

आज आपके ऑफिस का कोई सहकर्मी आपकी कीमती वस्तु चुरा सकता है इसलिए आज आपको अपना सामान ध्यान से रखने की जरुरत है। बच्चे आपको अपनी उपलब्धियों से गर्व का अनुभव कराएंगे। व्यावसायिक साझीदार सहयोग करेंगे और आप साथ मिलकर टलते आ रहे कामों को पूरा कर सकते हैं। कार्यक्षेत्र के किसी काम में खराबी की वजह से आज आप परेशान रह सकते हैं और इस बारे में सोचकर अपना कीमती वक्त बर्बाद कर सकते हैं।

**मकर – भो,ज,जी,खि,खू,खे,खो,ग,गि**

आज आप भविष्य के लिए कोई आर्थिक योजना बना सकते हैं और उम्मीद है कि यह योजना सफल भी होगी। अपनी उपयोगिता की ताक़त को सकारात्मक सोच और बातचीत के ज़रिए विकसित करें, ताकि आपके परिवार के लोगों को लाभ हो। इस राशि के जो लोग रचनात्मक कार्यों से जुड़े हैं उन्हें आज परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। आज आपको महसूस हो सकता है कि रचनात्मक कार्य करने से बेहतर नौकरी करना था। आज खाली वक्त का सही उपयोग करने के लिए आप अपने पुराने मित्रों से मिलने का प्लान बना सकते हैं। आज वैवाहिक जीवन में तनाव हो सकता है।

**कुम्भ – गु,गे,गो,सा,सी,सू,से,सो,द**

कोई पुराना मित्र आज आपसे आर्थिक मदद मांग सकता है और यदि आप उसकी आर्थिक मदद करते हैं तो आपके आर्थिक हालात थोड़े तंग हो सकते हैं। पारिवारिक उत्तरदायित्व में वृद्धि होगी, जो आपको मानसिक तनाव दे सकती है। आज का दिन बढ़िया प्रदर्शन और ख़ास कामों के लिए है। आज कुछ ऐसा दिन है जब चीजें उस तरह नहीं होंगी, जैसी आप चाहते हैं। मुमकिन है कि आपके माता–पिता आपको कुछ शानदार आशीर्वाद दें ।

**मीन – दी,दू,थ,झ,ञ,दे,दो,चा,ची**

लम्बे समय से अटके मुआवज़े और कर्ज़ आदि आख़िरकार आपको मिल जाएंगे। आप दोस्तों के साथ बेहतरीन वक़्त बिताएंगे, लेकिन गाड़ी चलाते वक़्त ज़्यादा सावधानी बरतें। किसी तीसरे इंसान का दखल आपके और आपके प्रिय के बीच गतिरोध पैदा करेगा। यह वह दिन है जब आपको अपनी अहम योजनाओं पर रोशनी डालने के लिए ख़ास और बड़े लोगों से मिलना चाहिए। आपका खाली वक्त आज किसी गैरजरुरी काम में खराब हो सकता है। आपकी भागदौड़ भरी दिनचर्या के कारण आपका जीवनसाथी ख़ुद को दरकिनार महसूस कर सकता है।

## रविवार का पंचांग

दिनांक : 24 मार्च 2024 , रविवार
विक्रम संवत : 2080
मास : फाल्गुन , शुक्ल पक्ष
तिथि : चतुर्दशी प्रात: 09:57 तक
नक्षत्र : पूर्वाफाल्गुनी प्रात: 07:34 तक
योग : गण्ड रात्रि 08:33 तक
करण : वणिज प्रात: 09:57 तक
चन्द्रराशि : सिंह दोपहर 02:21 तक
सूर्योदय : 06:16, सूर्यास्त 06:27 ( हैदराबाद )
सूर्योदय : 06:21 , सूर्यास्त 06:30 ( बैंगलोर )
सूर्योदय : 06:13 , सूर्यास्त 06:23 ( तिरुपति )
सूर्योदय : 06:08 , सूर्यास्त 06:19 ( विजयवाडा )

**शुभ चौघड़िया**

चल : 07:30 से 09:00
लाभ : 09:00 से 10:30
अमृत : 10:30 से 12:00
शुभ : 01:30 से 03:00
राहुकाल : सायं 04:30 से 06:00
दिशाशूल : पश्चिम दिशा
उपाय : गुड खाकर यात्रा का आरंभ करें
दिन विशेष : होलाष्टक चालू हैं , होलिका दहन रात्रि 11:31 बजे , भद्रा प्रात: 09:46 से रात्रि 11:14 तक

* पाण्डित्य विषय में सम्पर्क करें *

पं.चिदम्बर मिश्र (टिल्लू महाराज)
हमारे यहाँ पाण्डित्य पूर्ण यज्ञ अनुष्ठान, भागवत कथा एवं मूल पारायण, वास्तुशान्ति, गृहप्रवेश,शतचंडी, विवाह, कुंडली मिलान, नवग्रह शान्ति, ज्योतिष सम्बन्धी शंका समाधान किए जाते हैं फक्कड़ का मन्दिर, रिकाबगंज, हैदराबाद, तेलंगाना.9246159232,
Chidamber011@gmail.com

# केमिकल फैक्ट्री में बड़ा हादसा

## बॉयलर फटने से 5 श्रमिक जिंदा जले



**जयपुर, 23 मार्च (एजेंसियां)।** बस्सी थाना इलाके के बैनाड़ा में शनिवार शाम केमिकल फैक्ट्री में काम कर रहे 5 मजदूरों की जिंदा जलने से मौत हो गई और तीन जने गंभीर रूप से झुलस गए। फैक्ट्री में बॉयलर फटने से हुए तेज धमाके की आवाज काफी दूर तक सुनाई दी। एकाएक हुई घटना से हर कोई स्तब्ध रह गया। हादसे की सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंच गई हैं। राहत एवं बचाव कार्य शुरू कर दिया गया है।

जानकारी के मुताबिक, बस्सी थाना क्षेत्र की शालीमार फैक्ट्री में हुआ। काम करते समय अचानक बॉयलर फट गया, जिसके बाद भीषण आग लग गई। इस अग्निकांड में पांच लोग जिंदा जल गए और मौके पर ही मौत हो गई। जबकि अन्य श्रमिकों ने भागकर जान बचाने का प्रयास किया है। करीब आधा दर्जन घायल लोगों को उपचार के लिए जयपुर सवाईमानसिंह अस्पताल (एसएमएस) में भर्ती किया है। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की गाड़ियों की मदद से आग पर काबू पाने की कोशिश की जा रही है। घटना शनिवार शाम करीब 6 बजे की है। घटना की जानकारी मिलने पर दमकल और रेस्क्यू टीम को मौके पर बुलाया गया है। हादसे की सूचना पर वरिष्ठ अधिकारी भी मौके पर पहुंचे है।

घटना के बाद में सैकड़ों की संख्या में लोग मौके पर एकत्र हो गए और मुआवजा व मामले की उच्च स्तर पर जांच की मांग करते हुए विरोध जताने लगे। मौके पर पहुंची एम्बुलेंस को भी अंदर नहीं घुसने दिया। बाद में घायलों को सवाईमानसिंह अस्पताल पहुंचाया गया। जहां उनकी भी हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने बताया कि शालीमार केमिकल के नाम से फैक्ट्री है। जिसमें बॉयलर फटने से शनिवार शाम 6 बजे हादसा हो गया। मौके पर पहुंची 4 दमकल ने आग पर काबू पाया।मालूम हो कि कुछ दिन पहले जयपुर के विश्वकर्मा थाना इलाके में एक घर में भीषण आग लगने से तीन बच्चों समेत पांच लोगों की मौत हो गई थी। इस हादसे में मरने वाले सभी लोग बिहार के रहने वाले थे।

## योजना भवन भ्रष्टाचार मामला

# ईडी करेगी कई अफसरों से पूछताछ




**जयपुर, 23 मार्च (एजेंसियां) ।** पूर्ववर्ती अशोक गहलोत सरकार के वक्त के योजना भवन के भ्रष्टाचार की परतें जल्द खुल सकती है । योजना भवन में बेसमेंट की एक अलमारी से मिले करोड़ों की नकदी और एक किलो सोने के मामले में अब प्रवर्तन निदेशालय की प्रॉसिक्यूशन कंप्लेन को अदालत से मंजूरी मिल गई है। अब ईडी की एंट्री होने से इस मामले में सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के तत्कालीन आईएएस अफसरों से भी पूछताछ हो सकती है । इस मामले में ईडी ने तत्कालीन संयुक्त निदेशक वेदप्रकाश यादव समेत अन्य अफसरों को आरोपी बनाया गया है ।

सूत्रों के मुताबिक इस मामले में अब एसीएस अखिल अरोड़ा, समेत कई आईएएस अफसरों से पूछताछ हो सकती है ।

आपको बता दे कि शासन सचिवलाय के पास स्थित योजना भवन के बेसमेंट में एक अलमारी से 2 करोड़ 31 लाख रुपये नकद और 1 किलो सोने की सिल्ली मिली थी । इस मामले में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने मामला दर्ज करके अपनी जांच शुरू की थी । अब इस मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने धनशोधन निवारण अधिनियम – पीएमएलए कानून के तहत जांच शुरूआत की है ।

# सी–विजिल एप पर एक सप्ताह में 1500 से ज्यादा शिकायतें : प्रवीण गुप्ता




**जयपुर, 23 मार्च (एजेंसियां) ।** लोकसभा आम चुनाव–2024 में आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन पर कड़ी निगरानी रखने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा बनाए सी–विजिल एप शिकायतों के समाधान का बेहतरीन जरिया बनता जा रहा है। एप के माध्यम से प्राप्त शिकायतों पर रिकॉर्ड समय में कार्रवाई हो रही है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि आदर्श आचार संहिता लागू होने से अब तक यानि पिछले 7 दिन में प्रदेशभर में 1515 शिकायतें दर्ज की गयी है। इनमें से 546 शिकायतों का तय समय में निस्तारण कर दिया गया।

गुप्ता ने बताया कि प्रदेश में आदर्श आचार संहिता के लागू होने के बाद प्रतिदिन 200 से ज्यादा शिकायतें मिल रही है। पिछले 7 दिन में प्राप्त 1515 शिकायतों में से 546 शिकायतों का रिटर्निंग ऑफिसर्स ने सही पाया और उनका तय समय सीमा में निस्तारण किया गया। 6 शिकायतें अभी जांच दलों और रिटर्निंग ऑफिसर्स के द्वारा निर्णय के लिए लंबित हैं। 789 शिकायतें डीसीसी द्वारा ड्रॉप कर दी गयी।

निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि सी विजिल पर आदर्श आचार संहिता की सबसे ज्यादा 241 शिकायतें टोंक जिले से प्राप्त हुईं। इनमें से 218 शिकायतें सही पायी गयी और इन सभी शिकायतों का तय समय में निस्तारण कर दिया गया। इस एप के माध्यम से अधिकतम सौ मिनट की समय सीमा में प्राप्त शिकायतों का समाधान किया जाता है। शिकायतों के निस्तारण के लिए टोंक जिले ने औसत 7 मिनट 12 सैंकड़ का समय लिया। इसी तरह चुरू जिले में 6 मिनट 16 सैंकड़ जबकि हनुमानगढ़ जिले में सबसे कम 2 मिनट 27 सैंकड़ की औसत से 6 शिकायतों का समाधान किया।

निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि अवैध पोस्टर–बैनर की सबसे ज्यादा 642 शिकायतें दर्ज की गयी है, इनमें 459 शिकायतें सही पायी जिन पर तुरंत कार्रवाई कर दी गयी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि अब तक आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायतों पर पर्याप्त सबूतों के अभाव में कड़ी कार्रवाई से बच जाते थे। शिकायत के सत्यापन में तस्वीर या वीडियो के रूप में दस्तावेजी साक्ष्य की कमी भी बाधा थी। नया एप इन सभी खाइयों को पाटने का काम कर रहा है।

सी–विजिल किसी भी व्यक्ति को आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की रिपोर्ट करने की अनुमति देता है। आमजन इस एप का इस्तेमाल करके कदाचार की घटना की जानकारी भेज सकता है। सौ मिनट की समय सीमा में अधिकारीगण समस्या का निस्तारण करेंगे। इस एप की सबसे खास बात यह है कि शिकायतकर्ता की पहचान गोपनीय रखी जाने का भी विकल्प है। कोई भी व्यक्ति एन्ड्रॉयड आधारित 'सी–विजिल' एप को गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड कर सकता है।

# कांग्रेस के दिग्गज नेता गोपाल सिंह ईडवा भाजपा में शामिल

**जयपुर, 23 मार्च (एजेंसियां) ।** लोकसभा चुनाव 2024 से पूर्व कांग्रेस को बड़ा झटका लगा। जैसे – जैसे चुनाव नजदीक आ रहा है कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल होने का सिलसिला रूक नहीं रहा है। शनिवार को कांग्रेस के एक बड़े नेता और पूर्व सांसद भाजपा में शामिल हो गए। राजसमंद के पूर्व सांसद गोपाल सिंह ईडवा ने आज 23 मार्च को कांग्रेस को अलविदा कहकर भाजपा में शामिल हो गए। इस अवसर पर राजस्थान भाजपा अध्यक्ष सी पी जोशी ने गोपाल सिंह ईडवा का स्वागत करते हुए कहा कि वे आज बिना शर्त भाजपा में शामिल हो गए हैं। यह भी चाहते हैं पीएम मोदी फिर से प्रधानमंत्री बने। सीपी जोशी ने इस अवसर पर कहा कि गोपाल सिंह ईडवा ने मेरे खिलाफ चुनाव लड़ा था। भाजपा प्रदेश मुख्यालय जयपुर में राजस्थान भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी के कार्यकाल का एक साल पूरे होने के मौके पर आज दोपहर विजय संकल्प दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर चार निर्दलीय विधायकों ने भाजपा को अपना समर्थन दिया तो करीब 33 नेताओं ने भाजपा की सदस्यता हासिल की।

सीपी जोशी ने आगे कहा, राजस्थान में डबल इंजन की सरकार काम कर रही है। भाजपा ने जो भी वादे चुनाव पूर्व किए थे। उनमें से 45 फीसद वादों को पूरा कर लिया है। अब हमारे कार्यकर्ता लोकसभा में भी 25 सीट जीतकर मोदी जी को फिर से प्रधानमंत्री बनाएंगे।

# जात–पात की राजनीति पर कांग्रेस का यकीन नहीं : भूपेंद्र हुड्डा



**चंडीगढ़, 23 मार्च (एजेंसियां) ।** एक तरफ जहां कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी जाति जनगणना को लोकसभा चुनाव में सियासी मुद्दा बना रहे हैं, वहीं अब पार्टी के दिग्गज नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष के जाति जनगणना वाले बयान पर अपनी असहमति जताई है।

दरअसल हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि कांग्रेस 36 बिरादरी की पार्टी है और वो कभी जात–पात की राजनीति नहीं करती है। कांग्रेस में जात–पात और जातिवादी मानसिकता की कोई जगह नहीं है। ऐसे में अब सवाल उठ रहे हैं कि क्या भूपेंद्र सिंह हुड्डा भी पूर्व केंद्रीय मंत्री और कांग्रेस के दिग्गज नेता आनंद शर्मा की राह पर चल पड़े हैं।

भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कई दलों के 'इंडिया' गठबंधन में शामिल होने के पत्रकारों के सवाल पर स्पष्ट किया कि 33 दलों द्वारा दिल्ली में कांग्रेस मुख्यालय जाकर 'इंडिया' गठबंधन को बाहर से समर्थन देने की पेशकश की गई है। जहां तक हरियाणा का सवाल है, लोकतंत्र सुरक्षा पार्टी या उसके प्रमुख राजकुमार सैनी का कांग्रेस में शामिल होने का सवाल ही नहीं है। न तो वह कांग्रेस में शामिल हुए और न ही कांग्रेस के सदस्य है। किसी गैर–कांग्रेसी नेता के कांग्रेस से चुनाव लड़ने की बात सिर्फ अफवाह है।

हुड्डा ने राज्य में भाजपा द्वारा मुख्यमंत्री बदले जाने पर कहा कि सीएम का चेहरा बदलने से कोई फर्क नहीं पड़ेगा क्योंकि अब सरकार बदलने का वक्त आ गया है। यह बात उन्होंने विधानसभा में भी कही थी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पूरी मजबूती के साथ लोकसभा चुनाव लड़ रही है, जिसके अच्छे नतीजे आएंगे। उसके बाद विधानसभा चुनाव के लिए भी पार्टी पूरी तरह तैयार है। जनता प्रदेश में बदलाव का मन बना चुकी है। इस बार कांग्रेस की सरकार बननी तय है। पार्टी की सरकार बनने के बाद किसानों को एमएसपी की गारंटी और कर्ज माफी का लाभ दिया जाएगा। साथ ही बुजुर्गों को छह हजार रुपये पेंशन, सरकारी कर्मचारियों को पुरानी पेंशन स्कीम और सभी परिवारों को 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली दी जाएगी।

लोकसभा उम्मीदवारों के चयन पर हरियाणा के पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि होली के बाद स्क्रीनिंग कमेटी और सीईसी की बैठक होगी।

# अम्बाला में अंतरराष्ट्रीय स्तर के फीफा एप्रूव्ड फुटबाल स्टेडियम का निर्माण अंतिम चरण में



**अंबाला, 23 मार्च (एजेंसियां) ।** पूर्व गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने शनिवार दोपहर अम्बाला छावनी में निर्माणाधीन फीफा एप्रूव्ड फुटबाल स्टेडियम में पुन: प्रारंभ हुए निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। विज ने निरीक्षण के दौरान पीडब्ल्यूडी अधिकारियों और निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधियों से निर्माण कार्य को लेकर जानकारी हासिल की।

अधिकारियों ने पूर्व मंत्री अनिल विज को बताया कि फुटबाल स्टेडियम में निर्माण कार्य को दो माह में पूरा कर लिया जाएगा और अब कार्य तेजी से किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि स्टेडियम के ऊपरी बड़े ढांचे को पूरा किया जा रहा है और निर्माण कार्य पूरा होने के उपरांत अंत में एथलेटिक ट्रैक की ट्रफ को बिछाया जाएगा।

पूर्व मंत्री अनिल विज ने अधिकारियों को फुटबाल स्टेडियम में शेष बचे अन्य कार्यों को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से दर्शकों के बैठने की सुविधा, स्टेडियम में लगाई जाने वाली शीट्स एवं अन्य जानकारियां ली। इस अवसर पर पीडब्ल्यूडी के एक्सईएन रितेश अग्रवाल के अलावा निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

गौरतलब है कि अम्बाला छावनी में करोड़ों रुपए की लागत से अंतरराष्ट्रीय स्तर का फीफा एप्रूव्ड फुटबाल स्टेडियम तैयार हो रहा है। फुटबाल मैदान में पॉलीग्रास लगाई जा चुकी है। फुटबाल मैदान में रात को भी फुटबाल मुकाबले होंगे जिसके लिए यहां फल्ड लाइटस का भी प्रबंध किया गया है।

# एल्विश यादव को मिली बेल

**गुरुग्राम, 23 मार्च (एजेंसियां)।** बिग बॉस ओटीटी 2 के विजेता एल्विश यादव को यूट्यूबर सागर ठाकुर उर्फ मैक्सटर्न से जुड़े मारपीट मामले में शनिवार को गुरुग्राम की एक अदालत ने जमानत दे दी। उत्तर प्रदेश (यूपी) पुलिस एल्विश यादव को गुरुग्राम कोर्ट ले कर आई, जहां गुरुग्राम पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया। इसके बाद यादव को मजिस्ट्रेट अक्षय कुमार की अदालत में पेश किया गया। सेक्टर –53 पुलिस स्टेशन के एसएचओ (स्टेशन हाउस ऑफिसर) राजेंद्र कुमार ने आईएएनएस को बताया कि एल्विश यादव को ड्यूटी मजिस्ट्रेट की अदालत ने जमानत पर रिहा कर दिया है। उन्हें शनिवार दोपहर करीब 1.30 बजे अदालत में पेश किया गया और उनके वकीलों द्वारा जमानत बांड भरने के बाद उन्हें जमानत दे दी गई। गुरुग्राम पुलिस ने यूट्यूबर सागर ठाकुर से मारपीट मामले में यादव का बयान दर्ज किया। बयान दर्ज करने के बाद उन्हें कोर्ट में पेश किया गया, जहां कोर्ट ने एल्विश को जमानत दे दी।

# शहीद दिवसः तीनों महान नायकों में कूट–कूट कर भरी थी देशभक्ति : बंडारू



**चंडीगढ़, 23 मार्च (एजेंसियां) ।** शहीदे–आजम सरदार भगत सिंह, राजगुरू और सुखदेव तीनों महान नायक ऐसे सच्चे राष्ट्रवादी थे जिनके खून में देशभक्ति का भाव कूट–कूट कर भरा हुआ था। उनके बलिदान से देश की युवा शक्ति में क्रांति के एक नए जोश का संचार हुआ जिसके चलते अंग्रेजों को देश छोड़कर जाना पड़ा व देश को स्वतंत्रता हासिल हुई। हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने यह देश भक्ति से ओतप्रोत गरिमापूर्ण उद्गार आज शहीदी दिवस के पावन अवसर पर राजभवन में शहीद भगत सिंह, राजगुरू एवं सुखदेव के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हे भावभीनी श्रद्धांजलि देते हुए प्रकट किए। बंडारू दत्तात्रेय ने उन सभी वीर शहीदों को भी प्रणाम किया। जिन्होंने देश की आन, बान और शान के लिए बलिदान दिया और देश को आजाद करवाया। उन्होंने कहा कि देश के पहले वतंत्रता संग्राम से लेकर आज तक देश सेवा में जो भी सर्वोच्च बलिदान दिए गए उसमे हरियाणा के शूरवीरों का विशेष योगदान रहा है।

शुभ लाभ DAILY

खबरें जो सोच बदल दे

हिन्दी दैनिक समाचार पत्र


## करंट की चपेट में आने से 22 साल के युवक की मौत

**गोपालगंज (एजेंसियां)।**

गोपालगंज जिले में नगर थाने के इंद्रवा एबादुल्लाह गांव में नवनिर्मित मकान के दो मंजिले पर सुबह में काम कर रहे एक युवक की मौत बिजली की चपेट में आने से हो गई। घटना शुक्रवार की सुबह नौ बजे की नगर थाने के इंद्रवा एबादुल्लाह गांव की बताई जा रही है।

मृत युवक कलामुदीन अंसारी का 22 वर्षीय पुत्र कयामुदीन अंसारी बताया जा रहा है। वहीं, युवक की मौत के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। माता-पिता एवं भाइयो को रो-रोकर बुरा हाल है। क्यामुदीन अपने तीन भाइयों में सबसे बड़ा था। उससे दो भाई छोटे हैं। सूचना मिलने पर पहुंची नगर थाने की पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। घटना के बाद मृतकों को देखने के लिए काफी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण मौजूद रहे। मृतक कयामुदीन तीन भाइयों में सबसे बड़ा था। उसके दो छोटे भाई अभी पढ़ाई करते हैं। कयामुदीन के ही ऊपर अपने परिवार की पूरी जिम्मेदारी थी। परिवार का खर्च चलाने के लिए वह पाखोपाली बाजार में एक दुकान पर वेल्डिंग मारने का काम करता था। कयामुदीन की मौत से उसके परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट गया है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार महिला की हुई मौत

**पटना (एजेंसियां)।**

जिले के शिवसागर थाना क्षेत्र के किरहींडी मोड़ के समीप अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार महिला की मौत हो गई। एनएच-2 के एंबुलेंस नर्सिंग स्टाफ ने बताया कि अज्ञात वाहन कि टक्कर से बाइक सवार महिला कि मौत हो गई। महिला के शव को कब्जे में लेते हुए सदर अस्पताल सासाराम में पोस्टमार्टम हेतु लाया गया है। मृतक महिला करहगर थानाक्षेत्र के सेमरी गांव निवासी विकास कुमार शाह की पत्नी सुमन कुमारी बताई गई है। घटना के संबंध में बताया गया कि शिवस-ागर थानाक्षेत्र के मदैनी निवासी राज कुमार साह ने बाइक से अपने पुत्री सुमन कुमारी को उसके सस-ुराल करगहर थानाक्षेत्र के सेमरी लेकर जा रहे थे, तभी शिवसागर थानाक्षेत्र के किरहींडी मोड़ के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से महिला सुमन कुमारी की मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

## पारिवारिक विवाद के चलते महिला ने की खुदकुशी

**मुंगेर (एजेंसियां)।**

बेगूसराय में पारिवारिक विवाद में एक महिला ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। घटना बलिया थाना क्षेत्र के बड़ी बलिया मोहल्ले की है। मृतक महिला की पहचान रिंकू कुमारी के रूप में की गई है। बताया जा रहा है कि रिंकू कुमारी बीए की छात्रा थी और 2 वर्ष पूर्व उसकी शादी खगड़िया जिले के बसबिट्टी निवासी दिलखुश कुमार के साथ हुई थी। शादी के बाद भी वह पढ़ाई के लिए अपने मायके में ही रहती थी। अनुमान लगाया जा रहा है कि बीते शाम पति-पत्नी में मोबाइल के माध्यम से कुछ कहासुनी हुई होगी और इसी से आक्रोशित होकर रिंकू कुमारी ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। परिजनों ने बताया कि अन्य दिन की भांति रिंकू कुमारी अपने कमरे में चली गई, लेकिन बहुत देर तक जब वह बाहर नहीं निकली तो परिजनों को कुछ संदेह हुआ और जब दरवाजा तोड़कर देखा गया तो रिंकू कुमारी फंदे से लटकी हुई थी। फिलहाल इस घटना की सूचना बलिया थाने को दी गई। बलिया थाने की पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है।

## जयमाला रस्म में हर्ष फायरिंग, गोली लगने से एक युवक गंभीर घायल

**मुंगेर (एजेंसियां)।**

बिहार के बेगूसराय में जिला प्रशासन के निर्देश और राज्य सरकार की बंदिशों के बावजूद हर्ष फायरिंग के मामले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। ताजा मामले में बीती रात भी हर्ष फायरिंग में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसका इलाज बेगूसराय के एक निजी नर्सिंग होम में चल रहा है। घायल की पहचान मटिहानी थाना क्षेत्र के बहदरपुर निवासी अमन कुमार के रूप में की गई है।

परिजनों ने बताया कि अमन कुमार बीती रात एक निमंत्रण में अपने मित्र के यहां मस्ती फतेहपुर गया था। जहां साहेबपुर कमाल थाना क्षेत्र के आहो गांव से एक बारात आई थी। उसके बाद जयमाला के दौरान हर्ष फायरिंग की घटना हुई, जिसमें अमन कुमार को एक गोली लग गई। गोली लगने से अमन गंभीर रूप से घायल हो गया।

### मीरा कुमार नहीं लड़ेंगी लोकसभा चुनाव, बोलीं–

# गरीब और वंचितों की सेवा करती रहूंगी

**सासाराम (रोहतास) (एजेंसियां)।**

पूर्व लोकसभा अध्यक्ष मीरा कुमार 2024 का लोकसभा चुनाव नहीं लड़ेंगी। शनिवार को उन्होंने सोशल मीडिया के जरिए इसकी घोषणा की है। सासाराम से वो कांग्रेस की संभावित प्रत्याशी मानी जा रही थीं।

मीरा कुमार ने चुनाव नहीं लड़ने की घोषणा की तो राजनीतिक हलचल तेज हो गई। आज उन्होंने अपने फेसबुक अकाउंट पर पोस्ट करते हुए लिखा- 2024 के आम चुनाव में मैंने नहीं लड़ने का निर्णय किया है। मैं अपने देश के लोगों, विशेषकर गरीब, वंचित वर्ग और महिलाओं की सेवा हमेशा करती रहूंगी।

मीरा कुमार ने सासाराम से 2004 और 2009 में लोकसभा चुनाव लड़ा और जीत हासिल की। 2004 में वे केंद्रीय मंत्री बनी थी। वहीं, 2009 में देश की प्रथम महिला लोकसभा अध्यक्ष बनी थीं, लेकिन 2014 और 2019 में वे सासाराम में भाजपा उम्मीदवार छेदी पासवान से हार गई। इस बार फिर उम्मीद जताई जा रही थी कि वे अपनी परंपरागत सीट सासाराम से चुनाव लड़ेंगी, लेकिन आज उन्होंने चुनाव ना लड़ने की घो-षणा कर दी। मीरा कुमार के पिता जगजीवन राम भी सासाराम लोकसभा से लगातार आठ बार सांसद रहे थे।



बढ़ती उम्र के कारण मीरा कुमार ने यह फैसला किया है। वो 78 साल की हो चुकी हैं और क्षेत्र में उनकी सक्रियता काफी कम थी। लोकसभा चुनाव में पराजय के बाद वो राहुल गांधी की न्याय यात्रा के दौरान सास-ाराम आई थीं। उस समय चुनाव लड़ने के सवाल पर कहा था कि पार्टी फैसला करेगी, लेकिन आज उन्होंने खुद चुनाव ना लड़ने की घोषणा की हैं।

बता दें कि मीरा कुमार के बेटे अंशुल अविजित किसी सामान्य सीट से चुनाव लड़ सकते हैं, लेकिन अभी इसकी घोषणा पार्टी की ओर से नहीं की गई है। अंशुल सामान्य वर्ग से हैं, इसलिए सासाराम सुरक्षित लोकसभा क्षेत्र से वे उम्मीदवार नहीं हो सकते हैं।

प्रथम चुनाव से लेकर 1984 तक सासाराम की जनता ने मीरा कुमार के पिता जगजीवन राम को छोड़ दूसरे को मौका नहीं दिया। लेकिन जगजीवन राम के देहांत के बाद दूसरे नेताओं की एंट्री हुई। 1989, 1991 में जनता दल। फिर 1996, 1998, 1999 में बीजेपी को यहां की जनता ने मौका दिया। 2004 में दोबारा कांग्रेस की जीत हुई। मीरा कुमार ने भाजपा के मुनिलाल राम को पराजित किया। 2009 के चुनाव में कांग्रेस की मीरा कुमार ने फिर भाजपा प्रत्याशी को हराया। लेकिन, साल 2014 में बाजी पलट गई और कमल खिला। छेदी पासवान यहां से एमपी बने और लगातार दूसरी बार 2019 में सांसद बने।

## आग लगने से लाखों का नुकसान

**बेतिया (एजेंसियां)।**

बिहार के बेतिया के मैनाटाड़ प्रखंड के मानपुर थाना क्षेत्र के चक्रसन गांव में आग लगने की घटना में लाखों का नुकसान हो गया। इस घटना में घर में रखी 50 हजार रुपये की नगदी जलकर राख हो गई। वहीं, घटना के बाद पीड़ित परिवार का रो-रो कर बुरा हाल है।

जानकारी के अनुसार, चक्रसन निवासी सहरबानी खातून के घर में शनिवार की अहले सुबह आग लग गई। घटना के समय लोग सोए हुए थे। इससे आग की लपटों पर किसी की नजर नहीं पड़ी और आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। इससे घर में रखा अनाज, बर्तन सहित जरूरी सामान सब कुछ स्वाहा हो गया। वहीं, संयोग अच्छा रहा कि गैस सिलेंडर के चपेट में आने के बावजूद भी किसी दूसरे घर में आग नहीं फैली। इसके बाद



ग्रामीणों के अथक प्रयास से आग पर काबू पाया गया।

बताया जा रहा है कि आग लगने की इस घटना में सहरबानी खातून ने अपने पक्के घर के निर्माण के लिए संदूक में पचास हजार रुपये रखे थे। वह रुपया भी जलकर भी स्वाहा हो गए। आग लगने की घटना से सहरबानी खातून पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। वहीं, समाजसेवी सद्दाम आलम ने अंचल प्रशासन से राहत की मांग की है। इधर, सीओ आशीष आनंद ने बताया कि मामले की जानकारी मिली है। पीड़ित परिवार को मुआवजा दिलवाया जाएगा।

### भाकपा महासचिव डी. राजा ने कहा– संवैधानिक संस्थाओं के दुरुपयोग से लोकतंत्र पर खतरा

## केंद्र सरकार को सत्ता से हटाना जरूरी

**पटना (एजेंसियां)।**

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव डी. राजा ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग करना लोकतंत्र और संविधान पर आसन्न गंभीर खतरे की घंटी है।



शुक्रवार को प्रेसवार्ता में उन्होंने कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी, तमिलनाडु में के. पानमुडी को मंत्री पद की शपथ दिलाने से इंकार पर सर्वोच्च न्यायालय की फटकार, इलेक्टोरल बॉन्ड मामले पर कोर्ट की टिप्पणी और इस पर भाजपा की चुप्पी इसका उदाहरण हैं। नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) को लागू करने के लिए चुनावी दौर का चयन सांप्रदायिक ध्रुवीकरण की साजिश का भंडाफोड़ करता है। लोकतंत्र और संविधान को बचाने के लिए यह जरूरी है कि इस चुनाव में केंद्र सरकार को सत्ता से बेदखल किया जाए। इसी उद्देश्य के साथ भाकपा चुनावी समर में इंडिया गठबंधन के साथ उतर रही है। प्रेस वार्ता में रामनरेश पांडेय, रामबाबू कुमार, ओमप्रकाश नारायण, प्रमोद प्रभाकर, राम लाला सिंह, संजय कुमार, विजय नारायण मिश्र, मिथिलेश झा, एम. जब्बार आलम मौजूद थे।भाकपा-माले के महासचिव दीपंकर भट्टाचार्य ने कहा कि मोदी सरकार ने विपक्ष के खिलाफ चौतरफा युद्ध छेड़ दिया है। अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी और कांग्रेस के बैंक खाते को सीज करना, इसके स्पष्ट संकेत हैं। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के बाद अरविन्द केजरीवाल दूसरे ऐसे चुने हुए मुख्यमंत्री हैं जिन्हें गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने कहा कि पिछले दस साल में ईडी द्वारा दर्ज मुकदमों में 95 प्रतिशत विपक्षी नेताओं के ऊपर हैं। स्पष्ट है कि मोदी सरकार की नीतियों के खिलाफ बोलने वाले विपक्षी दल व नेताओं को फंसाया जा रहा है।

# कोईलवर पुल के पास भीषण सड़क हादसा, दो की मौत, सात लोग घायल

**पटना (एजेंसियां)।**

पटना-बिहटा मुख्य मार्ग पर कोईलवर पुल के नजदीक शनिवार की सुबह दो कारों की भीषण टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दो युवकों की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। वहीं सात लोग घायल हो गए। सभी घायलों को बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। घटना के बाद मौके पर काफी देर के लिए अफरातफरी का माहौल बना रहा। सूचना पाकर पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी, बिहटा थाना प्रभारी सहित कई थाने की पुलिस मौके पर पहुंचे और मामले की जांच में जुट गई।




मामले में दानापुर पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी सुश्री दीक्षा ने बताया कि दो कारों के बीच आमने-सामने टक्कर में दो लोगों की मौत हो गई है, जबकि सात लोग घायल हो गए हैं। उन्होंने बताया कि घटना का कारण तेज रफ्तार हो सकती है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। घायलों को अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। वहीं मरने वालों की लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

बताया जा रहा है कि शनिवार को एक कार तेज रफ्तार से पटना से आरा की तरफ जा रही थी। वहीं, दूसरी तरफ आरा की तरफ से एक कार तेज रफ्तार से आ रही थी। कोईलवर पुल के नजदीक परेव गांव के पास दोनों कारों की आमने-सामने भीषण टक्कर हो गई। गाड़ी की रफ्तार इतनी तेज थी कि कार में बैठे नौ लोग बुरी तरह घायल हो गए। इनमें दो लोगों की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। घटना की सूचना मिलते ही आसपास गांव के लोग मौके पर पहुंचे। इस बीच लोगों ने इसकी सूचना बिहटा थाने को दी। सूचना मिलते ही बिहटा थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और बचाव एवं राहत कार्य शुरू कर दिया। बिहटा थाना प्रभारी ने इस मामले में बताया कि सभी घायलों को इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि सभी लोगों की पहचान की जा रही है। समाचार लिखे जाने तक घटनास्थल पर पुलिस मामले की छानबीन कर रही थी।

# बेतिया दरिंदगी मामले में नया मोड़, प्रेम प्रसंग की बात आई सामने

**मुजफ्फरपुर (एजेंसियां)।**

बिहार के बेतिया में हुए सामूहिक दुष्कर्म मामले में नया मोड़ सामने आया है। इस मामले को लोग प्रेम प्रसंग से जोड़ कर देख रहे हैं। वहीं, पीड़िता के बयान पर सामूहिक दुष्कर्म करने के प्रयास का मामला दर्ज हुआ है। घटना पश्चिमी चंपारण जिले के कुमारबाग थाना क्षेत्र की है। जहां बीते गुरुवार को आठवीं की छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म होने की बात उसके परिजनों ने बताई थी। वहीं, पीड़िता ने पुलिस को दिए बयान में सामूहिक दुष्कर्म के प्रयास और मारपीट का आरोप लगाया है। उधर, ग्रामीण सूत्रों के अनुसार मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा हुआ है। इधर, पुलिस ने घटना में शामिल सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

पीड़ित छात्रा ने पुलिस को बताया कि वह अपने घर से गुरुवार की सुबह नौ बजे परीक्षा देने के लिए स्कूल निकली थी। दो घंटे की परीक्षा के बाद वह वापस घर लौट रही थी। उसी दौरान वह घर की ओर एक मंदिर और बगीचा के पास पहुंची। तभी सुनसान जगह पाकर बाइक सवार दूबे टोला जब्दौल निवासी प्रदीप कुमार, बसंत कुमार




और शैलेश पासवान वहां आ गए। फिर तीनों उसके बाल खींचते हुए उसके साथ गलत काम करने के लिए बांसवारी की तरफ ले गए और तीनों मेरे साथ गलत करने को कोशिश करने लगे। विरोध करने पर तीनों ने उसे थप्पड़ और मुक्के से चेहरे पर मारकर जख्मी कर दिया। तब वह बेहोश हो गई। पीड़िता ने बताया कि जब उसकी आंख खुली तो उसने खुद को जीएमसीएच बेतिया में भर्ती पाया तो वह दंग रह गई।

पुलिस ने मामले में इन आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिसमें कुमारबाग थाना क्षेत्र के निवासी प्रदीप कुमार (19), बसंत कुमार (20) और शैलेश पासवान उर्फ शेरू (19) शामिल हैं। सदर एसडीप-ीओ-वन विवेक दीप ने बताया कि छात्रा ने बताया कि तीनों युवकों ने उसके साथ मारपीट की थी। उससे दुष्कर्म नहीं हुआ था। इधर, पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी तीनों युवकों को घटना के महज पांच घंटे के अंदर गिरफ्तार कर लिया था।

उधर, घटना की सूचना पर मुजफ्फरपुर से आई एफएसएल की टीम ने दुष्कर्म के प्रयास के मामले की जांच के लिए खून के नमूने लिए। हालांकि अभी जीएमसीएच में छात्रा का इलाज चल रहा है। वहीं, जीएमसीएच की अधीक्षक डॉ. सुधा भारती ने बताया कि लड़की की स्थिति सामान्य होती जा रही है। फिलहाल वह अभी वह खतरे से बाहर है।

## सीएसपी संचालक से 11.82 लाख की लूट

**पूर्णिया (एजेंसियां)।**

पूर्णिया में बाइक सवार बेखौफ बदमाशों ने एसबीआई के सीएसपी संचालक से गन प्वाइंट पर लूट की वारदात को अंजाम दिया है। हथियारों से लैस बदमाश सीएसपी संचालक से 11 लाख 82 हजार लूटकर फरार हो गए। संचालक डइख ब्रांच से 3 सेंटर का पैसा लेकर लौट रहे थे तभी बाइक सवार बदमाशों ने बाइक को ओवरटेक रोका और हथियार दिखा पैसे से भरा बैग लेकर फरार हो गया।

बदमाशों ने लूट की इस वारदात को कसबा थाना क्षेत्र के मिलन चौक के समीप अंजाम दिया। वहीं, लूट की घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। बदमाशों की धड़ पकड़ के लिए कसबा थाना क्षेत्र के बॉर्डर को सील कर दिया है।

पीड़ित सीएसपी संचालक की पहचान जलालगढ़ थाना क्षेत्र के बोचगांव पंचायत के जलकर गांव निवासी मो. आसिफ के रूप में हुई है।



पीड़ित मो आसिफ डुमरी चौक पर एसबीआई की सीएसपी चलाते हैं।

घटना की जानकारी देते हुए सीएसपी संचालक मो. आसिफ ने बताया कि वे शुक्रवार शाम भारतीय स्टेट बैंक के कसबा शाखा से 6 लाख 18 हजार कैश बैग में सीएसपी सेंटर लौट रहे थे। इस कैश बैग में मो. काशिफ के 3 लाख 17 हजार और बोचगांव के सीएसपी संचालक मो नश्तर के 2 लाख 47 हजार एक सौ रुपए को मिलाकर कुल 11 लाख 862 हजार एक सौ रुपए रखे थे।

इसी बीच मिलनचौक के समीप पल्सर बाइक पर सवार हथियार से लैस दो बदमाश आ धमके। उनकी बाइक को ओवरटेक किया और फिर अपनी बाइक उनके आगे लाकर खड़ी कर दी। जब तक वे कुछ समझ पिस्टल निकालकर गन प्वाइंट पर बैग में रखे 11 लाख 862 हजार रुपए की लूट कर ली। बदमाश कैश बैग लेकर भाग निकलें। जब तक उन्होंने शोर किया और मौके पर लोगों की भीड़ जुटी बदमाश काफी दूर निकल चुके थे। घटना के फौरन बाद उन्होंने कॉल कर पुलिस को घटना की सूचना दी। जिसके बाद कसबा थाना की पुलिस मौके पर पहुंची। लूटकांड को लेकर लोगों से पूछताछ की जा रही है।

वहीं, लूट की वारदात को लेकर जानकारी देते हुए कसबा थानाध्यक्ष अजय कुमार अजनबी ने बताया कि मिलन चौक के निकट 11 लाख 82 हजार एक सौ रुपये की लूट हुई है। पीड़ित सीएसपी संचालक ने लूट की घटना को लेकर कसबा थाना में अज्ञात अपराधियों के खिलाफ लिखित शिकायत दी है। बेहद जल्द इस मामले का खुलासा कर लिया जाएगा।

# बरसाने की होली की बगहा में प्रस्तुत की गई झांकी

**बगहा (वाल्मिकीनगर) (एजेंसियां)।**

बगहा के रामनगर संस्कृत पाठशाला के प्रांगण में शुक्रवार की रात रंगारंग होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। शहर के लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। होली मिलन समारोह के दौरान भक्ति गीत के साथ बरसाने की होली की झांकी प्रस्तुत की गई। कलाकारों ने राधा और कृष्ण की वेशभूषा धारण कर अपने कल के माध्यम से होली की रूपरेखा दर्शायी। साथ ही भोजपुरी और हिंदी गीत पर भी कलाकारों ने अपनी कला की प्रस्तुति की। इस दौरान शहर के विभिन्न वार्डों से आए लोगों ने कार्यक्रम की खूब सराहना की।



कार्यक्रम की अध्यक्षता आचार्य पंडित दिनेश शुक्ला और संचालन सुनील सारंग ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ रामनगर के डॉक्टर किरण शंकर झा, संयोजक पिंटू कुमार, रामनगर सभापति प्रतिनिधि नागेंद्र शाह, उपसभापति प्रतिनिधि सुजल सिंह आदि लोगों ने फीता काटकर शुरू किया।

होली मिलन समारोह के दौरान लोगों ने गुलाल लगाकर एक दूसरे को होली की बधाईयां दी। कार्यक्रम के दौरान कलाकारों में कई अन्य प्रकार की देवी देवत-ाओं से संबंधित झांकियां भी प्रस्तुत की वही कलाकारों में उप-स्थित खेसारी सहित पवन और प्रीति पासवान ने अपने कलाकार भरपूर प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के दौरान संजय मिश्रा, शंभू शाह, हेमराज बैठा, बाला यादव आदि लोग मौजूद रहे।


स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक गोपाल अग्रवाल द्वारा श्री शेषसाई इंटरप्राइजेज प्लॉट नंबर. 98/1, को-ऑपरेटिव इंडस्टीयल एस्टेट, गांधी नगर, बालानगर के पास मेडचेल-मल्काजगिरि जिला. हैदराबाद 500037, तेलंगाना स्टेट से मुद्रित तथा प्लॉट नं. ए-23/5 तथा 6, दूसरा माला, ओपीआईई, बालानगर, हैदराबाद, मेडचल मलकाजगिरी जिला, तेलंगाना राज्य-500037 से प्रकाशित। आर. एन. आई रजिस्टर्ड नं. TELHIN/2019/78163, फोन नं. 040-29551811. E-mail : dailyshubhlabh@gmail.com